दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-259 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

बाबूबरही में वांछित पुलिस अधिकारी चंद्र मोहन सिंह का शव बरामद

मधुबनी (एनएसबी)। बाबूबरही थाना क्षेत्र में 3 नवंबर को गोलीबारी की घटना के बाद से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त सह सहायक अवर निरीक्षक (सअनि) चंद्र मोहन सिंह का शव गुरुवार को बाबूबरही क्षेत्र के एक मैदान से बरामद किया गया।

शव के पास से घटना में प्रयुक्त सर्विस पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर 2026 को बाबूबरही थाना क्षेत्र में स०अ०नि० चंद्र मोहन सिंह द्वारा गोली चलाने की घटना के बाद उनकी

पास से सर्विस पिस्टल भी जब्त



■ 12 विशेष पुलिस टीमों को तलाश के दौरान मिली बड़ी कामयाबी, तीन चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड वीडियोग्राफी के साथ करेगा पोस्टमार्टम

गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर करीब 12 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों के साथ-साथ राज्य से बाहर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थीं। वहीं, दो विशेष टीमें घटनास्थल के आसपास सघन तलाशी और तकनीकी निगरानी में जुटी थीं। इसी दौरान 12 नवंबर को पुलिस को बाबूबरही क्षेत्र के एक मैदान में अज्ञात शव पड़े होने और उससे दुर्गंध आने की सूचना मिली। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2 के नेतृत्व में विशेष टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की। वरीय पुलिस पदाधिकारियों की मौजूदगी में विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव के पास से मिले कपड़े, आधार कार्ड, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य कागजातों के आधार पर मृतक की पहचान वांछित अभियुक्त चंद्र मोहन सिंह के रूप में की गई। एफएसएल टीम के निरीक्षण के दौरान शव के नीचे से उनकी सर्विस पिस्टल भी बरामद हुई। पुलिस ने पिस्टल जब्त करने के साथ घटनास्थल से सभी आवश्यक भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के नमूने विधिवत संकलित किए। पुलिस ने बताया कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का इनक्वेस्ट तैयार किया जा रहा है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तीन चिकित्सकों की मेडिकल बोर्ड टीम गठित की गई है, जो पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम करेगी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

पुलिस के मुताबिक, फिलहाल मृत्यु के वास्तविक कारणों को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। मौत की वजह स्पष्ट करने के लिए इनक्वेस्ट रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बरामद सर्विस पिस्टल की वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी। इन तीनों रिपोर्टों के मिलने के बाद ही मृत्यु की परिस्थितियों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर गहन जांच कर रही है तथा विधिसम्मत अग्रिम कार्रवाई जारी है।

संक्षिप्त खबरें

आरके सिन्हा के श्राद्धकर्म में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जनसंघ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद स्व. डॉ. रविन्द्र किशोर सिन्हा (आरके सिन्हा) के पाटलिपुत्र स्थित आवास अन्नपूर्णा भवन जाकर उनके श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व. सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने स्व. सिन्हा के पुत्र ऋतुराज सिन्हा एवं उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

अमिताभ बच्चन का बंगला फिर उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई में गुरुवार सुबह एक बार फिर अमिताभ बच्चन के बंगला जलसा को बम से उड़ाने की धमकी मिली। एक अफसर के मुताबिक, ईमेल सुबह 10:52 बजे भेजा गया था। इसके सब्जेक्ट में ढठइ की मुंबई ब्रांच में दोपहर 1:11 बजे बम धमाका होने की बात लिखी थी। ईमेल में 27 नवंबर और 31 दिसंबर समेत कई तारीखों का भी जिक्र किया गया। अफसर ने बताया कि ईमेल में मुंबई के कई बैंकों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जलसा को बम से उड़ानें की धमकी वाला 20 दिन में यह तीसरा ईमेल है।

खेग्रामस का राष्ट्रीय सम्मेलन 21 को झारखंड में

पटना। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) का राष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 21-22 नवंबर को झारखंड के गिरिडीह जिले के सरिया में आयोजित होगा। सम्मेलन में देशभर से 1000 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन को भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज, प्रो. डीएम दिवाकर, हैदराबाद के दलित चिंतक लक्ष्मणैया, सामाजिक कार्यकर्ता दयामणि बारला और पूर्व विधायक विनोद सिंह सहित कई प्रमुख वक्ता संबोधित करेंगे। इसके अलावा देश के कई सांसद, विधायक, किसान, मजदूर और महिला नेता अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

विस के नोटिस का जवाब देने के लिए अनंत सिंह ने मांगा समय

पटना। मोकामा विधायक अनंत सिंह इन दिनों अपनी बेटी की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं। इसी का हवाला देकर उन्होंने विधानसभा नोटिस का जवाब देने के लिए समय मांगा है। दरअसल, पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के मामले को लेकर विधानसभा की ओर से मोकामा विधायक अनंत सिंह को नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस में उन्हें सात दिनों के भीतर अपना पक्ष रखने और जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया था। दुलारचंद यादव हत्याकांड में 4 दिसंबर को बाहुबली विधायक को सरेंडर करना है, इसके बाद वो राजनीति में क्या करेंगे इसका खुलासा भी किया है।

यूपी में चंद्रशेखर-ओवैसी की पार्टियों में गठबंधन

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने गठबंधन का ऐलान किया है। इसका नाम सामाजिक परिवर्तन मोर्चा रखा गया है। गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा।गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेसवार्ता में ओवैसी ने कहा कि चंद्रशेखर यूपी में सीएम का चेहरा होंगे। भाजपा को रोकने के लिए हमारा मोर्चा मजबूत विकल्प बनेगा। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि यह तीसरा मोर्चा नहीं, बल्कि पहला मजबूत मोर्चा होगा।

अब आवेदन के 30 दिनों के भीतर मिलेगा राशन कार्ड

■ 1448 नई जविप्र दुकानों के लिए प्रदान की गयी अनुज्ञप्ति

■ सीएम ने नवनिर्गत राशन कार्ड एवं जविप्र दुकानों की अनुज्ञप्ति पत्रों के वितरण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

बुजुर्गों को घर पर ही उपलब्ध कराया जाएगा राशन : सम्राट



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को ज्ञान भवन में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित नवनिर्गत राशन कार्ड एवं उचित मूल्य की दुकानों की अनुज्ञप्ति पत्रों के वितरण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने 23 लाख 75 हजार नये लाभुकों को राशन कार्ड का वितरण किया तथा 1448 नई जन वितरण प्रणाली दुकानों के लिए अनुज्ञप्तियों का वितरण किया। सीएम ने सांकेतिक रूप से कुछ लाभुकों को डमी राशन कार्ड प्रदान किया।

इस अवसर पर सीएम ने कहा कि आज 23 लाख 75 हजार नये लाभुकों को राशन कार्ड तथा 1448 नई जन वितरण प्रणाली दुकानों के लिए अनुज्ञप्तियों का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि बिहार का कोई भी गरीब भूखा नहीं रहे और कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। सीएम ने कहा कि वर्तमान में बिहार में कुल 2.09 करोड़ राशन कार्ड निर्गत हैं, जिनसे लगभग 8.46 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को एक करोड़ नए लोगों को राशन कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था। इस दिशा में अब तक लगभग 24 लाख लोगों को जोड़ा जा चुका है। अभी भी जो पात्र परिवार राशन कार्ड से वंचित हैं, वे आवेदन करें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पात्र आवेदकों को आवेदन के 30 दिनों के भीतर नया राशन कार्ड उपलब्ध करा दिया जाए। इसी क्रम में अगले वर्ष से 75 वर्ष से अधिक उम्र के राशन कार्ड धारी बुजुर्गों को उनके घर पर ही अनाज (राशन) उपलब्ध कराने की व्यवस्था शुरू की जाएगी। इससे बुजुर्गों को राशन प्राप्त करने के लिए अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। सीएम ने कहा कि गरीब लोगों के खाद्य सुरक्षा को लेकर राशन कार्ड बनाये जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत से जोड़ा जा रहा है। गरीबों के लिए अन्य महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं चलायी जा रही हैं। उन्होंने गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज उपलब्ध कराने की व्यवस्था के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गांवों की स्थिति में सुधार और ग्रामीण आधारभूत संरचना के विकास के लिए 22,000 करोड़ रुपये की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। सरकार का संकल्प है कि वर्ष 2030 तक ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे बिहार के लोगों को रोजगार के लिए मजबूरी में दूसरे राज्यों में जाना नहीं पड़े। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी तथा सचिव अभय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

50 करोड़ गरीबों ने गरीबी को हराया : पीएम मोदी



■ बीते दशक में कृषि विकास दर 4% से ज्यादा रही, आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को एक निजी चैनल के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा, 'किसान को सशक्त और स्मार्ट किए बिना खेती को मजबूत करना संभव नहीं है। गरीबी को लेकर वर्ल्ड बैंक की स्टडी आई। इसमें बताया गया कि भारत के 50 करोड़ गरीबों ने गरीबी को मात दी। उन्होंने बताया कि गांवों में बहुत तेजी से गरीबी घटी है। बीते दशक में भारत में कृषि की विकास दर 4% से ज्यादा रही। ये आजादी के बाद पहला मौका है, जब एग्रीकल्चर सेक्टर ने इतनी ग्रोथ हासिल की। इसी दौरान गांवों में बड़ी संख्या में गरीबों ने गरीबी को हराया है। दो दिवसीय सम्मेलन दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ। इसमें 2,000 से ज्यादा किसान, नीति निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और ग्लोबल एक्सपर्ट्स शामिल हुए। श्वेत क्रांति ने भारत को दुनिया का सबसे बड़ा मिल्क प्रोड्यूसर बना दिया है। भारत का दूध उत्पादन पिछले एक दशक में 70% बढ़ा है। अंडे के उत्पादन में 90% का इजाफा हुआ है। शहद का उत्पादन करीब 80 हजार टन से बढ़कर डेढ़ लाख टन हो गया है। हमारे कृषि वैज्ञानिक ऐसे उपकरण बना रहे हैं, जो खेती का खर्च कम कर रहे हैं। बुआई-कटाई आसान हो रही है। हमें अन्नदाता को कृषि उद्यमी बनाना है। जहां उपज होती है, वो वैल्यू एडिशन कैसे हो, इस पर काम चल रहा है। जिन्होंने दशकों तक सरकारें चलाई, वे इतने से ही संतुष्ट हो गए कि किसानों ने अन्न के भंडार भर दिए। सिर्फ अन्न के गोदाम भरना काफी नहीं होता।

न्यूज की तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि न्यूजरूम में कुछ भी असंभव नहीं माना जाता। मोदी ने कहा कि भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर और परिवार की चिंता छोड़कर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है।

हुआंग के बिना Nvidia संकट में, कोलेट क्रेस संभालेंगी कमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की सबसे बड़ी एआइ चिप निमार्ता कंपनी एनवीडिया के प्रमुख जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया। चीन के लिए जासूसी करने के संदेह वाली कारोबारी एलिस हुआंग के साथ हुआंग के कथित संबंधों की जांच अभी चल ही रही थी कि कंपनी की एक वरिष्ठ महिला अधिकारी के साथ भी विवाहेतर संबंधों का मामला सामने आने के बाद हुआंग भारी दबाव में थे। इसके बाद कंपनी का निदेशक मंडल (बोर्ड) उन्हें हटाने पर विचार कर रहा था। बोर्ड ने हुआंग का इस्तीफा स्वीकार करते हुए उनकी जगह मुख्य वित्त अधिकारी कोलेट क्रेस्स को कंपनी का अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है। 1993 में एनवीडिया की स्थापना करने वाले जेन्सेन हुआंग करीब 33 वर्षों से कंपनी का नेतृत्व कर रहे थे। वह कंपनी के करीब 3.6 प्रतिशत शेयरों के मालिक भी हैं। हुआंग से जुड़ी खबरों के सामने आने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में कंपनी के शेयर में 13 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट आ गई।

सोनिया के संस्मरणों पर फिल्म बनाने की तैयारी

हैदराबाद (एजेंसी)। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण पर फिल्म बनाने की तैयारी है। तेलंगाना कांग्रेस के नेता टी. जयप्रकाश रेड्डी उर्फ जग्गा रेड्डी ने गुरुवार को प्रेट्र से बातचीत में कहा, हमने सोनिया जी की किताब पर आधारित फिल्म बनाने का फैसला किया है। हमने इसे तेलुगु, हिंदी और अन्य सभी भाषाओं में बनाने के बारे में सोचा है। यह फिल्म व्यावसायिक उद्देश्य से नहीं बनाई जाएगी। इसके लिए किसी से चंदा नहीं लिया जाएगा। फिल्म का खर्च संगारेड्डी विधानसभा क्षेत्र के करीब 50 कांग्रेस नेता आपसी योगदान से उठाएंगे। जग्गा रेड्डी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

औरंगाबाद में ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन की मौत



औरंगाबाद (एनएसबी)। औरंगाबाद के एनएच-19 पर रतनुआ पेट्रोल पंप के पास आज सुबह ट्रक और स्कॉर्पियो के बीच भीषण टक्कर होने का मामला सामने आया है. इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मृतकों में दो पुरुष और 8 वर्षीय बच्चा शामिल है। मृतकों की पहचान राजकुमार चौहान, रितेश और भगवान दास के रूप में हुई है। राजकुमार चौहान और रितेश पिता पुत्र थे, जबकि भगवान दास राजकुमार चौहान के ससुर थे। मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार चौहान (मृतक) मुंबई में नौकरी करते थे. वह अपनी पत्नी किरण कुमारी और आठ वर्षीय बेटे रितेश (मृतक) के साथ मुंबई से बस पर सवार होकर बनारस पहुंचे थे. वहां से नवादा स्थित अपने गांव जाने के लिए उन्होंने अपने साले नीतीश चौहान और ससुर भगवान दास के साथ स्कॉर्पियो गाड़ी से निकले थे।

नेपाल में 500 मीटर गहरी खाई में गिरी इलेक्ट्रिक वैन, 10 लोगों की मौत

काठमाडू (एजेंसी)। नेपाल के मकवानपुर जिले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गयाो यहां भीमफेदी गांवपालिका-6 स्थित चिसापानी गढ़ी के पास एक यात्रियों से भरी एक इलेक्ट्रिक वैन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई वहीं चार अन्य घायल हो गए।जिले में तैनात सशस्त्र पुलिस बल (APF) के पुलिस अधीक्षक निवान कुमार खड़का ने बताया, 'मृतकों में पांच पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। गुरुवार सुबह वैन भीमफेदी ग्रामीण नगरपालिका-6 के चिसापानी गढ़ी इलाके में सड़क से लगभग 700 मीटर नीचे जा गिरा।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व आज से

पूवार्षाढ़ा नक्षत्र में खरना कल, 16 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य



पटना (एनएसबी)। सनातन धर्म का सबसे पवित्र और कठिन महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी में नहाय-खाय से शुरू हो रहा है। छठ पर्व मुख्य रूप से प्रत्यक्ष देव भगवान भास्कर की उपासना का पर्व है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ सूर्यदेव की बहन हैं। इस महापर्व को करने से परिवार में सुख-शांति, बल, आरोग्य, समृद्धि, सौभाग्य, धन-धान्य व संतान सुख की प्राप्ति होती है। आचार्य राकेश झा के मुताबिक कार्तिक शुक्ल चतुर्थी में मूल नक्षत्र व धृति योग के साथ रवियोग के उत्तम संयोग में नहाय खाय, वहीं शनिवार को पूवार्षाढ़ा नक्षत्र के साथ पुण्यकारी रवियोग में खरना, फिर रविवार को सर्वार्थ सिद्धि एवं रवियोग में संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य में 16 नवंबर सोमवार को वृद्धि योग व सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग का मंगलकारी संयोग बन रहा है। छठ व्रत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से ही चली आ रहा है। वहीं वैदिक पंडित गजाधर झा ने बताया कि छठ महापर्व खासकर शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि का पर्व है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है, जो श्रद्धापूर्वक व्रत-उपासना करते हैं। प्रत्यक्ष देवता सूर्य को पीतल या तांबे के पात्र से अर्घ्य देने से आरोग्यता का वरदान मिलता है। सूर्य की किरणों में कई रोगों को नष्ट करने की क्षमता है।

नहाय-खाय के प्रसाद से दूर होते कष्ट

छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय में छठ व्रती गंगा नदी, जलाशय, पोखर या स्नान जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करके भगवान भास्कर को जलार्घ्य देकर चार दिवसीय अनुष्ठान की सफलता हेतु प्रार्थना करेंगी, फिर पूरी पवित्रता से तैयार प्रसाद स्वरूप अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी, आवलां की चासनी, पकौड़ी आदि ग्रहण कर अनुष्ठान का आरंभ करेंगी। प्रसाद के लिए मंगवाये गये गेहूं को गंगाजल में धोकर सुखाया जायेगा। इस गेहूं में कोई पक्षी, कीड़ा का स्पर्श नहीं हो, इसके लिए खुद व परिवारजन के साथ पारंपरिक लोकगीत गाते हुए इसकी रखवाली करेंगी।

पटना के मोकामा में कुएं से दो किशोरों के शव बरामद



पटना (एनएसबी)। पटना से सटे मोकामा में एक कुंए से 2 बच्चों की लाश मिली है। गांव वालों का कहना है कि कुएं में 4 बच्चों को फेंका गया है। पुलिस 2 अन्य बच्चों की तलाश कर रही है। जिन बच्चों की लाश मिली में उनकी पहचान रजनीश कुमार और मिलन कुमार के रूप में हुई है। घटना मोकामा के बरहपुर गांव की है। गांव के लोगों का कहना है एक महिला बकरी चरा रही थी। वो गांव में आई और उसने सबको कहा कि एक आदमी ने चार बच्चों को मार कर कुएं में फेंक दिया है। वो बच्चों की लाश देखकर बेहोश हो गई। गांव वालों ने महिला की बात पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मोकामा थाना पुलिस और बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) रामकृष्ण कुमार पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से 2 बच्चों की लाश निकाली गई है। अन्य बच्चों की तलाश जारी है। मृतक मिलन की मां ने बताया कि, मुझे पता नहीं है कि कौन फोन किया है। 3 बजे कॉल आया कि तुम्हारे बेटे को मारकर कुंए में गिराया है। मुझे नहीं पता किसने फोन किया था। वहीं रजनीश के पिता रामप्रवेश ने बताया कि उनका लड़का सुबह 7 बजे से लापता था, एक घंटा पहले ही कॉल पर इस बारे में जानकारी मिली।

एक नजर

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए डा. जोशी ने दिए सुझाव

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और शिक्षाविद् ड़ मुरली मनोहर जोशी गुरुवार को शिक्षा मंत्री श्री मिथिलेश तिवारी के आवास पर पहुंचे।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने किया स्वागत, पैर छूकर लिया आशीर्वाद।

शिक्षा मंत्री ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।
इस दौरान शिक्षा मंत्री ने डा. जोशी को बिहार की शिक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों और राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। डा. जोशी ने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने शिक्षा के मूल उद्देश्यों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और भारतीय ज्ञान परंपरा को मजबूत करने पर जोर दिया।
श्री तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डा. जोशी का अनुभव और मार्गदर्शन हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके सुझाव बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने में उपयोगी साबित होंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी, संगठक नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, मंत्री प्रमोद चन्द्रवंशी, सांसद गोपाल जी ठाकुर और विधान पार्षद जीवन कुमार उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति के बाद संविदा पर कार्यरत 67 वर्ष से अधिक उम्र के चार पदाधिकारी सेवामुक्त, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में थे कार्यरत, पूर्व सचिव को कार्यमुक्त करने का निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा विभाग ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में सेवानिवृत्ति के बाद संविदा पर कार्यरत 67 वर्ष से अधिक उम्र के चार पदाधिकारियों को सेवामुक्त करने का आदेश दिया है। सेवामुक्त किए जाने वाले पदाधिकारियों में परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) संजय कुमार (67 वर्ष 9 माह), प्रशासनिक पदाधिकारी-सह-मुख्य निगरानी पदाधिकारी ईश्वर चन्द्र शर्मा (67 वर्ष 8 माह), उप परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक) उमेश कुमार सिंह (67 वर्ष 4 माह) तथा संयुक्त सचिव शिवनाथ प्रसाद (69 वर्ष 3 माह) शामिल हैं। शिवनाथ वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में प्रतिनियुक्त थे। आदेश में समिति के तत्कालीन सचिव प्रमोद कुमार को भी तुरंत कार्यमुक्त करने का निर्देश दिया गया है। शिक्षा विभाग ने समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को आदेश का अनुपालन करने तथा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया है। सक्षम प्राधिकार ने फंडामेंटल रूल्स के नियम 56 (ए) के तहत इन पदाधिकारियों को सेवामुक्त करने की मंजूरी दी है।

नई दिशा परिवार के तत्वावधान में 51 महिलाओं के सामूहिक छठ वत करने वाली परवैतिनो का अभिनन्दन किया गया

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक - सांस्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वावधान में 51 महिलाओं के सामूहिक छठ वत करने वाली परवैतिनो का स्वागत और अभिनन्दन किया गया। समारोह का उद्घाटन विधायक रत्नेश कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ, समाजसेवी राजेश बल्लव, कमलनयन श्रीवास्तव, राजेश राज, नितिन कुमार रिंकु, केतन थिरानी, शशि शेखर रस्तोगी, शिव प्रसाद मोदी, विजय कुमार यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और लोक पर्व छठ की महिमा पर प्रकाश डाला। छठ वत करने वाली महिलाओं के पैर की आति कपड़े पर उकेरी गई। छठ वत का संकल्प लेने वाली महिलाओं ने उपस्थित लोगों को आशीष दिये। कलाकारो ने गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की। दिव्यांका श्री, वासु सिंह के गीतो तथा उजाला राज ने लोगों का मन मोह लिया। रितू राज, मोहित कुमार, परितोष आदि सक्रिय रहे।

रवियोग में नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व आज से शुरू

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सनातन धर्म का सबसे पवित्र और कठिन महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज शुक्रवार को कार्तिक शुक्ल चतुर्थी में नहाय-खाय से शुरू हो रहा है । छठ पर्व मुख्य रूप से प्रत्यक्ष देव भगवान भास्कर की उपासना का पर्व है ।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार छठ सूर्यदेव की बहन हैं । इस महापर्व को करने से परिवार में सुख-शांति, बल, आरोग्य, समृद्धि, सौभाग्य, धन-धान्य व संतान सुख की प्राप्ति होती है । ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश झा ने कहा कि आज मूल नक्षत्र व धृति योग के साथ रवियोगमें नहाय-खाय से चार दिवसीय छठ शुरू हो रहा। धार्मिक मान्यता है कि इस महापर्व में गंगा ान करने से शरीर के सारे विकार, कष्ट विशेषकर त्वचा रोग का नाश हो जाता है । आचार्य राकेश झा के मुताबिक कार्तिक शुक्ल चतुर्थी में आज मूल नक्षत्र व धृति योग के साथ रवियोग के उत्तम संयोग में नहाय खाय, वहीं कल शनिवार 14 नवंबर को पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के साथ पुण्यकारी रवियोग में खरना, फिर 15 नवंबर रविवार को सर्वार्थ सिद्धि एवं रवियोग में संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य में 16 नवंबर सोमवार को वृद्धि योग व सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग का मंगलकारी संयोग बन रहा है । छठ वत करने की परंपरा ऋग्वैदिक काल से ही चली आ रहा है । वैदिक पंडित गजाधर झा ने बताया कि छठ महापर्व खासकर शरीर, मन तथा आत्मा की शुद्धि का पर्व है । वैदिक मान्यताओं के अनुसार नहाय-खाय से छठ के पारण सप्तमी तिथि तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है ।

भू-अर्जन के लिए विशेषज्ञ कैडर, काम होगा आसान, तेज और पारदर्शी : डा. दिलीप कुमार जायसवाल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाओं के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया को अधिक सुगम, तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू-अर्जन निदेशालय के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के कुल 342 नए पदों के सृजन को राज्य मंत्रिपरिषद ने मंजूरी प्रदान की है। 10 नवंबर 2026 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या-19 के तहत यह निर्णय लिया गया।

इस निर्णय के संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि भू-अर्जन एक विशेषज्ञता वाला कार्य है, जिसके लिए प्रशिक्षित और समर्पित मानव संसाधन की आवश्यकता होती है। सरकार का उद्देश्य भू-अर्जन के लिए एक सक्षम विशेषज्ञ कार्यबल विकसित करना है, ताकि भूमि अर्जन से जुड़ी प्रक्रियाएं आसान, तेज और पारदर्शी बन सकें। इसके लिए 342 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इससे भू-अर्जन के कार्यों में अनावश्यक विलंब कम होगा और विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने में मदद मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि बिहार में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, सड़क एवं अन्य आधार भूत संरचनाओं के विस्तार के लिए भूमि की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि अर्जन की प्रक्रिया जितनी व्यवस्थित और समयबद्ध होगी, विकास परियोजनाओं का क्रियान्वयन भी उतनी ही तेजी से हो सकेगा। विशेषज्ञ कैडर के माध्यम से इस पूरी प्रक्रिया को अधिक पेशेवर और जवाबदेह बनाया जा सकेगा। इसका सीधा लाभ राज्य के औद्योगिक विकास और निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने में मिलेगा।



राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल।

342 नए पदों के सृजन को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी विकास परियोजनाओं को मिलेगी गति

भू-अर्जन की प्रक्रिया में विशेषज्ञ मानव संसाधन की उपलब्धता से बढ़ेगी कार्यक्षमता, बेहतर होगी मॉनिटरिंग और समयबद्ध तरीके से पूरी होंगी परियोजनाएं

उन्होंने कहा कि नए पदों के सृजन से भू-अर्जन निदेशालय के मुख्यालय से लेकर जिला भू-अर्जन कार्यालयों तक कार्यबल की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे परियोजनावार प्रगति की नियमित समीक्षा, भूमि अर्जन से संबंधित प्रक्रियाओं का बेहतर समन्वय, अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण तथा कार्यों की प्रभावी मनिटरिंग संभव होगी। पर्याप्त मानव संसाधन रहने से अधिकारियों पर कार्य का दबाव भी कम होगा और प्रत्येक परियोजना पर अपेक्षित ध्यान दिया जा सकेगा।

खबरें

खास-खास

छठ महापर्व पर सांस्कृतिक आयोजन का न्योता लेकर पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के आवास पहुंचीं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह

केदार प्रसाद गुप्ता से मुलाकात कर पटना में छठ पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

लोक संस्कृति और छठ की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर पटना में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भोजपुरी गायिका एवं अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता से मुलाकात की। अक्षरा सिंह गुरुवार को मंत्री श्री गुप्ता के पटना स्थित सरकारी आवास पर पहुंचीं, जहां उन्होंने छठ पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंत्री को आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता से कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी की।



छठ महापर्व पर सांस्तिक आयोजन का न्योता लेकर पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता के आवास पहुंचीं भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह।

मुलाकात के दौरान छठ महापर्व की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्ता को लेकर चर्चा हुई। अक्षरा सिंह ने छठ पर्व को बिहार की पहचान और लोक आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता और प्रति के प्रति सम्मान का संदेश भी देता है। छठ के गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की समृद्ध लोक परंपरा को देश-दुनिया तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है।

उन्होंने पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता को पटना में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की। छठ पर्व के अवसर पर आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों से बिहार की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलने के साथ-साथ लोक कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता से अक्षरा सिंह की यह मुलाकात छठ महापर्व के सांस्कृतिक उत्सव को लेकर महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बिहार की लोक संस्ति, परंपरा और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में ऐसे आयोजन राज्य की विशिष्ट पहचान को और मजबूत करने में सहायक साबित हो सकते हैं। छठ महापर्व की पवित्रता, लोकगीतों की मधुरता और सांस्कृतिक विरासत के संगम से पटना में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह का विशेष केंद्र बनने की उम्मीद है।

छठ की तैयारियों का जायजा लेने प्रमंडलीय आयुक्त ने विभिन्न घाटों का किया निरीक्षण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार ने पटना जिला के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने फतुहा के मस्ताना घाट एवं कटैया घाट, पटना सिटी के बालू घाट एवं कंगन घाट तथा दानापुर के नासरीगंज घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर अब तक की गई तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

प्रमंडलीय आयुक्त ने घाटों पर साफ-सफाई, पहुंच पथ की स्थिति, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किंग तथा श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठवतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने घाटों एवं उनके संपर्क पथों पर विशेष साफ-सफाई कराने, जलस्तर एवं घाटों की स्थिति के अनुरूप पर्याप्त बैरिकेडिंग करने तथा खतरनाक स्थलों को स्पष्ट रूप से चिति रखने का निर्देश दिया। साथ ही, घाटों पर पर्याप्त रोशनी, निर्बाध विद्युत व्यवस्था एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा आवश्यकतानुसार सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो। आयुक्त ने निर्देश दिया कि घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को सुगम एवं सुरक्षित रखा जाए। भीड़ प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। घाटों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी तत्परता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

उत्कृष्ट तबला वादन के पूजा समिति ने स्वयं प्रकाश को किया सम्मानित

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। शहर के गांधी आश्रम में श्री चित्रगुप्त पूजजनोत्सव के मौके पर बुधवार की शाम भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम में वैशाली जिले के साथ अन्य जिलों के नवोदित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। इस क्रम में सारण जिलांतर्गत सोनपुर प्रखंड के मिर्जापुर भरपुरा गांव निवासी संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ के सुपुत्र स्वयं प्रकाश उर्फ मानस ने स्वतंत्र तबला वादन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।



सोनपुर प्रखंड के मिर्जापुर भरपुरा गांव निवासी संगीत शिक्षक गोविंद वल्लभ के सुपुत्र स्वयं प्रकाश उर्फ मानस ने स्वतंत्र तबला वादन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

उच्च विद्यालय,अमनौर के संगीत शिक्षक एवं गुरु सुरजीत सिंह के सानिध्य में तबला का प्रशिक्षण ले रहे नन्हा तबला वादक स्वयं प्रकाश ने तीन ताल में ठेका, दोगुन, पेशकार,टुकड़ा आदि की शानदार प्रस्तुति कर वातावरण को संगीतमय बना दिया।इनके साथ हारमोनियम पर नगमा से संगत सुरजीत सिंह ने दिया। इस उत्कृष्ट तबला वादन के लिए स्वयं प्रकाश को चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से अंग वस्त्र, प्रमाण पत्र एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया।

गौरतलब है कि स्वयं प्रकाश के पिता गोविंद वल्लभ सारण जिला के परसा प्रखंड स्थित परसौना पंचायत में जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय में उच्चतर माध्यमिक संगीत शिक्षक के पद पर कार्यरत है तथा बिहार सरकार के कला , संस्कृति विभाग के उच्च श्रेणी के कलाकार है।स्वयं प्रकाश के तबला वादन की दर्शकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

पूरी सजगता एवं मुस्तैदी से ड्यूटी करने का दिया निर्देश

पटना (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए दीघा घाट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने संयुक्त रूप से ब्रीफिंग करते हुए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को पूरी सजगता, सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी निर्धारित समय से पूर्व अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर ड्यूटी संभाल लें। जब तक घाट पर एक भी श्रद्धालु या व्यक्ति मौजूद रहे, तब तक संबंधित पदाधिकारी अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि छठवतियों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों को यातायात व्यवस्था के लिए निर्धारित रूट प्लान एवं यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यातायात प्रबंधन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा श्रद्धालुओं को आवागमन में अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े।

वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि लोगों की सुरक्षा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह सजग रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने कि



छठ महापर्व को लेकर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग।

रिस्पन्स टीम को पूरे छठ महापर्व के दौरान सक्रिय एवं तत्पर रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

ब्रीफिंग में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट ने भी सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी दंडाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को विशेष रूप से डूबने की घटनाओं की रोकथाम एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने को कहा। नगर आयुक्त यशपाल मीना ने घाटों पर की गई बैरिकेडिंग व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि सभी संबंधित घाटों पर ट्रिपल बैरिकेडिंग की गई है। आवश्यकतानुसार क्रस बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को खतरनाक चिति क्षेत्रों एवं बैरिकेडिंग के आगे किसी भी स्थिति में जाने की अनुमति नहीं दी जाए।

आपदा प्रबंधन विभाग के एडवाइजर जीवन कुमार ने भी छठ महापर्व के सुरक्षित एवं सफल आयोजन के लिए आवश्यक सुझाव दिए तथा सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आष्ट कराया।

भाजपा नेता आरके सिन्हा को राजीव रंजन प्रसाद ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि, पुत्र ऋतुराज सिन्हा को दी सांत्वना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता,सवर्ण आयोग के उपाध्यक्ष एवं ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने अन्नपूर्णा भवन पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय आरके सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने स्वर्गीय आरके सिन्हा के पुत्र एवं भाजपा नेता ऋतुराज सिन्हा तथा परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि आरके सिन्हा का निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि सामाजिक और सार्वजनिक जीवन के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उनका व्यक्तित्व, समाज के प्रति समर्पण और सार्वजनिक जीवन में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि आरके सिन्हा ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज और राष्ट्र के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपनी कार्यशैली, सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक क्षमता से अलग पहचान बनाई। उनके निधन से समाज ने एक अनुभवी मार्गदर्शक और समर्पित व्यक्तित्व को खो दिया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने भी स्वर्गीय आरके सिन्हा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ऋतुराज सिन्हा एवं परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

छठ महापर्व हमारी लोक संस्कृति, सामाजिक एकता और प्रति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम प्रतीक : राजीव रंजन प्रसाद

जीकेसी के भजन कार्यक्रम में छठी मैया की महिमा का हुआ गुणगान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के कला-संस्कृति प्रकोष्ठ की ओर से लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर गुरुवार को भक्तिमय भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छठी मैया की महिमा और भगवान सूर्य की आराधना से जुड़े भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध लोक संस्कृति, सामाजिक एकता, पारिवारिक संस्कार और प्रति के प्रति कृतज्ञता का महापर्व है। भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना से जुड़ा यह पर्व श्रद्धा, पवित्रता, अनुशासन, त्याग और समर्पण का संदेश देता है। छठ की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सर्वसमावेशी परंपरा है, जिसमें समाज के सभी वर्गो के लोग जाति, वर्ग और आर्थिक भेदभाव से ऊपर उठकर एक साथ इस महापर्व को मनाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने में छठ पर्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं, लोकगीतों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना समय की आवश्यकता है। जीकेसी सामाजिक एकजुटता के साथ कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे भक्तिमय आयोजनों से कलाकारों को मंच मिलता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत अगली पीढ़ी तक पहुंचती है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल कलाकारों और सदस्यों की सराहना करते हुए छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की सांस्कृतिक पहचान और जनमानस की गहरी आस्था से जुड़ा है। यह पर्व सामाजिक समरसता, स्वच्छता, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का संदेश देता है। जीकेसी सामाजिक गतिविधियों के साथ कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। जीकेसी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के ग्लोबल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि संगीत और भक्ति हमारी सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण अंग हैं। छठ के पारंपरिक गीतों और भजनों के माध्यम से छठी मैया की महिमा का गुणगान करना लोक परंपराओं को जीवंत रखने का सुंदर माध्यम है। जीकेसी का कला-संस्कृति प्रकोष्ठ ऐसे आयोजनों के जरिए कलाकारों को मंच देने और सांस्तिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमार संभव, श्वेता सुरभि, स्मिता वर्मा, टिया वर्मा, अश्विनी वर्मा, संतोष सिन्हा, डा भवानी शारदे, निशा परासर और डा़ राकेश रंजन ने छठी मैया की महिमा से जुड़े भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मशहूर उद्घोषक अजय अम्बष्ठ और श्वेता सुरभि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कलाकारों को चुनरी भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ड़ा राश दादा रास और आनंद त्रिवेदी मौजूद थे। इस अवसर पर ड़ा रास दादा रास ने अपनी मशहूर नज्म शादमानी शाद मानी पेश किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रभारी निलेश रंजन,राष्ट्रीय सचिव धनंजय प्रसाद,राष्ट्रीय प्रवक्ता मुकेश महान,अमर कुमार सिन्हा, प्रसून श्रीवास्तव समेत जीकेसी के कई पदाधिकारी, सदस्य, कलाकार एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।



राष्ट्रीय लोक मोर्चा की नीतियां सर्व हितकारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा में शामिल होने वालों में नंदकिशोर यादव पब्लिक रिलेशन अफिसर (अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार), प्रवीण कुमार, सोमेश कुमार कुशवाहा, शब्बीर आलम अंसारी (राष्ट्रीय महासचिव अतिपिछड़ा मुस्लिम एकता मंच) शामिल हैं। इन लोगों ने पार्टी की नीतियों और कार्यो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा की नीतियां सर्व हितकारी है

पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता रजनीश कुमार ने बताया कि इस अवसर पर बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री एवं पार्टी के युवा नेता दीपक प्रकाश, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत पंकज, सुभाष चंद्रवंशी, अंगद कुशवाहा, चौधरी बसंत पटेल अंजलि कुशवाहा, इंजीनियर राजकुमार पासवान,रेयाजुद्दीन बखो, अनिल यादव तथा जहानाबाद के जिलाध्यक्ष पिंटू कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



उपेन्द्र कुशवाहा की उपस्थिति में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर नए सदस्यों ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संगठनात्मक कार्यो एवं पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़कर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पार्टी की ओर से उनका स्वागत करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई।

स्वच्छ सर्वेक्षण में लगातार तीसरी बार उपलब्धि

महापौर ने सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

पार्षदों ने महापौर एवं उप महापौर को दी बधाई, निगम मुख्यालय में केक काटकर मनाया उत्सव

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में पटना नगर निगम को मिली उपलब्धि के उपलक्ष्य में गुरुवार को निगम मुख्यालय में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस उपलब्धि को संभव बनाने वाले सफाई कर्मियों के योगदान को सम्मान देते हुए माननीय महापौर श्रीमती सीता साहू एवं माननीय उप महापौर ने उन्हें सम्मानित किया। महापौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में मिले इस सम्मान को नगर निगम के सफाई कर्मियों और जमीनी स्तर पर दिन-रात मेहनत करने वाले प्रत्येक कर्मी को समर्पित किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में मिली यह उपलब्धि पटना नगर निगम के हर उस कर्मी की मेहनत का परिणाम है, जो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है। सफाई कर्मियों का समर्पण और शहरवासियों का सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। लगातार तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल करना गर्व की बात है, लेकिन इसके साथ ही स्वच्छता के स्तर को और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी भी बढ़ी है। उप महापौर ने कहा कि यह सम्मान पूरे पटना नगर निगम परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। सफाई कर्मियों से लेकर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों तक, सभी ने इसमें अपनी भूमिका निभाई है।

संक्षिप्त खबरें

नहाएं-खाए के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व

छठी मईया के गीतो से शहर का माहौल हुआ भक्तिमय, शनिवार को महिला एवं पुरुष छठ व्रतधारी करेंगे खरना, रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे व्रती



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू होगा। छठ व्रतधारी शुक्रवार को आम के दातुन से मुंह धोकर स्नान करेगें। उसके बाद भगवान भास्कर को जल देकर प्रणाम करेगें। तत्पश्चात चावल, चना के दाल एवं लौकी की सब्जी का प्रसाद बनाकर ग्रहण करेगें। इसके बाद आस-पास के लोगों के बीच प्रसाद वितरण करने की परम्परा है। शनिवार को छठ व्रतधारी खरना का व्रत करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। खरना के दौरान शुद्ध आटे से बनी रोटी एवं चावल, गुड़ व दूध से निर्मित खीर बनाकर प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात चंद्रमा को नमन करने की परंपरा है। रविवार को छठ व्रतधारी नदी, तालाब, पोखर, नहर, कुआं, आहर तथा घर की छतो पर अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन हो जाएगा।

दबंगई का आरोप

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। करबासी निवासी श्याम नंदन सिंह उर्फ लेखू सिंह ने पंचायत मुखिया माया देवी पति अंशु सिंह व परिजनों द्वारा गांव में दिखाने के साथ-साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। वरीय पुलिस प्रशासन आवेदन में उन्होंने निष्पक्ष जांच करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नहाए-खाए को लेकर बाजारों में लौकी की हुई बिक्री

आरा(दैनिक नवसंदेश)। चार दिवसीय छठ महापर्व के नहाए-खाए को लेकर गुरुवार को शहर के बाजारों में जमकर लौकी की बिक्री हुई। इस दौरान छठ व्रतधारी लौकी, आम की लकडी व अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी करते दिखें। बाजार में लौकी प्रति पीस साइज के हिसाब से 100 रुपये, 90 रुपये एवं 60 रुपये के भाव से बिका। महापर्व को लेकर गुरुवार को भी छठ घाटों पर साफ-सफाई हुई। शहर के विभिन्न छठ घाटों व सूर्य मंदिरों पर लाइटिंग एवं सजावट का काम शुरू हो गया है।

110 रुपए प्रति 5 किलो भाव से बिकी आम का लकड़ी

आरा(दैनिक नवसंदेश)। महापर्व छठ को लेकर शहर के विभिन्न इलाकों के बाजारों में आम के लकड़ी की जमकर बिक्री हुई। जगह-जगह लोग आम के लकड़ी की खरीदारी करते दिखे। आम की सुखी लकड़ी प्रति 5 किलो 110 रुपए के भाव से बिक्री हुई। पर्व को लेकर आम की लकड़ी की खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही।

सडक दुर्घटनाओं में मुआवज पर संवेदनहीनता का आरोप

सहार (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय जिला पार्षद मीना कुमारी तथा जनसुराज नेता घनश्याम राय ने राज्य सरकार पर सडक दुर्घटनाओं में मौतों पर मुआवजा प्रदान नहीं करने पर खेद जताया है। ग्रामीण बताते हैं कि राजकिशोर चंद्रवंशी के 28 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश कुमार, बृजबिहारी मिश्र की 24 वर्षीय पुत्री निधि कुमारी, हरिचरण सिंह यादव के 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार, तथा गत 11 नवंबर को स्व गोपाल सिंह चंद्रवंशी के 30 वर्षीय पुत्र नागेन्द्र सिंह की मौत मिश्रीचक गांव मोड के समीप हुई सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। अंचलाधिकारी राकेश आनंद ने तीस दिनों के अंदर समुचित मुआवजा प्रदान करने का आश्वासन दिया है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के संवेदनहीनता से ग्रामीणों में असंतोष के साथ आक्रोश व्याप्त है।

बहरी महादेव धाम सहित अन्य छठ घाटों पर होंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल मुख्यालय से सटे ऐतिहासिक बहरी महादेव धाम स्थित सूर्य मंदिर परिसर व ओझवलिया नहर छठ घाट सहित अन्य छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार व पीरो थानाध्यक्ष नरोत्तम चन्द्र द्वारा गुरुवार को सभी छठ घाटों का भ्रमण कर वहां आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व के दिन बहरी महादेव धाम परिसर में वाहनों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। बाहर से वाहन द्वारा यहां आने वाले छठ व्रती व उनके स्वजन अपना वाहन मेन गेट के पास या पेट्रोल पंप के आसपास खड़ी करेंगे। वाहनों की देखरेख के लिए वहां पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। मंदिर परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे साथ ही सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। तालाब के आसपास एसडीआरएफ की टीम मौजूद रहेगी। ओझवलिया नहर छठ घाट,चिलबिलिया नहर, नोनार पोखरा के आस-पास भी कडी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। दूसरी ओर अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय ने छठ घाटों के भ्रमण के क्रम में बहरी महादेव धाम परिसर में चाय दुकानदारों द्वारा लाउड स्पीकर का उपयोग किए जाने पर आपति व्यक्त करते हुए थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम के अलावे कोई अन्य द्वारा मंदिर परिसर में लाउड स्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से यहां छठव्रतियों के लिए किए गए आवश्यक प्रबंध की जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी ने अन्य छठ घाटों का भी भ्रमण कर वहां आने-जाने के रास्तों, साफ-सफाई, प्रकाश, पेयजल आदि व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान किरण उपाध्याप सभापति नगर परिषद् पीरो, मनोज उपाध्याय समेत कई अन्य उपस्थित थे।

खनगांवः सोन तट पर सजेगा आस्था का दरबार

झारखंड नाथ सूर्य मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, पहली बार होगी गंगा आरती



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव गांव स्थित पवित्र सोन नदी के तट पर अवस्थित झारखंड नाथ सूर्य मंदिर में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सोन नदी की अविरल जलधारा और प्राकृतिक वातावरण के बीच स्थित यह ऐतिहासिक सूर्य मंदिर वर्षों से लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां खनगांव, रूपचकिया, कुंजंटोला, हरदास टोला, भैरो टोला, लोदीपुर, गोपालपुर, कोसीहान सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य देने पहुंचते हैं। इस वर्ष 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान शुरू होगा। 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को पहला अर्घ्य और 16 नवंबर को उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। इस दौरान व्रती सोन नदी की पवित्र जलधारा में खड़े होकर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके बाद मंदिर में भगवान भास्कर की परिक्रमा कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे।छठ पूजा समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। समिति के सदस्य मोनू कुमार ने बताया कि छठ घाट की साफ-सफाई के साथ प्रकाश, दातुन, चेंजिंग रूम और कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। सोन नदी में पानी की गहराई और संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षा संकेतक भी लगाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षित सीमा के भीतर ही रहकर अर्घ्य दे सकें।उन्होंने बताया कि इस बार घाट को पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन घाट के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह-जगह डस्टबिन लगाए गए हैं। अर्घ्य के बाद व्रतियों और श्रद्धालुओं को समिति की ओर से निःशुल्क दातुन और चाय उपलब्ध कराई जाएगी। समिति का प्रयास है कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित एवं भक्तिमय वातावरण में सूयोर्पासना कर सकें।

हित नारायण क्षत्रिय प्लस 2 विद्यालय में भव्य पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 2026 का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिला का गौरव हित नारायण क्षत्रिय प्लस 2 विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का 8वां सम्मेलन स्कूल सभागार में हुआ। पूर्ववर्ती छात्रों ने देश-विदेश से आकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। उद्घाटन पूर्व प्रधानाचार्य बृज बिहारी सिंह, पूर्व शिक्षक सुमंत सिंह एवं पूर्ववर्ती छात्र राम सुरेश पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संचालन पूर्ववर्ती छात्र संगठन के संयोजक अमरेंद्र कुमार अध्यक्षता नीरज कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद कुमार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि शैक्षिक जगत में इस संस्थान का योगदान अतुलनीय रहा है, जिससे यहाँ से पढ़कर निकले छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में देश और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। इस अवसर पर 2026 के मैट्रिक और इंटर परीक्षा के टॉपरों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय से पढ़कर आज हम भले ही अलग-अलग जगह पर कार्य कर रहे हैं लेकिन विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आमंत्रण जब भी हमें मिलता है हम अपने सभी काम को छोड़कर अपने मित्रों सहपाठियों के अलावा गुरुजनों से मिलने और इसकी स्कूल की यादों को फिर से ताजा करने के लिए आ जाते हैं। यह संगठन न केवल पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन ही करता है बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में चाहे वह रक्तदान हो या फिर पौधारोपण हो या फिर गरीब और मेधावी बच्चों की वित्तीय मदद करनी हो हमेशा से आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है और यह कार्य भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा। वक्ताओं ने तकनीकी सत्र में संगठन की मजबूती और इसके कार्यों के विस्तार को लेकर भी विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की। समारोह में मुख्य रूप से वरीय सम्पादक अजय कुमार, रवि शंकर श्रीवास्तव, अमित कुमार, निलेश कुमार, निखिल सिंह, रंजीत कुमार बलवंत सिंह, अनिल कुमार सिंह राम अवधेश पांडे, रविकांत राय, जयप्रकाश सिंह, सत्येंद्र शाह, शशि सक्सेना, धर्मेंद्र कुमार, चंदन पांडेय, चंदन कुमार, प्रो अश्विनी कुमार, डॉ रंजीत कुमार, डॉ विजय गुप्ता, डॉ मनीष कुमार, डॉ उमेश कुमार समेत विद्यालय के सैकड़ो पूर्ववर्ती छात्रों का सराहनीय योगदान रहा।

महापौर ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

व्रतियों की सुविधा एवं सुरक्षा को दिए निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था व सूयोर्पासना के महापर्व छठ को लेकर महापौर इंदु देवी ने गुरुवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख छठ घाटो कलेक्ट्रेट तालाब छठ घाट, मझौवा छठ घाट, उजियार टोला छठ घाट एवं बलुअहिया छठ घाट का जायजा लिया। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं एवं व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महापौर इंदु देवी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया, ताकि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। इस मौके पर महापौर इंदु देवी ने समस्त शहरवासियों को लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि छठ महापर्व को पूरी श्रद्धा, आस्था एवं सावधानी के साथ मनाएं। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त अंजू कुमारी, सिटी मैनेजर रत्नेश कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी विकास कुमार, वार्ड संख्या-5 के पार्षद रंजीत सिंह, वार्ड संख्या-4 के पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश साहनी, वार्ड संख्या-12 के पार्षद प्रतिनिधि बबलू श्रीवास्तव, वार्ड संख्या-26 के पार्षद फैज अहमद, वार्ड संख्या-28 के पार्षद प्रतिनिधि पिंटू खान, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक आलोक अंजन उर्फ छोटे, भाजयुमो के जिला महामंत्री आदित्य सिंह आदि, विकास पासवान, बबलू यादव ,संजय झा, प्रमिला देवी, प्रियंका कुमारी, राकेश सिंह, विनोद कुमार,अनिल सिंह, अमर सोनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहें।

चित्रगुप्त पूजन समारोह का हुआ समापन, सहभोज के बाद निकाली गई विसर्जन यात्रा

मझौवा नदी के पास हुआ भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का विसर्जन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। आईएमए भवन में चित्रगुप्त परिवार द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का वार्षिक पूजन समारोह पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शहर के बाबू बाजार स्थित प्राचीन श्री चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न पूजा समितियों द्वारा स्थापित भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्रतिमाओं का मंदिर परिसर में भव्य मिलाप हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूजन कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों के लिए सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इसके उपरांत श्रद्धा एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन मझौवां बांध पर किया गया। आयोजन को सफल बनाने में चित्रगुप्त परिवार के संयोजक डॉ. बी. के. प्रसाद, मुख्य संरक्षक पंकज कुमार, उपाध्यक्ष चंदन श्रीवास्तव, सचिव राकेश रंजन प्रसाद सिन्हा, सह सचिव रवि सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. अमर्त्य राज सिन्हा, डॉ.पीसी सिन्हा एवं डॉ. रोहित प्रियदर्शी, डॉ.बालाजी श्रीवास्तव, डॉ. विकास सिंह सहित चित्रगुप्त परिवार के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चित्रगुप्त परिवार ने आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी समाजबंधुओं, पूजा समितियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही समाज में एकता, भाईचारा, आपसी सहयोग एवं सांस्कृतिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

छह माह के भीतर विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को कराया जाएगा दुरुस्त-श्रीभगवान

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। सरकार के योजना एवं विकास मंत्री सह जगदीशपुर विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा का वीरपुर गांव में नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं व अंगवस्त्र से उनका स्वागत कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि अगले छह महीने के भीतर विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को दुरुस्त करा दिया जाएगा। क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को हर हाल में स्कूल भेजें। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। बच्चों को स्कूल भेजना अभिभावकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही तरक्की करता है और एक बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके पूर्व पटना से वीरपुर जाने के क्रम में सैकड़ों लोगों ने शाहपुर दुर्गा मंदिर के समीप मंत्री के काफिले का भव्य स्वागत किया। इस दौरान जेसीबी के माध्यम से तथा आसपास की इमारतों से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया।

बदमाशों ने खदेड़ कर हवलदार पुत्र समेत दो को मारी गोली, हवलदार पुत्र की मौत



आरा (दैनिक नवसंदेश)। गजराजगंज ओपी के बामपाली बांध के समीप गुरुवार की शाम बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने हवलदार पुत्र समेत दो को खदेडकर गोली मार दी। जिसमें हवलदार पुत्र की मौत हो गई। उसका दोस्त गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक को काफी करीब से चार गोली मारी गई है। अपराधियों की संख्या चार बताई जा रही है। मृतक मुफस्सिल थाना के खजुरिया गांव निवासी सह हवलदार हरेंद्र सिंह का 26 वर्षीय पुत्र ऋतिक कुमार है। वर्तमान में टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा जयनगर मोहल्ले में अपने रहता था। जख्मी धोबहा थाना क्षेत्र के देवड़ी गांव निवासी रामावतार सिंह का 22 वर्षीय पुत्र युवराज सिंह है। दोनों दोस्त बताया जा रहे। मृतक के साथ रहे उसके दोस्त मुकुल सिंह ने बताया कि वह लोग बामपाली अपने दोस्त के घर गए थे और बांध के पास बैठे हुए थे। तभी दो बाइक पर सवार अमन सिंह एवं अमृतांशु अपने दो अन्य दोस्तों के साथ वहां पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गजराजगंज ओपी पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए शहर के बाबूबाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने ऋतिक सिंह को मृत घोषित कर दिया। युवराज सिंह का इलाज चल रहा है। मृतक के दोस्त मुकुल सिंह ने अमन चैधरी एवं अमृतांशु पर वर्चस्व को लेकर अपने दोस्त ऋतिक सिंह की गोली मारकर हत्या करने एवं दूसरे दोस्त युवराज सिंह को गोली मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। जबकि मृतक ऋतिक सिंह की मां ने बताया कि के.जी रोड के लड़कों द्वारा दो दिनों से उनके बेटे को गाली दी जा रही थी। आज भी उसके द्वारा घर के पास आकर गाली-गलौज किया जा रहा था। हालांकि उनके बेटे की हत्या किसने और क्यों की? या स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार मृतक का भी आपराधिक इतिहास रहा है। वर्चस्व कायम करने एवं पूर्व के विवाद को लेकर हत्या करने की चर्चा सामने आ रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था। मृतक के पिता हरेंद्र सिंह सहरसा में पदस्थापित हैं।

लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व ने 50 छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का किया वितरण

डॉ. लतिका प्रकाश की अध्यक्षता में सूप, नारियल, वस्त्र, फल एवं अन्य पूजन सामग्री बांटी गई



आरा (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व के शुभ अवसर पर लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व की ओर से स्थानीय डॉ. लाल क्लीनिक में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायन डॉ. लतिका प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 50 छठ व्रतियों के बीच सूप, नारियल, वस्त्र, फल, मेवा, सिंदूर सहित अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया। क्लब की ओर से प्रतिवर्ष छठ महापर्व के अवसर पर यह पुनीत कार्य किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक लायन मुकुल विकास श्रीवास्तव एवं लायन पूनम कुमारी थे। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. लतिका प्रकाश ने कहा कि लायंस क्लब निरंतर समाजसेवा के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाता रहा है। भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। क्लब का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों को हरसंभव सहयोग प्रदान करना है। लायंस क्लब ऑफ आरा अपूर्व सामाजिक कार्यों के प्रति सदैव समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में लायन डॉ. मधुकर प्रकाश, मृत्युंजय सिन्हा, उपेंद्र कुमार, रश्मि गुप्ता, पूनम कुमारी, सुनील नैय्यर एवं संतोष सहाय सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लोकरस रंग-सह-सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर विशेष बैठक



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर रजत जयंती वर्ष 2026 के अंतर्गत दिसम्बर माह में होने वाले ह्यलोकरस रंग-सह-सम्मान समारोहह्य की तैयारी को लेकर एक विशेष बैठक पवना पंचायत के मुखिया शैलेन्द्र कुमार उर्फ मंटू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने किया। संस्थान के बैनर तले आयोजित बैठक के दौरान मंटू सिंह मुखिया ने होने वाले कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की तथा पूरी जानकारी हासिल करते हुए कहा की मुखिया संघ के अध्यक्ष होने के नाते कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्य मुखियाओं के साथ हमारा भी विशेष सहयोग रहेगा क्योंकि यह लोक कलाकार का कार्यक्रम है। शिक्षक मुन्ना राय, वरिष्ठ रंगकर्मी चंद्रभूषण पांडेय, रंगकर्मी आलोक कुमार सिंह, सरफराज अहमद, नंद किशोर राम, समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, पप्पू सिंह पियनिया आदि ने अभी तक कि हुई तैयारियों पर विचार-विमर्श करते हुए कहा की समय कम है... ऐसे में हमें अब युद्ध स्तर पर लगना होगा। तैयारी समिति की बैठक में कई लोगों ने कार्यक्रम में होने वाले लोहा सिंह के नाटक, स्मारिका के प्रकाशन, गोंड़ नाच तथा लोरिकायन की प्रस्तुतियों, भोजपुरी चित्रकला प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता आदि पर अपना-अपना विचार भी साझा किया तथा साथ हीं कई सुझाव भी दिए। उपस्थित लोगों में विजय सिंह, आयुष कुमार, दीपक कुमार, विशाल सिंह, व्यास कमलेश पासवान आदि प्रमुख थे।

जिलाधिकारी एवं एसपी ने ऐतिहासिक देव सूर्य मंदिर का किया निरीक्षण

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। लोक आस्था के महान पर्व ह्यछठ पूजाह्य को जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न कराने के लिए भोजपुर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह तत्पर है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने संयुक्त रूप से सिकरहट्टा थाना अंतर्गत देव सूर्य मंदिर एवं संबंधित छठ घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान निम्नलिखित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। घाटों पर भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला बलों और दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। छठ व्रतियों के आने-जाने वाले रास्तों की विशेष सफाई, जल छिड़काव और उचित बैरिकेडिंग की व्यवस्था का जायजा लिया गया। घाटों के आसपास कीचड़ या फिसलन वाली जगहों पर बालू डलवाने के निर्देश दिए गये। सभी प्रमुख घाटों पर पर्याप्त उच्च क्षमता वाली स्ट्रीट लाइट और जनरेटर की व्यवस्था की समीक्षा की गई। वहीं गहरे पानी वाले क्षेत्रों में मजबूत बैरिकेडिंग कर उन्हें ह्यडेंजर जोनह्य घोषित करने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत गोताखोरों तथा एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीमों को मुस्तैद रखने को कहा गया है। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (पीरो), थानाध्यक्ष सिकरहट्टा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत के गेट निर्माण में मानकों की अनदेखी, गुणवत्ता पर उठे सवाल

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 में निमार्णाधीन गेट की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि निर्माण में निर्धारित मानक की अनदेखी करते हुए 12 एमएम के सरिया के स्थान पर 8 और 10 एमएम के सरिया का इस्तेमाल किया गया है। वहीं पिलर की कई बार ढलाई किए जाने के कारण उसकी मजबूती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण स्थल पर अब तक प्राक्कलन (एस्टीमेट) तक नहीं लगाया गया है। इससे लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि गेट निर्माण पर कितनी राशि खर्च की जा रही है और निर्माण में किस गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किया जाना है। लोगों ने बताया कि गेट के पिलर और बीम दोनों का लेवल भी सही नहीं है। इसके बावजूद उन पर टाइल्स लगाने का काम किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी किए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नगर पंचायत के समाजसेवी विनय मिश्र ने कहा कि निमार्णाधीन गेट भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रहा है।

संक्षिप्त खबरें

अज्ञात वाहन की ठोकर से दो की मौत।

दरभंगा (एनएसबी)। मधुबनी जिला अंतर्गत सकरी थाना क्षेत्र के गंधवारी निवासी स्नेह कुमार ठाकुर के पुत्र अनुज कुमार ठाकुर उम्र 30 साल को अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गए। आनंद फानन में परिजन उन्हें उठाकर आर बी मेमोरियल दरभंगा में भर्ती कराया। इलाज के क्रम में आज उनका 4:00 सवेरे मौत हो गई बेंता थाना पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया पोस्टमार्टम करने के बाद लाश उनके परिजनों को सौंप दिया गया।दरभंगा जिला के बहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरी गांव के वार्ड 6 निवासी पलटन पासवान के पुत्र सुशील कुमार पासवान उम्र 36 वर्ष को 11 तारीख को किसी अज्ञात बाहर ने ठोकर मार दिया।उसे उठाकर बहेरी पीएससी ले गए लेकिन वह वहीं पर दम तौड दिया।बहेरी थाना पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम होकर लाश उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

पड़री पंचायत में वृक्षारोपण के नाम पर 96,419 रुपये गबन का आरोप

दरभंगा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़री में सरकारी योजना में बड़ा फजीर्वाड़ा मामला सामने आया है. आरोप है कि ग्लोबल ग्रीन मिशन एंबीशन फाउंडेशन के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कराए गए वृक्षारोपण कार्य में बिना एक भी पौधा लगाए ही 96,419.97 रुपये की सरकारी राशि निकाल ली गई.इस संबंध में पड़री पंचायत के बरेडीह गांव निवासी सुनील झा ने जिलाधिकारी, दरभंगा को लिखित आवेदन देकर मामले की जांच और प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सुनील झा का कहना है कि उक्त वर्क कोड उनके नाम से संबंधित दशार्या गया है और इस पर वृक्षारोपण कार्य दिखाया गया है, जबकि मौके पर कोई पौधरोपण हुआ ही नहीं. बावजूद इसके 10-08-2023 को 96,419.97 रुपये की निकासी कर ली गई.आवेदक ने इसे सरकारी राशि का दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी बताते हुए मांग की है कि संबंधित अभिलेखों की जांच, कार्यस्थल का भौतिक सत्यापन, भुगतान की विस्तृत जांच, दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई और गबन की राशि की वसूली कर सरकारी खजाने में जमा कराई जाए.शिकायत के बाद पड़री पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है. ग्रामीणों ने भी मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

पारितोषिक वितरण के साथ दो दिवसीय चित्रगुप्त पुजा हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। प्रखण्ड अन्तर्गत बेरि गाँव में हरिगोबिन्द स्मारक पुस्तकालय स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सरस्वती बाल संगम सह चित्रगुप्त पुजा समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय चित्रगुप्त पुजा पारितोषिक वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। बता दें कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कायस्थ परिवारों के द्वारा अपने आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी महाराज की विधि पुर्वक पुजा अर्चना की।मौके पर चित्रांश परिवार के अलावा अन्य बुद्धिजीवीयों के द्वारा कलम,दवात,पुस्तक, वही, खाता एवं फुल अक्षत आदि सामग्री को पुजा स्थल पर रखकर पुजा अर्चना की।एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागी को आज पारितोषिक वितरण किया गया। जिसमें गणित में प्रथम स्थान संजू कुमार ठाकुर, आरूषि कुमारी,,आश्मीन खातून, कुर्सी रेस दीपक कुमार, मोहित कुमार मोमबत्ती रेस में सोना कुमारी नाजनी कुमारी,सुई धागा रेस में सोना कुमारी जनीशा खातुन ,रस्सी खुद में सलमा खातून,नाजनीन खातून,दौड़ में रवि कुमार भगत सत्यम कुमार मुखिया, मोहित कुमार शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कांपी,कलम,मेडल सहित प्रमाण पत्र प्राप्त कीया। वहीं संस्था के आशुतोष कुमार चौधरी, रितिक रौशन, आदित्य आनंद अंशु कुमार ऋषिकेश सहित कई कार्यकर्ता का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर सरस्वती वाल संग के सचिव, सत्येन्द्र कुमार सुमन अवकाश प्राप्त शिक्षक श्री दिनेश नारायण चौधरी रमानन्द चौधरी गणेश पाठक जय कृष्ण पाठक , धन्यवाद ज्ञापन किया।

दरोगा की खुली पोल, खुद अपने हाथ में मारी थी गोली

दरभंगा (एनएसबी)। सकतपुर थाना में पदस्थापित सहायक दरोगा रणधीर कुमार को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोली मारने की चर्चा तेजी से हो रहा था लेकिन रणधीर कुमार खुद अवैध हथियार भी पास में रखते थे जिससे उनके पैर में गोली लगी थी। मामला सामने आने के बाद तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया है और गिरफ्तारी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वही दो अन्य पुलिसकर्मी को भी निलंबित किया गया है। अन्य दो होमगार्ड पर कार्रवाई के लिए एसएसपी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। बता दें कि 5 नवंबर 2026 को गस्ती के दौरान सहायक दरोगा रणधीर कुमार को पैर में गोली मारने की बात सामने आई थी। जिन्हें आनन फानन में इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा है। एफएसएल जब जांच की थी तो गोली का अगला भाग थाना के गाड़ी के गेट में मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए टेक्निकल सेल सहित अन्य टीम को लगाया गया था। अवैध हथियार थाना परिसर से बरामद किया गया। मामले को छुपाने को लेकर एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी ने गंभीरता से लेते हुए सहायक दरोगा रणधीर कुमार, ड्राइवर निलेश कुमार, महिला सिपाही मधु कुमारी, होमगार्ड के जवान लक्ष्मण पासवान व चंदन कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। आखिर सहायक दरोगा अवैध हथियार अपने पास क्यों रखते थे। इसकी भी तहकीकात की जा रही है। वहीं उनके साथ गस्ती करने वाले सिपाही और ड्राइवर अवैध हथियार के बारे में अपने अधिकारियों को क्यों नहीं सूचना। ऐसा ना हो कि यह लोग किसी गलत घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे हों। रिपोर्ट आने के बाद सकतपुर थाना में कांड संख्या 142/26 दर्ज किया गया है। मामला दर्ज होने के साथ हीं सहायक दरोगा रणधीर कुमार को गिरफ्तार करने के लिए अनुसंधानक के द्वारा आदेश लिया जा सकता है। रणधीर कुमार जहां भी पदस्थापित रहे हैं उनकी चरित्र की भी सत्यापन की जानी चाहिए। उनके संपत्ति का भी जांच किया जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि यह अवैध हथियार के बल पर कोई गलत कार्य तो नहीं कर रहे थे। यदि पुलिस वाले हीं अवैध हथियार रखेंगे तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित रहेंगे।

चित्रगुप्त पूजा समिति, वेलादुला द्वारा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ चित्रगुप्त पूजा का आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। चित्रगुप्त पूजा समिति, वेलादुला की ओर से राम जानकी मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील कुमार दास ने की। इस अवसर पर उपस्थित चित्रांश समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख, शांति, समृद्धि एवं समाज के कल्याण की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के सचिव नर्मदेश्वर नाथ, कोषाध्यक्ष सह पूजा प्रभारी राजेश कुमार लाल दास, अर्जुन करण, शिव कुमार लाल दास, शुभेंद्र लाल दास, विद्याकांत दास, मिथिलेश मलिक एवं मनीष कुमार सहित दर्जनों चित्रांशों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।इस अवसर पर समाज के लोगों ने आपसी एकता, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय चित्रांश समाज के लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

नगर पंचायत बिरौल में छठ घाटों की साफ-सफाई तेज



छठ घाट का जायजा लेते मुख्य पार्षद विनोद बम्पर।

बिरौल (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत बिरौल में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत बिरौल के मुख्य पार्षद विनोद बम्पर ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 25 छठ घाटों पर साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। सभी प्रमुख घाटों की सफाई, आसपास की गंदगी हटाने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो।उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के मंदिर घाट, रेलवे स्टेशन, राधा-कृष्ण मंदिर, भरही, बगही, जनपट्टी, कारीगाछ, पीएनबी, खेवा टोला, वनदेवी नगर, वार्ड नंबर-4, वार्ड नंबर-6, खोवा टोला, गाछी टोला, सूरत टॉकीज के पीछे, मलिक टोला, दुर्गा मंदिर बलिया और शिव मंदिर बलिया सहित विभिन्न स्थानों पर छठ घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है। मुख्य पार्षद ने कहा कि छठ महापर्व लोगों की आस्था और श्रद्धा से जुड़ा हुआ है। इसलिए नगर पंचायत प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी घाटों पर समय से साफ-सफाई पूरी कराई जाए, ताकि श्रद्धालु स्वच्छ और बेहतर माहौल में छठ पूजा कर सकें।

बालगृह आश्रम में आर्थिक संकट से जूझ रहे सुरक्षा कर्मी

चार महीने से वेतन और ड्यूटी से मुक्ति का इंतजार कर रहे होमगार्ड जवान

दरभंगा (एनएसबी)। जिले के बालगृह आश्रम में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान पिछले करीब चार महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर भी वेतन नहीं मिलने से जवानों और उनके परिवारों की खुशियां फीकी पड़ गईं। अब छठ महापर्व सामने है, लेकिन बकाया भुगतान नहीं होने से जवानों के सामने पर्व मनाने तक की चिंता बनी हुई है। बताया जाता है कि बालगृह आश्रम में लगातार चार महीने से होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि जवानों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही ड्यूटी से मुक्त करने (विरमित करने) की प्रक्रिया आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। जवानों के अनुसार, यदि किसी होमगार्ड को दूसरे स्थान पर ड्यूटी के लिए तैनात किया जाता है तो सामान्यतः दो महीने पर उन्हें विरमित कर दिया जाता है। इसके बाद उनकी ड्यूटी दूसरे स्थान पर लगाई जाती है। लेकिन दरभंगा बालगृह आश्रम में चार महीने बीत जाने के बावजूद किसी जवान को विरमित करने की चर्चा तक नहीं हुई है। इससे वहां तैनात जवानों में असमंजस और परेशानी बनी हुई है।

हालांकि जवानों की सबसे बड़ी चिंता ड्यूटी से विरमित नहीं होना नहीं, बल्कि चार महीने से वेतन नहीं मिलना है। वेतन के अभाव में उन्हें राशन, भोजन और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करने में भी कठिनाई हो रही है। कई जवानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। ऐसे में लगातार चार महीने तक भुगतान नहीं होने से उनके परिवारों का घरेलू बजट भी बिगड़ गया है।इस समस्या की जानकारी तब सामने आई, जब बालगृह आश्रम में तैनात कई होमगार्ड जवानों के पिता आपस में बातचीत कर रहे थे। बातचीत के दौरान पता चला कि उनके बेटे ड्यूटी करने के बावजूद चार महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण घर से पैसे मांग रहे हैं। जवानों द्वारा बार-बार अपने पिता और परिजनों से राशन-पानी तथा अन्य जरूरी खर्चों के लिए पैसे मांगने की बात सामने आने के बाद इस समस्या की चर्चा शुरू हुई। कुछ जवानों के परिवारों की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि वे भी अपने बेटों को नियमित रूप से आर्थिक मदद देने में असमर्थ हैं। जवानों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि जिले में अन्य स्थानों पर ड्यूटी करने वाले होमगार्ड जवानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर भुगतान और विरमित करने की व्यवस्था होती है, लेकिन बालगृह आश्रम में तैनात जवानों को चार महीने से इन दोनों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सबसे हैरानी की बात यह है कि परेशानी झेलने के बावजूद जवान खुलकर विभाग में शिकायत करने से कतरा रहे हैं। उन्हें आशंका है कि शिकायत करने पर भविष्य में उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी डर से वे अपनी समस्या विभागीय अधिकारियों के सामने रखने से बच रहे हैं और आपस में ही इसकी चर्चा करते रहते हैं।होमगार्ड जवानों का कहना है कि वे अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं। इसके बावजूद समय पर मेहनताना नहीं मिलना उनके साथ अन्याय जैसा है। सवाल उठता है कि चार महीने तक वेतन नहीं मिलने पर जवान अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे? दीपावली जैसे पर्व पर आर्थिक तंगी झेलने वाले इन जवानों के सामने अब छठ महापर्व मनाने की चुनौती है। ऐसे में संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस मामले में गंभीरता से पहल करनी चाहिए। बालगृह आश्रम में तैनात होमगार्ड जवानों के लंबित वेतन का जल्द भुगतान कराने के साथ ही चार महीने से लगातार ड्यूटी कर रहे जवानों को नियमानुसार विरमित करने की प्रक्रिया भी पूरी की जानी चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी से राहत मिल सके।

मैथिली ठाकुर के पिता से जुड़े जमीन विवाद में डीसीएलआर की कार्रवाई

डिवाइडर व खरंजा तोड़ने का आदेश

- पोखरभिंडा में विवादित जमीन की मापी और सीमांकन
- दोनों पक्षों को 14 नवंबर को जनता दरबार में बुलाया



जायजा लेते पदाधिकारी।

तारडीह (एनएसबी)। पोखरभिंडा में भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर के पिता रमेश ठाकुर से जुड़े जमीन विवाद में गुरुवार को प्रशासनिक कार्रवाई हुई। डीसीएलआर अजय कुमार ने सीओ आलोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों के साथ विवादित स्थल का निरीक्षण किया। दोनों पक्षों और ग्रामीणों से पूछताछ के बाद जमीन का मुआयना कर विवादित हिस्से को चिह्नित किया गया। इसके बाद मुख्य गेट के बाहर बने डिवाइडर को तोड़ने और खरंजा उखाड़ने का आदेश दिया गया।

आदेश मिलते ही मजदूरों ने काम शुरू कर दिया।डीसीएलआर अजय कुमार ने बताया कि विवादित जमीन की मापी कराई जा रही है। अंचल अमीन से शाम तक मापी रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है। जमीन से संबंधित कागजात के आधार पर निष्पक्ष तरीके से मामले का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने दोनों पक्षों को 14 नवंबर (शनिवार) को जनता दरबार में जमीन के दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा है।इधर, आवेदक गगन जी मिश्र ने आरोप लगाया कि उनकी निजी 12 धुर जमीन पर रातोंरात जबरन चहारदीवारी और गेट बना दिया गया। सुबह जानकारी मिलने पर जब उन्होंने मौके पर पहुंचकर रमेश ठाकुर से इस संबंध में बात की तो उन्हें तरह-तरह की धमकियां दी गईं। आवेदक के अनुसार, उन्हें वहां से चले जाने और विभिन्न मामलों में फंसा देने की धमकी दी गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दो-तीन बार उनके घर पर पुलिस प्रशासन भेजकर उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया गया।प्रशासन की ओर से जमीन का सीमांकन कराकर विवादित हिस्से को चिह्नित किया गया है। अब दोनों पक्षों के कागजात और अमीन की मापी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. मुरली मनोहर जोशी से मिलकर सांसद ने किया सम्मानित



डॉ. मुरली मनोहर जोशी को सम्मानित करते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

दरभंगा (एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी भारतीय राजनीति के आदर्श व्यक्तित्व तथा शिखर पुरुष हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी जी के प्रधानमंत्रित्व काल में इन्होंने देश में शिक्षा के आधुनिकरण की जो नींव रखी वह आज वरदान साबित हो रहा है।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुरली मनोहर जोशी को सम्मानित करने के बाद उपरोक्त विचार व्यक्त किए।सांसद डॉ ठाकुर ने भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ जोशी से मुलाकात के क्रम में मिथिला की परंपरा के अनुसार उन्हें पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया तथा पुष्पगुच्छ भी भेंट की।सांसद डॉ. ठाकुर ने डॉ जोशी के व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि कहा कि जोशी जी का शैक्षणिक, बौद्धिक एवं राजनीतिक जीवन देश की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। सांसद डॉ ठाकुर जी मानव संसाधन विकास मंत्री के रूप में डॉ जोशी के योगदानों को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय शिक्षा व्यवस्था के विकास, आधुनिकीकरण, वैज्ञानिक सोच तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण कार्य किए जिसका परिणाम है कि देश में बेहतर शैक्षणिक माहौल आज दिखाई दे रहा है।सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि डॉ. जोशी जैसे अनुभवी एवं विद्वान व्यक्तित्व का मार्गदर्शन देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है तथा इनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, शिक्षा, शोध एवं संगठनात्मक कार्यों के प्रति समर्पित रहा है।

महिलाएं अपने दम पर खींचती हैं नई लकीरें : किरण कुमारी

दरभंगा (एनएसबी)। समाज को दिशा देने में महिलाओं की भूमिका भी कम नहीं है।ये अपने दम पर नई लकीरें खींचने का हिम्मत रखती हैं। यह बातें दरभंगा चित्रगुप्त सभा, दरभंगा के महिला संभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में शामिल महिलाओं ने कही। उन्होंने सामाजिक बदलाव में कायस्थ महिलाओं का योगदान विषय पर चर्चा की।वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं अपने घरों से ही समाज सुधार का विचार रोपण आरंभ करती है।

इसका प्रमाण कई स्थानों पर हमें तब मिला जब महिलाओं ने ऐसा कर दिखाया जो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। आज जल थल और नभ तीनों जगह महिलाओं की भूमिका किसी से कम नहीं, चाहे खेल का मैदान हो या घर आंगन हर जगह महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है जिससे समाज को नहीं दिशा मिली है। कार्यक्रम में दरभंगा चित्रगुप्त सभा, महिला संभाग की सचिव सरोज कुमारी, रत्ना श्रीवास्तव, प्रिय वरुण कर्ण,नीलम दत्ता,सीमा श्रीवास्तव, रीता सिन्हा,रूपम सिन्हा,युवा कलाकार माधुरी कुमारी सहित अन्य महिलाओं ने अपनी भागीदारी दी और चर्चा के दौरान विभिन्न पहलुओं पर अपने अपने विचार रखें।



दरभंगा चित्रगुप्त सभा महिला संभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

छठ महापर्व के बीच न्यास समिति की बैठक रखने पर उठा सवाल

दरभंगा (एनएसबी)। छठ के दिन रखी गई न्यास समिति बैठक पर सवाल उठने लगा है। लगभग आठ माह पश्चात हो रही है न्यास की बैठक ने व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। बिहार राज्य धार्मिक न्यास अधिनियम 1950 के अनुसार प्रत्येक तीन माह पर होनी चाहिए सदस्यों की बैठक तथा इसकी सूचना दस दिन पूर्व निर्गत होनी चाहिए।न्यास समिति के कई सदस्य रखते हैं छठ का विधिपूर्वक व्रत जिन्हें छठ के दिन पूर्वाह्न में आयोजित बैठक में उपस्थित होने में होगी कठिनाई।उक्त बैठक को लोक आस्था के महापर्व छठ के दिन रखने को एवं प्रभारी प्रबंधक रमानाथ झा द्वारा समय पर सूचना नहीं देने को लेकर न्यास समिति के उपाध्यक्ष द्वय पंडित कमलाकांत झा, प्रो.जयशंकर झा,सह-सचिव प्रो. श्रीपति त्रिपाठी एवं सदस्य द्वय डॉ.संतोष कुमार पासवान तथा डॉ. अरुण कुमार गिरी ने एतराज जताया।

हिंदी समाहार मंच ने मनाया शिक्षाविद स्व. प्रो. रामचंद्र प्रसाद का स्मृति समारोह

दरभंगा (एनएसबी)। हंदी समाहार मंच, दरभंगा की ओर से भातृ द्वितीया, चित्रगुप्त पूजा सह पूर्व प्राध्यापक शिक्षाविद प्रो. रामचंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर बंगलगढ़ स्थित डॉ. राज रंजन प्रसाद के आवास पर विचार गोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कवियत्री प्रिया वरूण को डा सीमा प्रसाद ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में साहित्यकारों, कवियों एवं गणमान्य लोगों ने प्रो. रामचंद्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी समाहार मंच के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौधरी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रो. रामचंद्र प्रसाद जैसे शिक्षाविद् और विद्वान समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनका जीवन ज्ञान, शिक्षा, संस्कार और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की सच्ची पुण्यतिथि तभी सार्थक होती है, जब हम उनके विचारों, आदर्शों और जीवन-मूल्यों को अपने आचरण में उतारें। इस अवसर पर स्व प्रो राम चन्द्र प्रसाद के पुत्र डॉ. राज रंजन प्रसाद ने अपने पिता को स्मरण करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि पिता केवल परिवार के मुखिया नहीं होते, बल्कि वे जीवन की दिशा दिखाने वाले प्रथम गुरु और संस्कारों के आधार होते हैं। आज उनकी पुण्यतिथि पर उपस्थित विद्वानों एवं साहित्यकारों द्वारा उनके प्रति व्यक्त सम्मान और श्रद्धा देखकर मन भावविभोर है। पिता जी ने अपने जीवन में शिक्षा, अनुशासन, सादगी और मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखा। उनके विचार और दिए गए संस्कार आज भी हमारे परिवार के लिए मार्गदर्शक हैं। उनकी शारीरिक अनुपस्थिति अवश्य खलती है, लेकिन उनके आदर्श और स्मृतियाँ सदैव हमारे बीच जीवित रहेंगी। गोष्ठी में उपस्थित वक्ताओं ने प्रो. रामचंद्र प्रसाद के शैक्षणिक योगदान, सरल स्वभाव, विद्वत्ता और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व अपनी कर्मनिष्ठा और विचारों के माध्यम से समाज में अमिट छाप छोड़ जाते हैं। मंच के सचिव अमिताभ कुमार सिन्हा ने कुशलतापूर्वक कार्यक्रम का संचालन किया।विचार व्यक्त करने वालों में साहित्यकार हीरा लाल सहनी, शेखर कुमार श्रीवास्तव, साधु शरण भगत, डॉ विश्वनाथ ठाकुर,पत्रकार पुनीत कुमार सिन्हा, रमण कुमार झा , रंजीत कुमार श्रीवास्तव आदि प्रमुख थे। इसके पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रद्धांजलि, जीवन-दर्शन, सामाजिक संवेदना और साहित्यिक चेतना को स्वर दिया। कविताओं और काव्य-पाठ ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर किया।कार्यक्रम में डॉ. सतीश चन्द्र भगत, अमिताभ कुमार सिन्हा, सूबेदार नन्द किशोर साहू, साधु शरण भगत, डॉ. हीरालाल सहनी, निजाम बख्श, डॉ. विश्वनाथ ठाकुर, अमरजीत अमर, बैद्यनाथ पोदार, मुश्ताक इकबाल, अतुल कुमार मिश्रा, मुकेश झा सोनू, रणजीत कुमार श्रीवास्तव, बद्री शर्मा, पुनीत कुमार सिन्हा, प्रिया बरुण कुमार, पबरुण कुमार एवं आशीष अकिंचन सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कुमार अनुराग ने किया।



संबोधित करते डॉ आर आर प्रसाद,साथ मे समाहार मंच के पदाधिकारीगण।

राशन कार्ड निर्माण अभियान, जिले में 63,860 नये राशन कार्ड सृजित

मधुबनी (एनएसबी)। जिले में खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जरूरतमंद एवं पात्र परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राशन कार्ड निर्माण एवं वितरण का कार्य मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में जिला अंतर्गत कुल 63,860 नये राशन कार्ड सृजित किए गए हैं। इनमें से 11 नवनिर्मित राशन कार्ड का वितरण जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा के कर-कमलों द्वारा किया गया।

यह अवसर माननीय मुख्यमंत्री, बिहार श्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में पटना स्थित ज्ञान भवन में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह का था। इस समारोह में नए राशन कार्ड एवं नए जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं को अनुज्ञप्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से मधुबनी जिले के जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री कुमार दीपक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं लाभार्थी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद परिवार राशन कार्ड से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि इस उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाए तथा राशन कार्ड के लिए योग्य परिवारों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र आच्छादित किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न सुरक्षा सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता है। इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति एवं परिवार तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न का नियमित वितरण सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए। खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए उन्होंने निरीक्षण, निगरानी एवं नियंत्रण की सुदृढ़ व्यवस्था रखने तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न समय पर उपलब्ध होना चाहिए तथा वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की शिकायत या अनियमितता की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



बैठक करते जिलाधिकारी।

■ कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद परिवार राशन कार्ड से वंचित नहीं रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाकर योग्य परिवारों को शीघ्र आच्छादित करें : जिलाधिकारी

■ खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के साथ निगरानी, निरीक्षण एवं नियंत्रण व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश

अनुमंडलवार 63,860 नए राशन कार्ड सृजित

जिला अंतर्गत सृजित कुल 63,860 नए राशन कार्ड में मधुबनी अनुमंडल में 16,017, बेनीपट्टी अनुमंडल में 14,510, झंझारपुर अनुमंडल में 12,164, फुलपरास अनुमंडल में 12,470 तथा जयनगर अनुमंडल में 8,699 नए राशन कार्ड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में वर्तमान में कुल राशन कार्डधारियों की संख्या 9,62,051 है। वहीं, खाद्यान्न वितरण की जिम्मेदारी संभालने वाले जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की कुल संख्या 2,184 है।

पारदर्शी खाद्यान्न वितरण के लिए तकनीक का उपयोग

खाद्यान्न सुरक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जन वितरण प्रणाली में पीओएस (ढङ्कर) मशीन, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी जैसी तकनीकी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इनके माध्यम से लाभार्थियों की पहचान, राशन वितरण एवं पात्रता से संबंधित प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इन व्यवस्थाओं का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी की पात्र परिवारों से अपील

जिलाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जिले के सभी योग्य एवं इच्छुक परिवारों से अपील की है कि जिन परिवारों के पास अभी तक राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है तथा जो सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता मानकों को पूरा करते हैं, वे राशन कार्ड के लिए स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी ई-केवाईसी भी अवश्य पूर्ण कराएं।

उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवार आगे आएं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करें, ताकि उन्हें खाद्यान्न सुरक्षा योजना से जोड़ा जा सके। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी योग्य एवं जरूरतमंद परिवार खाद्यान्न सुरक्षा के लाभ से वंचित न रहे तथा प्रत्येक पात्र परिवार को नियमित रूप से निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध होता रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि राशन कार्ड निर्माण से लेकर खाद्यान्न वितरण तक की पूरी व्यवस्था को पारदर्शी, सुगम एवं प्रभावी बनाना सुनिश्चित किया जाए।

संक्षिप्त खबरें

घर से बुलाकर गोली मारकर युवक की हत्या कर दी

फुलपरास (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में बाइक सवार तीन अपराधियो(जान पहचान) ने घर से बुलाकर गोली मारकर युवक की हत्या कर दी।मामले में मृतक शैलेन्द्र यादव की पत्नी के आवेदन पर तीन लोगों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी भेज दिया और घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।जानकारी के मुताबिक फुलपरास थाना क्षेत्र के सिमरा गांव स्थित स्व घूरन यादव के पुत्र शैलेन्द्र यादव के घर पर बुधवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे एक बाइक पर सवार तीन अपराधी(जान पहचान) पंहुचा।तीनो ने उन्हें बुलाकर बाहर ले गया और घर से 50 कदम की दूरी पर सर में पीछे से गोली मार दिया।जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई लेकिन परिजन आनन फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल ले गया,जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी बयान के अनुसार पैसे के लेन देंन में हत्या की गई है।इधर घटना के बाबत क्षेत्र में एक चर्चा यह भी है कि घटना का सरगना थाना क्षेत्र के गोढियारी निवासी विवेक कुमार मृतक शैलेन्द्र यादव से ब्रह्मपुर चौक पर काम करने के एवज में रंगदारी की मांग कर रहा है।सूत्रों के मुताबिक शैलेन्द्र एक आध बार कुछ पैसा रंगदारी के तौर पर उन्हें दिया भी था।लेकिन इधर के दिनों में नही दे रहा है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक विवेक का आपराधिक इतिहास रहा है और कुछ दिनों पहले ही गोलीकांड में जेल भी गया था और बेल के बाद पटना में रह रहा था जो शाद दीपावली के दिन गांव आया था तो शैलेन्द्र भी शराब तस्करी के केस में जेल गया था और कुछ दिनों पहले ही बाहर आया था।

लदनियां मुख्य बाजार में रश्मि मार्ट का ग्रैंड ओपनिंग



उद्घाटन करते।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के एकलौते बाजार में रश्मि मार्ट का ग्रैंड ओपनिंग बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी अरुण सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक उमाकांत यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य सह राजद के प्रदेश महासचिव राम अशीष पासवान, लदनियां प्रखंड के पूर्व प्रमुख भोगेंद्र यादव के उपस्थित में मार्ट के असली मालिक अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष रामनाथ यादव, जगदीश यादव , पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार, सरपंच बिरेंद्र कुमार, पूर्व मुखिया अमर बहादुर कामत,पीटीओ बिरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उक्त मार्ट का संचालक अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेंद्र यादव के छोटा पुत्र रंजन कुमार है। पूर्व विधायक प्रो उमाकांत यादव ने इस मार्ट को सीमावर्ती क्षेत्र में एक ऐतिहासिक रोजगार व बाहरी आर्थिक दवाउ से बचते हुए सुगमता पूर्वक सस्ता दर पर समान खरीदारी कर एक छत के नीचे सभी प्रकार की उपयोगी वस्तुएं उपलब्ध रहने एवं समान खरीद कर गांव घर में बेचने का अवसर मिलेगा और लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा।

देव मित्रों के साथ बेलाही गांव में भागवत ज्ञान यज्ञ शुरू



कलश शोभायात्रा।

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड के बेलाही गांव में आयोजित साप्ताहिक भागवत महापुराण कथा प्रवचन के प्रथम दिन गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई। कन्या, महिला व अन्य श्रद्धालुओं ने यज्ञाचार्य पंडित पवन शास्त्री की देखरेख में पवित्र मुनहरा बलान नदी में जल भरकर कलश की स्थापना यज्ञ स्थल परिसर में की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य ने कहा कि भागवत स्वयं है। भक्ति से शक्ति मिलती है। ऐसे आयोजन से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द, भाईचारा व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता। उत्सव से उत्साह बढ़ता है। बच्चों व ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। मौके पर हरिश्चन्द्र यादव, कुमार नीलारविंद, दिनेश, नवीन, विपिन, मनोज यादव समेत सैकड़ों थे।

छठ महापर्व को लेकर गांवों में तेज हुई घाटों की सफाई, श्रमदान कर जुटे ग्रामीण



छठ घाट।

फोटो संख्या 7 छठ घाट

बिस्फी (एनएसबी)। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा 13 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। पर्व को लेकर बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छठ घाटों की साफ-सफाई और तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गांवों में स्थानीय ग्रामीण आपसी सहयोग और श्रमदान के माध्यम से घाटों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में जुटे हुए हैं।इसी क्रम में सिमरी गांव के वार्ड संख्या-6 स्थित बड़की पोखर टोला के समीप कौशी नहर में स्थानीय लोगों द्वारा छठ घाट की साफ-सफाई की जा रही है। वहीं, सिमरी जन्माष्टमी स्थल के निकट पोखर में बने छठ घाट की सफाई स्वच्छता कर्मियों द्वारा की गई है। इसके अलावा सलेमपुर, भोजपंडौल, बरहा, जफरा, राघेपुरा, परसौनी, नूरचक, खैरी बांका सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांवों में भी ग्रामीण छठ घाटों की सफाई में जुटे हुए हैं। घाटों पर जमा कचरे और गंदगी को हटाकर अर्घ्य देने योग्य बनाया जा रहा है, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। छठ महापर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पर्व की तैयारियों में युवा, बुजुर्ग और स्थानीय लोग बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत 13 नवंबर को नहाय-खाय से होगी। 14 नवंबर को खरना, 15 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य तथा 16 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती पारण करेंगे। ग्रामीणों का प्रयास है कि महापर्व शांतिपूर्ण, स्वच्छ और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो।

बैंक अधिकारी के साथ बीडीओ ने की बैठक. सभी पंचायत में शिविर लगाने का दिया दिशा निर्देश



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी गण।

बिस्फी (एनएसबी)। टीपीसी भवन के सभागार में बैंक से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ वसंत कुमार सिंह ने किया.बैठक में लाभुकों की समस्याओं का समाधान करने, बैंक खातों के केवाईसी करने, निष्क्रिय खातों को चालू करने, बैंकिंग सेवाओं को सुगम बनाने के साथ कल्याणकारीी योजनाओं पर चर्चा की गई.जिसमे पीएम सुरक्षा योजना,बृद्धावस्था पेंशन,अटल पेंशन योजना,जीवन ज्योति वीमा योजना शामिल है. बैंक प्रबंधक ने बताया कि अटल पेंशन योजना के लिए 18 से 40 वर्ष की आयु के लोग आवेदन कर सकते हैं. जो इन्कम टैक्स नहीं देते हैं.किसान सम्मान योजना केअन्तर्गत किसान क्रेडिट के माध्यम से 75 हजार तक का लोन मिल सकता है. बीडीओ ने बताया कि सभी पंचायतों में आम जनता को बैंकिंग से जुड़े जानकारी के लिए विशेष कैंप लगाये जायेंगे. जिसमें बैंकों के अधिकारी,प्रतिनिधि,जीविका दीदी,पंचायत सचिव,विकास मित्र आदि भाग लेंगे. इसका मुख्य उद्देश्य सुविधाओं को लाभ देने के साथ आम लोगों के लिए बैंकिंग सेवाओं को सुगम बनाना है. बैठक में एसबीआई,पीएनबी प्रबंधक विकास कुमार,सीडीपीओ अहमद रेजा खान, बीएओ कौशल कुमार सिंह के अलावे पंचायत सचिव,जीविका के सदस्य,विकास मित्र शामिल हुए।

युवक की गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी

■ रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद की आशंका, मुख्य आरोपी समेत तीन पर हत्या का आरोप, गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरा गांव में बुधवार (11 नवंबर) की रात करीब 9:30 बजे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शैलेन्द्र यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शैलेन्द्र यादव अपने कुछ परिचितों के साथ बातचीत कर रहे थे।

इसी दौरान विवेक यादव, पिता कृष्ण कुमार यादव, निवासी गोड़ियारी तथा उसके दो अन्य साथियों ने कथित तौर पर शैलेन्द्र यादव के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही फुलपरास थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक और मुख्य आरोपी विवेक यादव के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद की बात सामने आई है।घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए गए। वहीं, पुलिस ने शव का निरीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेज दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, फुलपरास के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी अपने घर से फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।पुलिस घटना के सभी पहलुओं, हत्या के कारणों और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य है तथा विधि-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

मासिक क्राइम मीटिंग में एसएसपी ने दिए सख्त निर्देश छठ पर्व को लेकर थानाध्यक्षों को अलर्ट रहने का आदेश

■ लंबित मामलों के निष्पादन, अपराधियों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी में तेजी लाने का निर्देश, बेहतर अनुसंधान करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को मिला प्रशस्ति पत्र



मीटिंग करते वरीय पुलिस अधीक्षक।

मधुबनी (एनएसबी)। पुलिस कार्यालय, मधुबनी में वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी (क्राइम मीटिंग) का आयोजन किया गया। बैठक में मधुबनी सदर, बेनीपट्टी, फुलपरास, जयनगर एवं झंझारपुर अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्षों सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान शराब बरामदगी, भूमि विवाद से जुड़े मामले, परिवाद, लंबित कुर्की एवं वारंट का निष्पादन, अपराधियों की गिरफ्तारी तथा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसएसपी ने गंभीर आपराधिक मामलों का त्वरित एवं सफल अनुसंधान करने, वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन करने तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बेहतर अनुसंधान करने वाले पुलिस पदाधिकारी सम्मानित

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गंभीर आपराधिक कांडों का सफल एवं त्वरित अनुसंधान करने तथा साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन कर अनुसंधान में बेहतर कार्य करने वाले विभिन्न अनुसंधानकताओं को वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को इसी तरह जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

छठ पर्व को लेकर सभी थानाध्यक्षों को अलर्ट रहने का निर्देश

आगामी लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को विशेष रूप से अलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्ती तेज की जाए तथा छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था का समुचित इंतजाम सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और शांतिपूर्ण आयोजन को प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया।

गुमटी नंबर 13 पर आरओबी निर्माण को लेकर रेल मंत्री से विधायक माधव आनंद की फोन पर बातचीत

■ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराने का दिया भरोसा, वर्षों पुरानी मांग को लेकर विधायक लगातार कर रहे हैं प्रयास

मधुबनी (एनएसबी)। शहर के गुमटी संख्या-13 पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण की वर्षों पुरानी मांग को लेकर मधुबनी विधायक माधव आनंद ने एक बार फिर पहल तेज कर दी है। इसी सिलसिले में 11 नवंबर को दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उनकी फोन पर विस्तृत बातचीत हुई। विधायक ने रेल मंत्री को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले भीषण जाम और इससे आम लोगों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए आरओबी निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया।विधायक माधव आनंद के अनुसार, उन्होंने दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात का समय मांगा था। हालांकि मुलाकात नहीं हो सकी, लेकिन रेल मंत्री का स्वयं फोन आया और परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। रेल मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक प्रक्रियाओं को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया।विधायक ने बताया कि इस परियोजना को लेकर उनका प्रयास लगातार जारी है। इससे पूर्व 16 मई 2026 को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर विस्तृत प्रतिवेदन सौंपा गया था। वहीं, 25 मई 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुलाकात कर आरओबी निर्माण की आवश्यकता और इससे जुड़े जनहित के मुद्दों को रखा गया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी आधिकारिक जवाब प्राप्त हुआ था।उन्होंने बताया कि इसके बाद से वे समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम सहित रेलवे के संबंधित अधिकारियों के लगातार संपर्क में हैं। परियोजना की डीपीआर, फिजिबिलिटी स्टडी तथा अन्य तकनीकी एवं प्रक्रियागत कार्यों में भी प्रगति हुई है। अब उनका प्रयास है कि शेष प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कराकर परियोजना को निर्माण के स्तर तक पहुंचाया जाए।विधायक माधव आनंद ने कहा कि गुमटी संख्या-13 पर आरओबी का निर्माण केवल एक विकास परियोजना नहीं, बल्कि मधुबनी शहर की यातायात व्यवस्था, नागरिकों की सुरक्षा और हजारों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और आम यात्रियों को काफी परेशानी होती है। ऐसे में आरओबी का निर्माण शहर की बड़ी जरूरत है।उन्होंने कहा कि मधुबनी की जनता को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर परिणाम चाहिए। इस मांग को पूरा कराने के लिए उनका प्रयास तब तक जारी रहेगा, जब तक परियोजना स्वीकृति और निर्माण की दिशा में निर्णायक रूप से आगे नहीं बढ़ जाती। उन्होंने कहा कि वे अपने प्रयासों और उनकी प्रगति को साक्ष्यों के साथ जनता के सामने रखते रहेंगे।विधायक ने सकारात्मक संवाद और सहयोग के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सहयोग से मधुबनी की इस बहुप्रतीक्षित मांग को सकारात्मक परिणाम तक पहुंचाने में सफलता मिलेगी।उन्होंने कहा कि मधुबनी की जनता की उम्मीदें उनकी जिम्मेदारी हैं और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयासरत रहेंगे।



रेल मंत्री से मिलते विधायक माधव आनंद फाइल फोटो।

मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, 11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावा आपत्ति

मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)। अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुरू हो गया है। गुरुवार, 12 नवंबर को जिले में एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। प्रारूप प्रकाशन के बाद समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं समावेशी बनाने पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त वयस्क मताधिकार बहुमूल्य अधिकार है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। उन्होंने 18-19 वर्ष के प्रथम बार के मतदाताओं, छात्र-छात्राओं, महिलाओं और युवाओं सहित सभी छूटे हुए पात्र व्यक्तियों से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। इसके लिए 'नो वोटर टू बी लेफ्ट बिहाइंड' के सिद्धांत पर काम करना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निष्पादन 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2027 को पात्र होने वाले युवाओं के साथ-साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 की अर्हता तिथियों पर पात्र होने वाले भावी मतदाता भी अग्रिम आवेदन दे सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए दो विशेष अभियान दिवस निर्धारित किए गए हैं। पहला अभियान 21 एवं 22 नवंबर तथा दूसरा अभियान 5 एवं 6 दिसंबर 2026 को आयोजित होगा। इन तिथियों पर संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ आवश्यक प्रपत्रों के साथ उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं से आवेदन, दावा एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।


प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन करते डीएम एवं विभिन्न दलों के नेतागण।

जिलाधिकारी ने बताया कि नए मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए फॉर्म-6, विदेश में रहने वाले भारतीय निर्वाचकों के पंजीकरण के लिए फॉर्म-6ए, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 तथा पता परिवर्तन, प्रविष्टियों में सुधार, दिव्यांग मतदाता चिह्नित करने और ईपीआईसी में बदलाव के लिए फॉर्म-8 का इस्तेमाल किया जा सकता है।

18-19 वर्ष के युवाओं, छात्र-छात्राओं और महिलाओं से नाम जुड़वाने की अपील

21-22 नवंबर और 5-6 दिसंबर को विशेष अभियान दिवस

युवा मतदाताओं का पंजीकरण बढ़ाने के लिए कोचिंग संस्थानों, महिला महाविद्यालयों, डिग्री कॉलेजों, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में विशेष जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। निर्वाचन साक्षरता क्लब और स्वीप गतिविधियों के माध्यम से भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। महिला मतदाताओं एवं अन्य कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों का पंजीकरण बढ़ाने पर विशेष जोर रहेगा। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फॉर्म-7 के माध्यम से नाम हटाने संबंधी प्रत्येक आपत्ति पर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा। सुनवाई एवं निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही मतदाता सूची से किसी का नाम हटाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ) एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ) को लक्ष्य आधारित तरीके से काम करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। राजनीतिक दलों से भी अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर में 65 नए राशन कार्डधारकों को मिला राशन कार्ड, 40,774 परिवारों के कार्ड जारी

जिले में 4,322 रिक्त पीडीएस दुकानों के पदों पर चयन प्रक्रिया भी जारी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। मुख्यमंत्री के हाथों गुरुवार को पटना के ज्ञान भवन में राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान नवनिर्मित राशन कार्ड और नवचयनित जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) विक्रेताओं को अनुज्ञप्ति पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के करीब 100 नए राशन कार्डधारकों को शामिल होने के लिए पटना भेजा गया था। वहीं, जिलाधिकारी कुमार गौरव की ओर से समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के 65 नए राशन कार्डधारकों को राशन कार्ड वितरित किए गए। जिला प्रशासन की ओर से दी गईं जानकारी के अनुसार खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना की ओर से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध मुजफ्फरपुर जिले में नए राशन कार्ड के लिए कुल 1,01,178 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन आवेदनों का सत्यापन कराया गया, जिसमें 80,615 आवेदक राशन कार्ड के लिए योग्य पाए गए। इसके बाद सभी योग्य आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि SMAT-PDS पोर्टल पर की गई और इनमें से 74,222 आवेदनों को ई-केवाईसी के लिए सक्षम किया गया। बताया गया कि अब तक 42,949 आवेदनों का ई-केवाईसी पूरा किया जा चुका है। इसके आधार पर 40,774 परिवारों के कुल 61,858 सदस्यों के राशन कार्ड जारी किए जा चुके हैं। शेष पात्र लाभुकों के राशन कार्ड जनरेट करने की प्रक्रिया जारी है, जिसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है।


राशन कार्ड सौपते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

श्रावणी मेला ऐप को 18,700 से अधिक लोगों ने किया डाउनलोड, 25 से अधिक कंटेंट क्रिएटर्स सम्मानित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। श्रावणी मेला के दौरान मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम की ओर से विकसित श्रावणी मेला ऐप की डिजिटल मुहिम को बड़ी सफलता मिली है। ऐप को 18,700 से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है, जबकि गूगल प्ले स्टोर पर इसे 4.6 स्टार की रेटिंग मिली है। वहीं, ऐप के प्रचार-प्रसार के लिए चलाए गए सोशल मीडिया अभियान को विभिन्न प्लेटफॉर्म पर 50 लाख से अधिक व्यूज मिले हैं। इस डिजिटल अभियान को सफल बनाने में स्थानीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और डिजिटल न्यूज संवाददाताओं की अहम भूमिका रही। इनके माध्यम से 100 से अधिक रील और वीडियो तैयार किए गए, जिनके जरिए ऐप की सुविधाओं और उपयोगिता की जानकारी शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाई गई। अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 25 से अधिक कंटेंट क्रिएटर्स एवं डिजिटल न्यूज संवाददाताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मनीष कुमार ने प्रथम, साहिल राज ने द्वितीय और राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 5,000, 3,000 और 2,000 रुपये के चेक के साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा साप्ताहिक विजेताओं को भी प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ऐप के माध्यम से कुल 484 रेफरल कोड जनरेट किए गए, जबकि 2,476 यूजर्स ने रेफरल कोड के जरिए ऐप इंस्टॉल किया। मेला क्विज में 1,342 यूनिक यूजर्स ने भाग लिया। वहीं, फोटो कॉन्टेस्ट में कांवरिया श्रद्धालुओं ने अपनी 1,362 तस्वीरें अपलोड कीं।



श्रावणी मेला एप्प को लोकप्रिय बनाने मे महत्वपूर्ण रहे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित करते नगर निगम के अधिकारी।

कांटी विधायक ने 400 जरूरतमंद महिलाओं के बीच बांटी पूजन सामग्री, कांटी-मड़वन के घाटों का लिया जायजा अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

काँटी(एनएसबी)। छठ महापर्व पर व्रतियों की सुविधा और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए कांटी विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने गुरुवार को दूसरे दिन भी पूजन सामग्री वितरण अभियान चलाया। इस दौरान कांटी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचीं करीब 400 छठ व्रती महिलाओं के बीच गेहूं, चावल और साड़ी वितरित की गई। विधायक ने कहा कि छठ आस्था, अनुशासन और सामाजिक समरसता का पर्व है। इस महापर्व में कोई भी परिवार आर्थिक अभाव के कारण पीछे न रह जाए, इसी सोच के साथ जरूरतमंद व्रतियों के बीच सामग्री बांटी जा रही है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्गों की खुशियों में सहभागी बनना उनके लिए संतोष का विषय है। वहीं सामग्री वितरण के बाद विधायक ने कांटी और मड़वन के विभिन्न छठ घाटों का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की स्थिति, साफ-सफाई, रोशनी, संपर्क मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अर्घ्य के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं। विधायक ने कहा कि छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर प्रशासन की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।


छठव्रतियों के बीच वस्त्र एवं छठ पूजन सामग्री वितरित करते काँटी विधायक अजीत कुमार।

एनएच किनारे मिला प्रोपर्टी डीलर का शव

कमलेश राय के परिजनों ने जमीन खरीद बिक्री को लेकर उत्पन्न विवाद में हत्या की जताई आशंका

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के एनएच 27 स्थित मैठी टॉल प्लाजा के समीप गुरुवार की सुबह सड़क किनारे गड्ढे में मैठी निवासी प्रॉपर्टी डीलर कमलेश राय का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की खबर फैलते हीं मौके पर सैंकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गईं। घटना की सुचना मिलते ही गायघाट थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया।

साथ ही भीड़ के कारण एनएच 27 के एक लेन जाम हो जाने की स्थिति में पुलिस द्वारा भीड़ वाले लेन पर यातायात रोकनी पड़ी और एक हीं लेन से दोनों दिशाओं की गाड़ियों की आवाजाही शुरू कराई गई। इस बीच एनएच 27 के किनारे कमलेश राय का शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजन और ग्रामीण भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों ने कमलेश राय की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है।

मृतक के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान भी पाए गए हैं, जिसके आधार पर मृतक के छोटे भाई ने ईंट पत्थर से कुंचकर तथा सिर पर वार कर उमकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मृतक के परिजनों के अनुसार कमलेश राय पहले गाड़ी चलाते थे। एक वर्ष पहले उन्होंने प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू किया था और वर्तमान में क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर के रूप में जाने जाते थे। कमलेश राय के छोटे भाई ने जमीन खरीद बिक्री के मामले को लेकर उनके प्रतिद्वंदी द्वारा उनकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। उधर, गायघाट थाना पुलिस नें मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।


घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक के परिजन और लोगों की लगी भीड़।

इस मामले में गायघाट थानाध्यक्ष जेपी गुप्ता ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल कोई भी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा। घटना को लेकर इलाके में दहशत और तरह तरह की चचाओं का माहौल है।

शौच के लिए निकली महिला को अनियंत्रित पिकअप ने कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत



ग्रामीणों ने खदेड़कर वाहन को पकड़ा और चालक जान बचाने को बागमती नदी में लगाई छलांग

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बेनीबाद थाना क्षेत्र के केवटसा गांव के समीप गुरुवार की सुबह एनएच-27 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 43 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। शौच के लिए घर से निकली महिला को तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने कुचल दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर पिकअप को पकड़ लिया। वहीं पकड़े जाने के डर से चालक बागमती नदी में छलांग लगाकर फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान केवटसा गांव निवासी फकीरा पासवान की 43 वर्षीय पत्नी पुनीता देवी के रूप में हुई है। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह करीब छह बजे पुनीता देवी शौच के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान एनएच-27 पर तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित पिकअप ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से भागने लगा। वहीं महिला की मौत से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया और बेनीबाद स्थित खादी भंडार के पास उसे पकड़ लिया। हालांकि, ग्रामीणों द्वारा पकड़ लिए जाने से भयाक्रांत चालक पिकअप छोड़कर पास की बागमती नदी में छलांग लगा दी और तैर कर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही बेनीबाद थाना की गश्ती टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को जब्त कर थाने ले गई। महिला की मौत की खबर मिलते हीं परिजनों में कोहराम मच गया और केवटसा गांव में शोक की स्थिति बन गई है। सुबह-सुबह हुए इस हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल बेनीबाद पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

पीएम नरेंद्र मोदी की राजापाकर रैली को लेकर मुजफ्फरपुर में एनडीए की बैठक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वैशाली (राजापाकर) दौरे को लेकर एनडीए ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के मनियारी थाना के समीप स्थित होटल रॉयल में एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें सकरा, कुढ़नी, बोचहां एवं मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्रों से लाखों की संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। रैली में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय के साथ जनसंपर्क अभियान चलाने और कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां देने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार ने की, जबकि मंच संचालन भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने किया। लोजपा आर के जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल एवं मंत्री श्वेता कुमारी उपस्थित रहीं। दोनों ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों और जनभागीदारी को लेकर कार्यकताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद, बिहार सरकार के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं रमा निषाद, विधान पार्षद नरेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा एवं रामसूरत राय, पूर्व सांसद अजय निषाद, नगर विधायक रंजन कुमार, बोचहां विधायक बेबी कुमारी, सकरा विधायक आदित्य कुमार, प्रदेश बीस सूत्री सदस्य एवं रैली प्रभारी राजेश वर्मा, पूर्व विधान पार्षद गीता कुमारी, बिहार सह प्रभारी संगीता यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा एवं रागिनी रानी, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम सुमिरन सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपाध्यक्ष मदन चौधरी सहित कई नेता मौजूद रहे। इसके अलावा जिला प्रभारी रमेश श्रीवास्तव, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, महानगर जदयू अध्यक्ष अरुण पटेल, हम (सेक्युलर) जिलाध्यक्ष संजर आलम, महापौर निर्मला साहू, उपमहापौर मोनालिसा और प्रदेश नेता प्रभात मालाकार समेत विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।


बैठक में मंचासीन भाजपा सहित एनडीए के नेतागण।

दो चर्चित डबल मर्डर केस के जांच अधिकारी बदलेंगे

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में हुए दो चर्चित दोहरे हत्याकांडों की जांच अब नए अधिकारी के हाथों में जा सकती है। तत्कालीन थानेदार इंस्पेक्टर अजय कुमार अब तक जावेद-राजू हत्याकांड और रिटायर्ड बैंक अधिकारी दंपती हत्याकांड के अनुसंधानकर्ता (आईओ) थे। हाल ही में उन्हें थानेदार के पद से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इसके बाद दोनों महत्वपूर्ण मामलों के अनुसंधान की जिम्मेदारी नए अधिकारी को सौंपने की तैयारी चल रही है।

जानकारी के अनुसार, मिठनपुरा थाने के नए थानेदार महेश कुमार को दोनों हत्याकांडों का नया अनुसंधानकर्ता बनाया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक तौर पर अंतिम निर्णय होना बाकी है। इधर, पुराने थानेदार अजय कुमार दोनों हत्याकांडों की केस फाइल समेत अन्य लंबित कांडों का प्रभार नए थानेदार को सौंपने की प्रक्रिया में जुटे हैं। इसके लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है।

सभी थानों में सीसीटीवी से निगरानी सुनिश्चित करें : आयुक्त

तिरहुत प्रमंडल के छह जिलों की जिलास्तरीय निगरानी समिति की बैठक में कैमरों की गुणवत्ता क्रियाशीलता और फुटेज की हुई समीक्षा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत प्रमंडल के सभी जिलों के पुलिस थानों एवं आउटपोस्ट में सीसीटीवी कैमरों से गुणवत्तापूर्ण निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने दिया है। गुरुवार को आयुक्त कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित जिला-स्तरीय निगरानी समिति (डीएलओसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक हैं। सीसीटीवी कैमरे आम जनता के संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बैठक में आयुक्त ने तिरहुत प्रमंडल के सभी छह जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षकों से थानों और आउटपोस्ट में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन, तकनीकी विशिष्टता, गुणवत्ता, क्रियाशीलता, रखरखाव एवं फुटेज की समीक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं पर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि थानों में सुरक्षित रखे गए सीसीटीवी फुटेज की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि लोगों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

आयुक्त ने कहा कि प्रमंडल के सभी अधिसूचित एवं भवन निर्मित थानों तथा आउटपोस्ट में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का प्रभावी अनुश्रवण किया जा रहा है। एजेंसियों के माध्यम से इनका नियमित रखरखाव भी कराया जा रहा है। उन्होंने नए थानों एवं आउटपोस्ट में भी गृह विभाग के निदेर्शों के अनुरूप सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को कैमरों और फुटेज की नियमित निगरानी करने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पुलिस अधीक्षकों को नियमित समीक्षा करने, संबंधित एजेंसियों से कैमरों का रखरखाव कराने और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को थानाध्यक्षों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया।आयुक्त ने कहा कि पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन एवं निगरानी के लिए गठित जिला-स्तरीय निगरानी समिति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सभी संबंधित पदाधिकारी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करें और गृह विभाग के आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। इसके अलावा थानों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की तकनीकी विशिष्टियों, गुणवत्ता एवं क्रियाशीलता का समय-समय पर भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया।



निगरानी समिति की बैठक में कैमरे की गुणवता और फुटेज की समीक्षा करते तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गिरीवर दयाल सिंह।

सत्यापन से संबंधित प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में अपर पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एवं आधुनिकीकरण-सह-नोडल पदाधिकारी, सीसीटीवी परियोजना, बिहार के साथ प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय को भी उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र, पुलिस उप महानिरीक्षक, चंपारण क्षेत्र, प्रमंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीएम व अन्य अधिकारियों ने 40 से अधिक लाभार्थियों को सौंपा राशन कार्ड

सीतामढ़ी में 37,451 नए राशन कार्ड जारी, लाभुकों को मिली खाद्य सुरक्षा

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया सहित जिले के वरीय पदाधिकारी एवं नए राशनकार्ड के लाभार्थी शामिल हुए।

लाइव प्रसारण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के 23 लाख 75 हजार नए लाभार्थियों को राशनकार्ड वितरित किए गए, वहीं 1,448 नई जन वितरण प्रणाली दुकानों के लिए अनुज्ञप्तियों का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम के समापन के उपरांत मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी सदर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सीतामढ़ी जिले के 40 से अधिक नए लाभार्थी परिवारों के बीच राशनकार्ड का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा कि राशनकार्ड केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा का अधिकार उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र परिवार जन वितरण प्रणाली के लाभ से वंचित न रहे। जिले में नए राशनकार्ड का निर्माण एवं वितरण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें।



मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते जिलाधिकारी, वरीय पदाधिकारी व लाभार्थी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि सीतामढ़ी जिले में कुल 37,451 नए राशनकार्ड बनाए गए हैं। इनमें शामिल सभी पात्र परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। लाभार्थी संबंधित जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

नए राशनकार्ड के निर्माण एवं वितरण से पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे उन्हें सरकारी प्रावधानों के अनुरूप खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ खाद्य सुरक्षा के दायरे में लाने की प्रक्रिया और सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती, अनुमंडल पदाधिकारी सदर आनंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी कमल सिंह, सहित संबंधित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नए राशनकार्ड लाभार्थी उपस्थित रहे।

4 नए श्रम कोड की जानकारी दी गई, श्रमिकों को किया जागरूक



कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं डीडीसी श्वेता भारती व मंचासीन सहायक श्रमायुक्त सत्यप्रकाश एवं श्रम अधीक्षक रमाकांत।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की ओर से डुमरा स्थित संयुक्त श्रम भवन में चार नए श्रम कोड को लेकर एक दिवसीय जागरूकता-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन डीडीसी श्वेता भारती, सहायक श्रमायुक्त सत्यप्रकाश एवं श्रम अधीक्षक रमाकांत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मौके पर डीडीसी ने कहा कि नए श्रम कानूनों की जानकारी श्रमिकों एवं नियोजकों तक पहुंचाना जरूरी है। इससे श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। सहायक श्रमायुक्त ने मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशाएं संहिता के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने न्यूनतम मजदूरी, समय पर वेतन भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थल और श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रम अधीक्षक ने कहा कि प्रत्येक पात्र श्रमिक तक इन संहिताओं की जानकारी पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। प्रशिक्षण में एलईओ अभय कुमार, ज्योति सिंह, विशाल कुमार एवं पारिजात परिमल ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न प्रावधानों को समझाया। मौके पर विभिन्न श्रमिक संगठनों, प्रतिष्ठानों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

चित्रगुप्त एसोसिएशन स्थित मंदिर में श्रद्धा से हुई भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना व भव्य आरती

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। चित्रगुप्त एसोसिएशन मुजफ्फरपुर स्थित मंदिर में आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्तिभाव से की गई। पूजा में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा मुख्य यजमान रहे। परंपरानुसार कलम-दवात की पूजा की गई तथा पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष डॉ. सिन्हा ने बताया कि 11 नवंबर 1969 को ही चित्रगुप्त मंदिर का शिलान्यास हुआ था। इस ऐतिहासिक अवसर पर संध्या में भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव, पूजा प्रभारी सत्येंद्र कुमार पिंकू, आलोक कुमार, राकेश चन्द्र सम्राट, धीरज कुमार वर्मा, संजीव कुमार रमण, संतोष रंजन, सुनील श्रीवास्तव, सर्वजीत प्रियदर्शी मन्ना, अमित प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. गौरव वर्मा सहित राजनीति, सामाजिक एवं शैक्षणिक जगत के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ, सीतामढ़ी का एक प्रतिनिधिमंडल नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बुके एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले के शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं एवं विभागीय मुद्दों से जिला शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग भी रखी। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए बारी-बारी से उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र नारायण मिश्रा, प्रधान सचिव डीएन सिंह राठौड़, संयुक्त प्रधान सचिव रामेश्वर सिंह कुशवाहा, शिवजी ठाकुर, आनंद मोहन, रामरंजन ठाकुर, पंकज कुमार सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैरगनिया स्टेशन को मॉडल स्टेशन के रूप में किया जाएगा विकसित : डीआरएम

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को बैरगनिया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व वाले बैरगनिया स्टेशन को भविष्य में मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस (17433) के बैरगनिया में ठहराव की व्यवस्था के मद्देनजर पहुंचे डीआरएम ने कहा कि ट्रेन के आगमन पर शिवहर सांसद लवली आनंद हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। उन्होंने रेलवे फाटकों पर प्रस्तावित ओवरब्रिज, आधुनिक शौचालय निर्माण तथा स्टेशन की सुविधाओं का भी जायजा लिया। डीआरएम ने बताया कि रक्सौल से पटना के बीच एक जोड़ी नई ट्रेन चलाने की पहल की जा रही है। जनप्रतिनिधियों एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से मिली ट्रेनों के ठहराव की मांगों पर भी सकारात्मक कार्रवाई होगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व सांसद आनंद मोहन, विधायक बैजनाथ प्रसाद, विधान पार्षद रेखा कुमारी सहित रेलवे के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मारवाड़ी सम्मेलन ने 400 छठव्रतियों में बांटी पूजन सामग्री

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की नगर शाखा की ओर से छठ महापर्व के अवसर पर दो दिवसीय सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पहले दिन गुरुवार को करीब 400 छठव्रती महिलाओं के बीच साड़ी, नारियल, अगरबत्ती एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महापौर निर्मला साहू, श्याम सुंदर भीमसेरिया, लक्ष्मण भिवानीवाला, प्रमोद जाजोदिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया ने कहा कि छठ महापर्व पर सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से इस वर्ष 700 व्रतियों को सामग्री देने का लक्ष्य रखा गया है। शुक्रवार को भी वितरण कार्यक्रम जारी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संदीप अग्रवाल एवं संयोजक सुरेश खेतान ने किया। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी आलोक कुमार केजरीवाल ने दी।

चित्रगुप्त एसोसिएशन मुजफ्फरपुर की स्मारिका का लोकार्पण, बिरादरी भोज आयोजित

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। चित्रगुप्त एसोसिएशन मुजफ्फरपुर की ओर से चित्रगुप्त पूजा महोत्सव के समापन पर स्मारिका का लोकार्पण एवं बिरादरी भोज आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में चित्रांश परिवार के सदस्यों के साथ राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अजय नारायण सिन्हा ने भगवान चित्रगुप्त को भोग अर्पित किया। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। उन्होंने कहा कि स्मारिका का लोकार्पण एवं बिरादरी भोज समाज के लोगों को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। महामंत्री प्रो. अजय श्रीवास्तव ने दो दिवसीय पूजा महोत्सव के सफल आयोजन पर सभी का आभार जताया। मौके पर भाजपा नेता राजेश वर्मा, विवेक कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



लखनदेई नदी छठ घाट का डीएम व नगर विधायक ने लिया जायजा

पुपरी के लाला पोखर एवं बुढ़नद नदी घाट का भी डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को सुरक्षित, स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं नगर विधायक सुनील कुमार पिंटू ने सीतामढ़ी शहर के मेहसौल चौक स्थित लखनदेई नदी छठ घाट का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर चल रहे साफ-सफाई कार्यों एवं छठ महापर्व को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी एवं विधायक ने घाट पर स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व से पूर्व सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी कर ली जाएं। घाटों की समुचित सफाई, आवागमन की सुविधा एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री जेपी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

इधर, छठ महापर्व की तैयारियों के मद्देनजर जिलाधिकारी श्री तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने संयुक्त रूप से पुपरी अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरूआत पुपरी के लाला पोखर घाट से हुई। इसके बाद डीएम-एसपी ने बुढ़नद नदी घाट पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध तथा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ महापर्व प्रारंभ होने से पूर्व सभी घाटों पर आवश्यक तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं। घाटों पर विशेष स्वच्छता बनाए रखने के साथ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने तथा घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को सुगम बनाने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।

उन्होंने निर्देश दिया कि नदी एवं तालाबों में जहां पानी की गहराई अधिक है अथवा अन्य किसी प्रकार का खतरा है, वहां लाल निशान लगाकर डेंजर जोन के रूप में स्पष्ट चिह्नित किया जाए। आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग एवं सुरक्षा के अन्य प्रबंध भी सुनिश्चित किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका न रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ महापर्व लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा है। इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। प्रशासन का प्रयास है कि जिले में छठ महापर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो तथा व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। निरीक्षण के दौरान पुपरी के अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार, बीडीओ, सीओ, नगर परिषद जनकपुर रोड पुपरी के सभापति ब्रजेश कुमार जालान, कार्यपालक पदाधिकारी केशव गोयल, पुपरी थानाध्यक्ष रामनाथ प्रसाद, उपसभापति, वार्ड पार्षद सहित स्थानीय प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



मेहसौल चौक स्थित नगर में लखनदेई नदी छठ घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं नगर विधायक सुनील कुमार पिंटू व अन्य।

धूमधाम से हुई चित्रगुप्त पूजा, बुजुर्ग चित्रांशों को किया सम्मानित



बाजपट्टी प्रखंड के हेमापुर धाम में आयोजित समारोह में सम्मानित चित्रांश समाज के बुजुर्ग व अन्य।



डुमरा के कैलाशपुरी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कायस्थ समाज के प्रतिनिधि व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में कायस्थ समाज की ओर से भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाजपट्टी प्रखंड के हेमापुर धाम स्थित चित्रगुप्त मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। पूजा-अर्चना के उपरांत चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

हेमापुर धाम के मुखिया अबुल हसन ने करीब 100 वर्षीय बैजनाथ प्रसाद श्रीवास्तव को पाग एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा अनिल कुमार श्रीवास्तव, अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं पवन कुमार श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, रोकरपाल प्रभाकर वर्मा, रंजन कुमार, हिमांशु, अमित, आयन एवं आरुष सहित अन्य सदस्यों ने बुजुर्गों का स्वागत किया। वहीं, डुमरा के कैलाशपुरी स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भी कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना की। यहां संध्या आरती, रात्रि भोज एवं जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक सुनील कुमार पिंटू, भाजपा मीडिया प्रभारी रमण कुमार श्रीवास्तव, चित्रगुप्त सेवा समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, सचिव अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष मणि जी, सोहन कुमार, सुशील कुमार एवं मनोज कुमार समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हेमापुर धाम और कैलाशपुरी डुमरा में पूजा-अर्चना, आरती, जागरण एवं भाई भोज

अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी सख्त 60 दिनों में जांच पूरी करने का निर्देश



मासिक अपराध गोष्ठी को सम्बोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित रंजन व उपस्थित अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें वरीय पुलिस उपाधीक्षक, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष एवं विभिन्न शाखाओं के प्रभारी शामिल हुए।

गोष्ठी में अक्टूबर माह के दर्ज एवं लंबित कांडों की थाना एवं अनुमंडलवार समीक्षा की गई। एसपी ने गंभीर मामलों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार, दुष्कर्म एवं पॉक्सो से जुड़े मामलों में निर्धारित 60 दिनों के भीतर अनुसंधान पूरा कर आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। फरार अपराधियों की गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की-जब्ती के निष्पादन तथा अवैध हथियारों और मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन अभियान चलाने पर भी जोर दिया। आगामी छठ पूजा के मद्देनजर सभी घाटों का पूर्व निरीक्षण कर सुरक्षा, प्रकाश एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। घाटों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126/135 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने नियमित गश्ती, प्रभावी आसूचना संकलन एवं पर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

चार नए श्रम कानूनों पर कामगारों को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण

लाभुकों के बीच विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के सांकेतिक चेक वितरित, बाल श्रम उन्मूलन का लिया गया संकल्प

दरभंगा/मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। चार नए श्रम कानूनों के प्रावधानों, कामगारों के अधिकारों एवं नियोजकों की जिम्मेदारियों से अवगत कराने के उद्देश्य से गुरुवार, 12 नवंबर को उप श्रमायुक्त कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त स्वप्निल, उप श्रमायुक्त राकेश रंजन, श्रम अधीक्षक दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त राकेश रंजन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए चारों श्रम संहिताओं की महत्ता बताई।



कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त स्वप्निल, उप श्रमायुक्त राकेश रंजन, श्रम अधीक्षक दिनेश कुमार व अन्य।

उन्होंने कहा कि वेतन संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता-2020 के माध्यम से श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। उप विकास आयुक्त स्वप्निल ने नए श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन पर जोर देते हुए अधिकारियों एवं नियोजकों से निर्धारित प्रावधानों का पालन करने की अपील की।

इस अवसर पर विभिन्न श्रम कल्याण योजनाओं के लाभुकों के बीच सांकेतिक चेक वितरित किए गए। इनमें कर्मचारी प्रतिकर, विमुक्त बाल श्रमिकों को आर्थिक सहायता, साइकिल क्रय अनुदान, भवन मरम्मति, पितृत्व लाभ, नगद पुरस्कार एवं विवाह सहायता अनुदान शामिल थे। प्रशिक्षण सत्र में ईपीएफओ के संजीव कुमार एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार ने भविष्य निधि, पेंशन, कर्मचारी राज्य बीमा और दुर्घटना की स्थिति में चिकित्सा एवं मुआवजा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। कारखाना निरीक्षक मनुज कुमार सहित विभिन्न श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों ने चारों श्रम संहिताओं के प्रावधानों, न्यूनतम वेतन, कार्यस्थल की सुरक्षा, शिकायत निवारण, सेवा शर्तों एवं सामाजिक सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मिथिलेश्वर सिंह ने कामगारों से अपने अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को श्रम संहिताओं से संबंधित पुस्तिकाएं भी उपलब्ध कराई गईं। साथ ही बाल श्रम नियोजित नहीं करने की शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

सम्पादकीय

आधुनिकता के दौर में परंपराओं का संरक्षण

आज समाज तेजी से बदल रहा है। आधुनिक जीवनशैली, बाजारवाद और दिखावे की प्रवृत्ति ने कई पर्वो के स्वरूप को प्रभावित किया है। ऐसे में छठ महापर्व की मूल भावना को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। इसकी पहचान सादगी, शुद्धता, संयम और लोकपरंपरा में है। इसे अनावश्यक प्रतिस्पर्धा, दिखावे और खर्चीले आयोजनों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

कई बार घाटों की सजावट, बड़े-बड़े मंच और ध्वनि विस्तारक यंत्रों की प्रतिस्पर्धा में पर्व की वास्तविक भावना पीछे छूटने लगती है। पूजा के नाम पर तेज आवाज, अनियंत्रित आतिशबाजी और प्लास्टिक का इस्तेमाल भी उचित नहीं है। छठ की पवित्रता उसकी सादगी में है, इसलिए परंपराओं को आधुनिक सुविधाओं के साथ संतुलित करना जरूरी है।

नई पीढ़ी को भी इस पर्व के महत्व से परिचित कराना होगा। विद्यालयों में छठ की सांस्कृतिक विरासत, लोकगीत, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता पर कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि छठ केवल परिवार की मनोकामना पूरी करने का पर्व नहीं, बल्कि प्रति, समाज और मानव जीवन के प्रति तज्ञता प्रकट करने की परंपरा भी है।

बिहार की पहचान छठ महापर्व से गहराई से जुड़ी हुई है। दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला बिहारी जब छठ के गीत सुनता है तो उसे अपने गांव, अपने घर, अपने परिवार और अपनी मिट्टी की याद आने लगती है। यह पर्व प्रवासी बिहारियों को अपनी जड़ों से जोड़ता है। उनके लिए छठ केवल पूजा नहीं, बल्कि अपनेपन और सांस्तिक अस्मिता का प्रतीक है। बिहार के गांवों में छठ की तैयारी कई दिन पहले से शुरू हो जाती है। घरों की सफाई, घाटों की मरम्मत, रास्तों की व्यवस्था और पूजन सामग्री की खरीदारी में पूरा समाज जुट जाता है। परिवार के सदस्य दूर-दराज से घर लौटते हैं। वर्षो से बिछड़े रिश्तेदार मिलते हैं और सामाजिक संबंधों में नई गर्माहट आती है। यह पर्व हमें अपनी मिट्टी से जुड़ने, परिवार के महत्व को समझने और सामूहिक जीवन की शक्ति को पहचानने का अवसर देता है। यही कारण है कि छठ की लोकप्रियता समय के साथ कम होने के बजाय लगातार बढ़ रही है।

छठ महापर्व में व्रती महिलाओं की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे कई दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते हुए परिवार और समाज के कल्याण की कामना करती हैं। हालांकि यह वत केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है, पुरुष भी पूरी श्रद्धा से इसे करते हैं। फिर भी घर-परिवार में छठ की तैयारी और अनुष्ठान के दौरान महिलाओं का परिश्रम और समर्पण विशेष रूप से दिखाई देता है। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। प्रसाद बनाने से लेकर घाट तक पहुंचाने और पूजा की व्यवस्था करने तक हर व्यक्ति अपनी भूमिका निभाता है। इस तरह छठ परिवार में सहयोग, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है।

छठ महापर्व आस्था का पर्व है, लेकिन आस्था के साथ विवेक और सामाजिक जिम्मेदारी का होना भी उतना ही आवश्यक है। किसी भी धार्मिक आयोजन में अंधविश्वास, दिखावा या सामाजिक दबाव को स्थान नहीं मिलना चाहिए। पर्व की मूल भावना प्रेम, पवित्रता, संयम और लोककल्याण है। इसे सहज और स्वैच्छिक भाव से मनाया जाना चाहिए। साथ ही हमें यह भी समझना होगा कि धार्मिक आस्था के साथ सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। नदियों और तालाबों को स्वच्छ रखना, जल संरक्षण करना, घाटों पर अनुशासन बनाए रखना और जरूरतमंदों की सहायता करना छठ की भावना को और अधिक सार्थक बनाता है।

छठ महापर्व भारतीय लोकसंस्कृति की ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसकी महत्ता केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। यह हमें प्रति का सम्मान करना, कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना, परिवार के प्रति समर्पित रहना, समाज के साथ मिलकर चलना और जीवन के प्रत्येक चरण को समान सम्मान देना सिखाता है। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा हमें बताती है कि किसी के अवसान या कठिन समय में भी उसका सम्मान कम नहीं होना चाहिए। वहीं उगते सूर्य को अर्घ्य देना नई उम्मीद, नई ऊर्जा और नए संकल्पों का प्रतीक है। यही जीवन का सत्य है अंधकार के बाद प्रकाश आता है और कठिनाइयों के बाद नई संभावनाओं के द्वार खुलते हैं।

आस्था का सेतू : छठ पर्व





डा. रंजीत सिन्हा ।

भारतीय काल-गणना केवल दिनों की गिनती नहीं, बल्कि खगोलीय गति और आध्यात्मिक चेतना का सूक्ष्म विज्ञान है। दीपावली की अमावस्या बीतते ही जब शुक्ल पक्ष का आरंभ होता है, तो उत्तर भारत में इसे 'कार्तिक शुक्ल पक्ष' और तमिल सौर-पंचांग में सूर्य के तुला राशि में संचरण के कारण 'ऐप्पसी शुक्ल पक्ष' कहा जाता है। नाम और प्रांतीय पद्धतियाँ भिन्न हो सकती हैं, किंतु खगोलीय दृष्टि से यह एक ही चंद्र-पक्ष है। यही कारण है कि कार्तिक षष्ठी के दिन उत्तर का 'छठ महापर्व' और दक्षिण का 'स्कंद षष्ठी' (कंद षष्ठी) प्रतिवर्ष एक ही समय पर संपूर्ण राष्ट्र को भक्ति और तप के सूत्र में पिरोते हैं। यह कोई आकस्मिक संयोग नहीं, बल्कि सहस्राब्दियों से चला आ रहा शाश्वत पंचांगीय नियम है।

वर्ष 2026 में भी यह समकालिकता पूरी भव्यता के साथ उपस्थित है

छठ महापर्व चार दिवसीय अनुष्ठान का आरंभ 13 नवंबर (शुक्रवार) को 'नहाय-खाय' से होगा। 14 नवंबर (शनिवार) को 'खरना' के साथ वतियों का 36 घंटे का निर्जला संकल्प प्रारंभ होगा। पर्व का मुख्य आकर्षण यानी अस्ताचलगामी सूर्य को 'संध्या अर्घ्य' 15 नवंबर (रविवार) को दिया जाएगा, तथा 16 नवंबर (सोमवार) की प्रातः उदीयमान सूर्य को 'उषा अर्घ्य' देकर पारण संपन्न होगा।

'स्कंद षष्ठी : छह दिवसीय इस उपासना का मुख्य दिवस सूरसंहारम् भी 15 नवंबर (रविवार) को ही संपन्न होगा, जिस दिन भगवान मुरुगन के विजय पर्व का उत्सव मनाया जाता है। इसके अगले दिन, यानी 16 नवंबर (सोमवार) को भगवान मुरुगन और माता देवसेना का दिव्य वैवाहिक उत्सव 'तिरुक्कलियाणम्' आयोजित होगा।

आराधना का स्वरूप : प्रत्यक्ष प्रति-पूजन और अंतःकरण का शोधन

दोनों ही उपासना पद्धतियाँ बाह्य कर्मकांडीय जटिलताओं से परे हटकर आत्म-संयम, प्रति-साधना और आचरण की शुद्धि को केंद्र में रखती हैं।

छठ पूजा : यह पंचमहाभूतों और प्रत्यक्ष देवता सूर्य की सामूहिक उपासना है। गंगा, गंडक या सरोवरों के तट पर खड़े होकर व्रती डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। बाँस का सूप, दौरा, मिट्टी का चूल्हा, ईख और ठेकुआपर्व की प्रत्येक सामग्री प्रति और स्थानीय श्रम से जुड़ी है। संतान की दीर्घायु, कुल-वृद्धि और आरोग्यता के लिए मूल प्रति के छठे अंश षष्ठी देवी (छठी मैया) का आवाहन किया जाता है।

स्कंद षष्ठी : भगवान शिव के दिव्य तेज से प्राकट्य लेने वाले कार्तिकेय (मुरुगन) की यह साधना छह दिनों के कठोर उपवास से युक्त होती है। भक्त मुरुगन के अमोघ अस्त्र वेल (ज्ञान का प्रतीक भाला) की आराधना करते हैं, जो अज्ञान और अहंकार के भेदन का माध्यम है। षष्ठी के दिन समुद्र तट पर असुर शूरपद्मन पर मुरुगन की विजय के माध्यम से आसुरी प्रवृत्तियों के दैवीय रूपांतरण का पर्व मनाया जाता है।

उत्तर और दक्षिण की सांस्कृतिक एकात्मता

राजनीतिक और औपनिवेशिक विमर्शो ने लंबे समय तक उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच आर्य-द्रविड़ या क्षेत्रीय भिन्नता की त्रिम विभाजक रेखा खींचने का प्रयास किया, किंतु हमारी लोक-परंपराएँ इस विभाजन को पूरी तरह निरस्त करती हैं।

पुराण साक्षी हैं कि उत्तर की छठी मैया और दक्षिण की देवसेना (दैवयानै) वस्तुतः एक ही शक्ति हैं।

ब्रह्मवैवर्त पुराण और देवी भागवत में स्पष्ट उल्लेख है कि मूल प्रति के छठे अंश से प्रकट होने वाली षष्ठी देवी ही भगवान स्कंद की सहचारिणी 'देवसेना' हैं। उत्तर भारत जिस मातृ-शक्ति को लोक-कंठ में छठी मैया कहकर पुकारता है, दक्षिण भारत उसी देवसेना की विजय और संरक्षणकारी स्वरूप को मुरुगन के साथ पूजता है।

तत्व-मीमांसा के धरातल पर भी उत्तर के सूर्य (आदित्य) और दक्षिण के स्कंद (अग्नि-संभव) दोनों ब्रह्मांडीय ऊर्जा और प्रकाश के प्रतीक हैं। उत्तर का बाँस का सूप जीवन में सार-असार के विवेक का प्रतीक है और दक्षिण का वेल तीक्ष्ण प्रज्ञा का। दोनों संस्कृतियाँ मूलतः अंधकार से प्रकाश और तमस से चैतन्य की ओर अग्रसर होने का एक ही सनातन संदेश देती हैं।

नीतिगत आह्वान : उत्तर-दक्षिण तीर्थ-पर्यटन का संस्थागत विस्तार

एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प सम्मेलनों और गोष्ठियों से आगे बढ़कर तभी सिद्ध होगा जब दोनों क्षेत्रों के नागरिकों के बीच प्रत्यक्ष आवागमन और तीर्थाटन को नीतिगत संबल मिलेगा। काशी-तमिल संगमम की सफलता ने यह मार्ग प्रशस्त किया है। अब केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

विशेष संस्कृति एक्सप्रेस रेल और विमान संपर्क : कार्तिक मास के दौरान पटना, गया, मुजफ्फरपुर और वाराणसी से मदुरै, तिरुचेन्दूर, पलानी और चेन्नई के बीच नियमित विशेष ट्रेनों और किफायती उड़ानों की व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालु दोनों पर्वो के साक्षी बन सकें।

सूर्य-कार्तिकेय आध्यात्मिक करिडोर : उत्तर भारत के प्राचीन सूर्य धामों (जैसे बड़गांव, देव, उलार्क, कोणार्क) और दक्षिण भारत के मुरुगन धामों (अरुपदै वीडु : छह पावन गृह) को जोड़ते हुए एक संयुक्त तीर्थ सर्किट विकसित किया जाए।

भाषाई सुगमता और सूचना केंद्र : दक्षिण के प्रमुख मंदिरों में हिंदी व पूर्वी भाषाओं में प्रामाणिक विवरणिकाएँ व सूचना पट्ट लगें, तथा उत्तर भारत के प्रमुख तीर्थ घाटों और मंदिरों में तमिल, तेलुगु, कन्नड़ व मलयालम में सहायता केंद्र और गाइड उपलब्ध कराए जाएँ।

विद्यार्थी एवं युवा विनिमय कार्यक्रम : दोनों क्षेत्रों के युवाओं के लिए अध्ययन-यात्रा अनुदान शुरू किए जाएँ, जिससे वे स्वयं अनुभव कर सकें कि वेशभूषा, भाषा और व्यंजनों की विविधता के भीतर भारत का अंतर्मन एक ही प्राण-तत्व से स्पंदित हो रहा है।

जब बिहार के गंगा तट पर बाँस का सूप सूर्य को समर्पित होता है और उसी दिन तमिलनाडु के समुद्र तट पर मुरुगन का वेल पूजित होता है, तो यह भौगोलिक सीमाओं को विसर्जित कर देने वाली अखंड भारतीय आत्मा का उद्घोष बन जाता है।

(लेखक धर्म मर्मज्ञ एवं कोलकाता में वरिष्ठ शिशु विशेषज्ञ हैं)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

पटना में छठ मनाएंगी अक्षरा सिंह, छठी मैया की भक्ति में सजेगी सांस्कृतिक संध्या

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री एवं गायिका अक्षरा सिंह हर बार की तरह लोक आस्था के महापर्व छठ पटना में मनाने जा रही हैं। छठ पूजा को लेकर उनके यहां विशेष तैयारियां की जा रही हैं। अक्षरा सिंह का कहना है कि बिहार की संस्कृति और परंपराओं से उनका गहरा जुड़ाव है और वह चाहती हैं कि छठ महापर्व को भी देश के दूसरे बड़े त्योहारों की तरह एक उत्सव के रूप में मनाया जाए।

अक्षरा सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय झा, मंत्री निशांत कुमार सहित कई गणमान्य लोगों को छठ का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है। इस आयोजन को लेकर भोजपुरी संगीत और सिनेमा जगत में भी उत्सुकता है।

अक्षरा सिंह ने बताया कि मुंबई में रहने के बावजूद उनका बिहार से जुड़ाव हमेशा बना रहा है। आमतौर पर कलाकार काम के सिलसिले में मुंबई को अपना ठिकाना बना लेते हैं और अपने क्षेत्र के त्योहार वहीं मनाते हैं, लेकिन वह छठ जैसे महापर्व को अपनी जन्मभूमि बिहार में मनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह पंजाब में लोहड़ी, मुंबई में गणपति उत्सव और बंगाल में दुर्गापूजा बड़े उत्सव के रूप में मनाई जाती है, उसी तरह छठ महापर्व को भी व्यापक सांस्तिक पहचान मिलनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि छठ के संध्या अर्घ्य के अवसर पर पटना के कंकड़बाग स्थित रेनबो मैदान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें कई जानी-मानी गायिकाओं और कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी। कार्यक्रम के माध्यम से छठ की परंपरा, लोकगीत और बिहार की सांस्कृतिक विरासत को उत्सव के रूप में प्रस्तुत करने की तैयारी है।

भोजपुरी फिल्मों और संगीत में अपनी अलग पहचान बनाने वाली अक्षरा सिंह की बिहार सहित देशभर में बड़ी प्रशंसक संख्या है। ऐसे में उनका पटना में छठ मनाने का फैसला उनके प्रशंसकों के लिए भी खास है। अक्षरा की कोशिश है कि छठ की आस्था के साथ बिहार की लोक संस्कृति और परंपरा को भी बड़े मंच पर पहचान मिले।

देव भाव के आगे मिट जाता है आपसी भेदभाव

सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण है महापर्व छठ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ के मौके पर एक ही घाट पर ब्राह्मण एवं दलित साथ बैठकर सूर्य उपासना करते हो। यह बात अपने आप में सामाजिक समरसता का अन्यतम उदाहरण है। लोक आस्था के महापर्व छठ की यही विशेषता रही है, कि इसमें समाज के हर तबके के लोगों की भागीदारी होती है । भगवान भाष्कर सभी पर अपनी ऊर्जा समान रूप से बिखेरते हुए उंच-नीच का भेद नहीं करते है। छठ के मौके पर लोगों के बीच सामाजिक समरसता अद्भुत नजारा प्रायः प्रत्येक नदी, नहर, पोखर, तालाब आदि पर देखने को मिलता है। इस पर्व में अस्ताचलगामी सूर्य (डूबते सूर्य) की उपासना की परंपरा रही है। निस्तेज सूर्य संभवतः दबे-कुचले लोगों को मान-सम्मान देने तथा उन्हें साथ लेकर चलने की परंपरा पर अपनी मुहर लगाता है। छुआछूत की कुंठित भावना से ऊपर उठकर लोग एक साथ मिल बैठकर व्रत का पालन करते है। कुंठित मानसिकता को त्यागकर सूर्योपासना में सभी वर्गो का सहयोग होता है। वास्तव में छठ का महापर्व व्यापकता के लिए आता है। स्वच्छता तथा पवित्रता इस पर्व की बड़ी खासियत रही है। यह पर्व व्रतधारियों में अपने आराध्य के प्रति असीम श्रद्धा प्रदान करता है। सभी मिलकर गली-सड़कों एवं नालियों की साफ सफाई करते है। कूड़े-कचरे के नाम पर एक तिनका भी नजर नहीं आता। हर कोई बिना किसी भेदभाव के एक-दूसरे के प्रति मदद करने के लिए आतुर रहते है। पर्व में सामाजिक व आर्थिक दीवारें ढहती नजर आती है। वही उदीयमान सूर्य (उगते सूर्य) की उपासना सुख-समृद्धि, आरोग्य तथा विकास का प्रतीक माना जाता है, जो मानव मन में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। व्रती



कृष्ण कुमार

शारीरिक व मानसिक शुद्धि को प्राप्त होते है। जाति रहित परंपरा ही छठ की बढ़ती लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण है।

जल संरक्षण की सीख देता है महापर्व छठ

चार दिवसीय महापर्व छठ लोगों को जल संरक्षण व उसकी अनिवार्यता की सीख देता है। यह महापर्व वर्षो पूर्व से जल के संरक्षण की प्रेरणा देता है। यही कारण है कि छठ पर्व के मौके पर वतधारी नदी, नहर, तालाब, पोखर, आहर आदि के पानी में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते है।



महापर्व में ऊर्जा का महत्व

भगवान सूर्य अनवरत रुप से उर्जा प्रदान करने वाले एकमात्र सोत है। पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं के लिए इसकी अनिवार्यता है। छठ महापर्व उर्जा के इस विशाल स्रोत को नमस्कार अर्घ्य देना इसकी महत्ता एवं अनिवार्यता को स्वीकारने की सीख देता है।

पेड़-पौधों के रोपण व संरक्षण पर बल

छठ पर्व में आस्था को प्रकट करने में कृषि तथा प्रातिक संरक्षण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इस पर्व में पूजा की सामग्री के रूप में नारियल, सेव, घाघर, नींबू, हल्दी, शकरकंद, नारंगी, सरीफा, आंवला, अन्नानास, केला, अंकुरित चना, चावल, गेहूं, पानी फल, कद्दू तथा कोहडा आदि मौसमी कृषि उत्पादों की उपस्थिति जरूरी मानी गई है, यही इसके संरक्षण को बल देती है। आस्था के पर्व में आम के दातून, आम की लकड़ी, बांस से बनी कलसूप एवं टोकरी सभी प्रकृति द्वारा प्रदत्त सामग्री से बनी हुई रहती है। यह महापर्व हमें पेड़-पौधों के रोपण तथा उनके संरक्षण की सीख देता है।

सामाजिक सामंजस्य को देता है बल

छठ सामाजिक सामंजस्य स्थापित करनेवाला त्योहार माना जाता है। छठ के अवसर पर गलियो, सड़कों एवं नालियों की साफ-सफाई मिलजुलकर करना। इसकी अभिव्यक्ति है। व्यक्ति स्वयं एक-दूसरे के सहयोग के लिए आतुर है। घाट बनाने, वतियों को सुविधा देने, अर्घ्य हेतु दूध बांटने, वतधारियों को चाय पिलाने, उनकी मदद करने में लोग तत्पर रहते है। किसी से भी मांग कर प्रसाद खाना तथा किसी को सहयोग करना इसकी सामाजिक सामंजस्य एवं सौहार्द को बल देता है।

शादी, मस्ती और हंसी का तड़का : सूरज बडज़ात्या और आयुष्मान खुराना 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में

पटना (दैनिक नवसंदेश) । रिश्तों पर मजेदार नोकझोंक से लेकर अपनी शादीशुदा जिदगी के दिलचस्प अनुभव साझा करने तक, यह एपिसोड बेबाक बातचीत, हंसी-ठिठोली से भरे किस्सों और मनोरंजन का शानदार संगम पेश करेगा। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में दर्शकों को हंसी और मस्ती से भरपूर एक याार महफिल देखने को मिलेगी।

सूरज बडज़ात्या की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को परिवार के साथ मनाए जाने वाले यादगार उत्सवों, भव्य शादियों और सदाबहार प्रेम कहानियों की कई अविस्मरणीय सौगातें दी हैं। अपनी विशिष्ट कहानी कहने की शैली और पारिवारिक मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए, फिल्मकार सूरज बडज़ात्या एक बार फिर अपनी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' के माध्यम से दर्शकों के लिए एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस शनिवार, नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में सूरज बडज़ात्या के साथ फिल्म की पूरी स्टारकास्ट शिरकत करेगी। इस विशेष एपिसोड में आयुष्मान खुराना, शरवरी, सुप्रिया पाठक, सीमा पाहवा, सौम्या टंडन, गीता अग्रवाल शर्मा, स्वानंद किरकिरे और सुरभि तिवारी शामिल होंगे। दर्शकों को इस दौरान बेबाक बातचीत, शादी-ब्याह से जुड़े दिलचस्प किस्सों और हंसी-मजाक से भरपूर मनोरंजक अनुभव देखने को मिलेगा।

जब पारिवारिक समारोहों और भव्य शादियों को पर्दे पर खूबसूरती से प्रस्तुत करने वाले फिल्मकार से उनकी अपनी शादी से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं, तो बातचीत और भी दिलचस्प हो जाती है। इस एपिसोड में चर्चा का रुख सूरज बडज़ात्या के निजी वैवाहिक जीवन की ओर मुड़ता है। इस दौरान यह भी जानने का प्रयास किया जाता है कि प्रेम और रिश्तों से जुड़े उनके व्यक्तिगत अनुभवों की झलक उनकी फिल्मों में दिखाई जाने वाली शादियों और पारिवारिक समारोहों में किस तरह देखने को मिलती है। आयुष्मान खुराना इस बातचीत को आगे बढ़ाते हुए सूरज बडज़ात्या से महज 21 वर्ष की उम्र में शादी करने को लेकर एक दिलचस्प सवाल पूछते हैं। इसके बाद जब आयुष्मान की शादी की तस्वीर का जिक्र होता है, तो वे बताते हैं कि किस तरह सूरज बडज़ात्या ने उन्हें पर्दे पर शादी के दौरान सेहरा न पहनने और घोड़ी पर न चढ़ने के उनके दोनों नियमों को तोड़ने के लिए तैयार कर लिया था। इस दौरान कपिल शर्मा भी अपनी मजेदार टिप्पणी से माहौल को और खुशनुमा बना देते हैं। वे सूरज बडज़ात्या की उन पारिवारिक मनोरंजक फिल्मों की कास्टिंग शैली पर चुटकी लेते हुए कहते हैं, दो मां कर दो, दो बाप कर दो, दो बुआ, दो चाचा, लड़का-लड़की तो मेरे पास हैं। इसके बाद बातचीत का सिलसिला और भी मनोरंजक हो जाता है। फिल्म की पूरी स्टारकास्ट अपने-अपने वैवाहिक जीवन से जुड़े अनुभव और दिलचस्प किस्से साझा करती है।



कलाकार एक-दूसरे की टांग खींचते हुए, मजेदार प्रसंगों और अपने विचारों के साथ इस चर्चा को हंसी और मनोरंजन से भर देते हैं। कपिल शर्मा के मंच पर होने वाली हर शाम हंसी और मनोरंजन के बिना अधूरी है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और सुनील ग्रोवर एक बार फिर अपने चिर-परिचित हास्य अंदाज और मजेदार प्रस्तुतियों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। उनकी अनूठी कमेडी, दिलचस्प अंदाज और अप्रत्याशित हास्यपूर्ण घटनाक्रम इस एपिसोड को और भी खास बनाएंगे। सूरज बडज़ात्या के प्रेम और पारिवारिक रिश्तों से जुड़े विचारों के साथ-साथ फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की पूरी स्टारकास्ट द्वारा साझा किए जाने वाले व्यक्तिगत अनुभवों और दिलचस्प किस्सों के चलते, इस शनिवार का एपिसोड भावनात्मक संवादों, शादी-ब्याह से जुड़े रोचक प्रसंगों और हास्य-विनोद का खूबसूरत संगम प्रस्तुत करने का वादा करता है।

आईटेल ने भारत में 15 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा पार किया

पटना (दैनिक नवसंदेश) । भारत के प्रमुख किफायती कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक आईटेल आज भारत में 15 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा पार करने की घोषणा की। यह उपलब्धि भारत में ब्रांड के 10 साल पूरे होने के मौके पर हासिल हुई है। यह आंकड़ा दिखाता है कि भारतीय ग्राहकों ने आईटेल पर कितना भरोसा जताया है। कंपनी ने हमेशा ऐसी टेक्नोलजी उपलब्ध कराने की कोशिश की है, जो आम लोगों की जरूरतों को पूरा करे और उनकी पहुंच में भी हो।

छोटे शहरों में पहली बार स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों से लेकर फीचर फोन से स्मार्टफोन पर अपग्रेड करने वाले परिवारों तक, आईटेल ने लाखों भारतीय परिवारों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अब कंपनी मोबाइल फोन के साथ-साथ टीवी और होम अप्लायंसेज जैसी कैटेगरी में भी अपनी मौजूी बढ़ा रही है। मजबूती, भरोसा और किफायती कीमत के अपने ब्रांड वादे के साथ पजमस ने भारत के वैल्यू सेगमेंट में मजबूत जगह बनाई है। काउंटर प्वाइंट रिसर्च के आंकड़ों के मुताबिक, वित्तीय वर्ष में 34 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ आईटेल भारत का नंबर 1 फीचर फोन ब्रांड है। वहीं 10,000 से कम कीमत वाले फोन सेगमेंट में 36 प्रतिशत मार्केट शेयर के साथ कंपनी सबसे आगे है।

आज आईटेल पोर्टफोलियो सिर्फ मोबाइल फोन तक सीमित नहीं है। इसमें स्मार्टफोन, फीचर फोन, टीवी, होम अप्लायंसेज, स्पीकर्स, एक्सेसरीज और कई दूसरे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स शामिल हैं। कंपनी का मकसद बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों और गांवों तक, ज्यादा से ज्यादा परिवारों तक भरोसेमंद टेक्नोलजी पहुंचाना है।

आईटेल इंडिया के सीईओ अरिजीत तलापात्रा ने कहा : 15 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा हमारे लिए सिर्फ एक नंबर नहीं, बल्कि पिछले 10 सालों में भारतीय परिवारों द्वारा हम पर जताए गए भरोसे का प्रतीक है। यह उपलब्धि दिखाती है कि हम भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों को समझते हुए उनके लिए भरोसेमंद और किफायती टेक्नोलजी लाने के अपने वादे पर लगातार काम कर रहे हैं। मोबाइल फोन से लेकर टीवी और होम अप्लायंसेज तक, हमारा सफर हमेशा ऐसी कैटेगरी में आगे बढ़ने का रहा है, जो भारतीय परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा हैं। हमारी कोशिश रही है कि नई और बेहतर टेक्नोलजी आम लोगों तक आसानी से पहुंचे।

आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

बीएसई 500 की सूची में शामिल 50 कंपनियों में निवेश करेगा फंड

मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी वाली कंपनियों का होगा चयन

बाजार में बदलते अवसरों के अनुसार समय-समय पर पोर्टफोलियो की समीक्षा की जाएगी

पटना (दैनिक नवसंदेश) । आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लान्च किया है। यह नया इक्विटी निवेश विकल्प कंपनी की ज्यादातर यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के साथ उपलब्ध होगा। इस फंड के माध्यम से निवेशकों को मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों में सकारात्मक रुझान वाली कंपनियों में निवेश करने का अवसर मिलेगा।

यह इंडेक्स फंड निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके तहत बीएसई 500 की सूची में शामिल 50 ऐसे शेयरों का विविध पोर्टफोलियो बनाया जाएगा, जो दो प्रमुख मानकों- मोमेंटम और क्वालिटी पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

फंड के लॉन्च पर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट अफिसर मनीष कुमार ने कहा, आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड निवेशकों को मजबूत कारोबारी मॉडल, कमाई की बेहतर संभावनाओं और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी वाली कंपनियों में निवेश के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने का प्रभावी अवसर देता है। खास बात यह है कि निवेशकों को ऐसी कंपनियों के पोर्टफोलियो में निवेश का मौका मिलेगा, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। कंपनियों का चयन रिटर्न अन इक्विटी, डेट टू इक्विटी और प्रति शेयर आय (ईपीएस) जैसे वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाता है। साथ ही, इन कंपनियों के शेयरों की कीमतों में पिछले 12 महीनों के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा, यह इंडेक्स फंड बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच ग्राहकों को लंबी अवधि के निवेश से मिलने वाले कंपाउंडिंग के लाभ का फायदा उठाने में सक्षम बनाने की कंपनी की रणनीति के अनुरूप है। इसके माध्यम से ग्राहकों को एक व्यवस्थित निवेश विकल्प मिलेगा, जो लगातार होने वाली वृद्धि को उनके परिवार की दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा में बदलने में मदद करेगा।

30 सितंबर, 2026 तक बीएसई 500 मोमेंटम क्लिटी 50 इंडेक्स ने सात साल की अवधि में 23. 7 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इसका मतलब है कि सात साल पहले निवेश किए गए एक लाख रुपए की कीमत आज बढ़कर 4. 4 लाख रुपए हो गई होती। इसके अलावा, कारोबार के बुनियादी पहलुओं और बाजार के अवसरों में बदलाव के अनुसार फंड के पोर्टफोलियो को हर तिमाही में रीबैलेंस किया जाता है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

पौराणिक मान्यता के अनुसार सृष्टिकाल से ही चली आ रही है सूर्यषष्ठी (छठ) व्रत की परंपरा

नहाय खाए के साथ आज से शुरू 4 दिवसीय लोक आस्था का महान पर्व सूर्यषष्ठी

मोतिहारी(एनएसबी)। लोक आस्था का महान पर्व सूर्यषष्ठी (छठ) वत का चार दिवसीय अनुष्ठान 13 नवम्बर शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। छठ वती 14 नवम्बर शनिवार को खरना एवं 15 नवम्बर रविवार को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगे। वही 16 नवम्बर सोमवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस चार दिवसीय अनुष्ठान का विधिवत समापन हो जाएगास शास्त्रों में द्वादश आदित्यों की कल्पना भगवान सूर्य की द्वादश शक्तियों के रूप में की गयी है। भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता माने जाते हैं। इनकी पूजा की परंपरा बहुत पहले से भारत में ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त है,क्योंकि सूर्य के प्रकाश से ही चन्द्र भी प्रकाशित होते हैं एवं तारे भी चमकते हैं जो अनेक ग्रहों व नक्षत्रों के रूप में माने जाते हैं। भगवान सूर्य के कारण ही दिन तथा रात का वर्गीकरण संभव हो पाता है। आधुनिक वैज्ञानिक ष्टिकोण से भी सौर ऊर्जा महत्वपूर्ण मानी जाती है। सूर्य की पूजा करने का विधान तो संध्योपासन में भी है,जिससे मानसिक एवं शारीरिक ऊर्जाएँ प्राप्त होती हैं। इसके अतिरिक्त हमारी भारतीय



प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय।

संस्ति भगवान सूर्य को परब्रह्म के रूप में मानती है। सूर्य की उत्पत्ति परमात्मा की आँखों से मानी गयी है। वे जड़ चेतन समस्त सृष्टि की आत्मा हैंस उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दीस उन्होंने बताया कि सूर्योपासना से आयु,विद्या,बुद्धि,बल,तेज एवं मुक्ति की प्राप्ति होती है। आयुर्वेद शास्त्र में भी आरोग्य की प्राप्ति के लिए सूर्योपासना का निर्देश दिया गया है- ंआरोग्यं भास्करादिच्छेत्श्२ अर्थात् आरोग्य के लिए सूर्य की पूजा करें। जहाँ तक छठ माता का संबंध है,जिनकी पूजा सूर्यषष्ठी वत के रूप में की जाती है यह शक्ति रूपा मानी जाती हैं। इनकी पूजा पौराणिक काल से चली आ रही है जिसका निर्देश लौकिक छठ वत की कथाओं,मान्यताओं एवं महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले गीतों में मिलता है और यह प्रत्यक्ष भी है। सत्व,रज,तम ये तीनों ही गुण छठी माता के नियंत्रण में काम करते हैं जो सृष्टि के संचालक एवं संबर्द्धक हैंस प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि सूर्यषष्ठी वत की परंपरा सृष्टिकाल से ही चली आ रही है। यह वत सत्ययुग में नागकन्या के उपदेश से शर्याति नामक राजा की पुत्री तथा च्यवन ऋषि की पत्नी सुकन्या ने किया था। भगवान राम ने सूर्योपासना करके ही रावण पर विजय प्राप्त की थी। महारथी कर्ण ने सूर्योपासना से ही कवच-कुण्डल प्राप्त किए थे। धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्योपासना से ही राज्यलक्ष्मी पुनः प्राप्त की थी। वती माताओं में छठी माता शक्तिरूप में विद्यमान होकर जगत् का कल्याण करती हैं,यह प्रत्यक्ष देखा जाता है। सामाजिक शक्ति के रूप में छठी माता घाटों पर श्री सविता (सिरसोप्ता) के रूप में बनायी जाती हैं और अस्ताचल होते हुए सूर्य से उनका संबंध बिठाया जाता है जो एक शक्ति का प्रत्यक्ष रूप ही हैस छठ पूजा में ईंख, अदरख, मूली, हल्दी, सुथनी, अरवी, नीम्बू, बोड़ी, नारियल, सिंघाड़ा, केला, साठी चावल, गुड़, ऋतुफल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची आदि औषधियों एवं विभिन्न प्रकार के ऋतुफलों का उपयोग भी अर्घ्य के रूप में किया जाता है। अतः इस वत औषधियों के संबर्धन व संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान हैस चूंकि बिहार पूर्व दिशा में स्थित है और सूर्योदय भी पूर्व दिशा में ही होता है,साथ ही शक्तिरूपा माता सीता का संबंध भी यही से है। अतः सूर्य की उपासना बिहार के कोने-कोने में होना स्वाभाविक ही है। सूर्यषष्ठी वत श्रद्धा व विश्वास के साथ करने से मनुष्य के ज्ञाताज्ञात समस्त पापों का नाश होता है तथा मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है।

संक्षिप्त खबरें

साइकिल सवार किशोर को ट्रैक्टर ने कुचला,मौके पर हुई मौत

चकिया(एनएसबी)। शहर के केसरिया रोड स्थित बाजार समिति गेट के निकट गुरुवार को ट्रैक्टर ने साइकिल सवार किशोर की रौद दिया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि साइकिल सवार दूसरा घायल हो गया। मृत किशोर की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के भुवन छपरा गांव स्थित छपरा विश्वनाथ टोला के वार्ड पांच निवासी मो निजामुद्दीन के 15 वर्षीय पुत्र अकीब राजा जबकि घायल की पहचान उसके भाई के रूप में बताया जाता है। ग्रामीणों से से मिली जानकारी के अनुसार मृत किशोर साइकिल से अपने भाई के साथ चकिया बाजार में कपड़ा खरीदने गया था। तभी उक्त स्थान पर केसरिया के तरफ जा रही लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने साइकिल सवार किशोर को कुचल दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में दोनों भाई को आनन फानन में निजी क्लीनिक में ले जाया गया,जहां पर चिकित्सक ने अकिब को मृत बता दिया जबकि दूसरे घायल भाई का उपचार चल रहा है। वह खतरे से बाहर बताया गया। घटना के उपरांत ट्रैक्टर चालक घटनास्थल के निकट हीं ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

चकिया के मनीछपरा में घर में घुसकर एक युवक को तलवार से काटा, हुई मौत

चकिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के मनीछपरा गांव में बुधवार को देर रात्रि में तलवार से काटकर एक युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी फूलगेन साह के 21 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में पड़ोसी ने घर में घुसकर सुबोध कुमार पर तलवार से हमला किया। जिसमें उसका एक हाथ कट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन फानन में घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले गए,जहां पर चिकित्सक ने चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी स्थिति नाजुक होते देख रेफर कर दिया। बेहतर उपचार के लिए पटना ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस को प्रेम प्रसंग में हत्या की जानकारी मिली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त मनीछपरा गांव निवासी जयलाल साह के पुत्र संजय साह तथा दूसरा नाबालिक को गिरप्तार कर लिया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतक तीन भाई में सबसे छोटा था। वहीं घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बताया जा रहा है। कुछ स्थानीय लोगों ने घटना के पीछे प्रेम प्रसंग की आशंका जताई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

केन्द्रीय कारा में छठ की धूम

मोतिहारी(एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर मोतिहारी केंद्रीय कारा में भी भक्तिमय माहौल बन गया है। जेल में बंद महिला और पुरुष बंदी विधिवत छठ वत करेंगे और सूरज भास्कर को अर्घ्य अर्पित करेंगे। कारा प्रशासन की ओर से पर्व को लेकर विशेष तैयारी की गई है। केंद्रीय कारा प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष जेल में कुल 75 महिला बंदी छठ महापर्व का अनुष्ठान करेगी इसमें 52 विचाराधीन और 23 सजा बंदी शामिल है। वही 62 पुरुष बंदी भी छठ वत करेंगे जिसमें 45 विचाराधीन तथा 17 सजा बंदी है। इस प्रकार कुल 137 बंदी छठ महापौर में शामिल होंगे। इस वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर केंद्रीय कारा में बंद मुस्लिम महिला बंदी रुखसाना खातून पिछले बार 12 वर्षो से छठ वत करती आ रही है उन्होंने कारा के अंदर पर्व के दौरान 11 बार छठ वत किया है जबकि कारा के बाहर रहने के दौरान मात्र एक बार इस महापर्व का अनुष्ठान किया है। वही छठ वत करने वाले के लिए सभी बंदियो को कारा प्रशासन की ओर से नए वस्त्र पूजन सामग्री और फल दिए जा रहे हैं। पर्व को लेकर केंद्रीय कारा के अंदर बने तालाब की साफ सफाई और रंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसके साथ ही तालाब और आसपास के क्षेत्र में सजावट का कार्य किया जा रहा है। कल प्रशासन की ओर से बंदियो को छठ महापर्व के अनुष्ठान के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है ताकि वे श्रद्धा और विधि विधान के साथ सूर्य भगवान को अर्ध अर्पित करें। छठ महापर्व को लेकर केंद्रीय कारा के अंदर बंदियों के बीच काफी उत्साह है महिला और पुरुष बंदी पारंपरिक तरीके से छठ पूजा की तैयारी में जुटे हैं।



छठ पूजा की तैयारी।

छठ-दिवाली पर घर लौटे प्रवासियों को फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए विशेष अभियान शुरू

मोतिहारी(एनएसबी)। फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले में विशेष दवा सेवन अभियान शुरू किया है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा चिति जिले के 37 उच्च प्राथमिकता वाले गांवों में 20 नवंबर 2026 तक अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य छठ और दिवाली के अवसर पर दूसरे राज्यों से घर लौटे प्रवासियों के साथ पूर्व के अभियान में दवा सेवन से वंचित रह गए लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाना हैस जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ड़ शरत चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में शुरू हुए अभियान के पहले चरण में मोतिहारी शहरी क्षेत्र के लोहारपट्टी (वार्ड-20), मेहसी के भुरकुरवा, रक्सौल के खेखरिया, कोटवा के खजुरिया और हरसिद्धि के रानीछपरा गांव में विशेष शिविर लगाए गएस्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फरवरी 2026 में आयोजित एमडीए अभियान के दौरान रोजगार और अन्य कारणों से दूसरे राज्यों में रह रहे कई लोग दवा सेवन से वंचित रह गए थे। अब त्योहार के अवसर पर उनके घर लौटने पर आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम उनकी पहचान कर दवा खिला रही है।मोतिहारी के लोहारपट्टी में यूपीएचसी छतौनी में नोडल मेडिकल अफिसर ड़ सुनील कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। अभियान में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और पिरामल फाउंडेशन की टीम ने सहयोग किया। वहीं, मेहसी के भुरकुरवा में बीसीएम नजीब अहमद, पूर्व मुखिया अजय राय और पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की निगरानी में अभियान शुरू हुआ। यहां आशा कार्यकर्ताओं को दवा उपलब्ध कराकर घर-घर जाकर छूटे लोगों को दवा खिलाने की जिम्मेदारी दी गई है।रक्सौल के खेखरिया गांव में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ राजीव रंजन ने कहा कि फाइलेरिया गंभीर और आजीवन रहने वाली बीमारी है। इससे बचाव के लिए निर्धारित अभियान के दौरान दवा का सेवन जरूरी है। इस मौके पर बीसीएम रंजीत सिन्हा, सीएचओ गायत्री कुमारी, जीविका दीदियां और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।इधर, कोटवा के खजुरिया और हरसिद्धि के रानीछपरा गांव में भी दवा एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर अभियान शुरू कर दिया गया है।

पूर्वी चंपारण में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित, 35.10 लाख मतदाता शामिल

12 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावा-आपत्ति चार जनवरी 2027 को होगा अंतिम प्रकाशन

मोतिहारी(एनएसबी)। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के आलोक में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर गुरुवार को पूर्वी चंपारण जिले के सभी 12 विधानसभा निर्वाचन



क्षेत्रों की निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गईस प्रारूप प्रकाशित निर्वाचक सूची के अनुसार जिले में कुल 35,10,630 मतदाता हैं। इनमें 18,71,150 पुरुष, 16,39,418 महिला तथा 62 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। जिले का मतदाता लिंगानुपात 876 है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का अनुरोध किया, ताकि निर्वाचक सूची को स्वच्छ, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। अद्यतन विवरण के अनुसार जिले में विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से कुल 10,767 बीएलए नियुक्त किए गए हैं। इनमें भाजपा के 3,042, राजद के 3,360, कांग्रेस के 2,022, जदयू के 1,922, सीपीआई (मार्क्सवादी) के 256 तथा बसपा के 119 बीएलए शामिल हैं।जिला पदाधिकारी ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचक सूची में कोई भी योग्य मतदाता छूटने नहीं पाए। वहीं मृत, स्थायी रूप से विस्थापित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

11 दिसंबर तक कर सकेंगे दावा-आपत्ति

निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए अनलाइन और अफलाइन माध्यम से प्रपत्र-6, 7 एवं 8 में दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके लिए 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर को विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। इन तिथियों पर सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर मतदाताओं से आवेदन प्राप्त करेंगे। प्राप्त दावा-आपत्तियों को बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से डिजिटाइज किया जाएगा। सभी आवेदनों का निष्पादन 18 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद 4 जनवरी 2027 को निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।बैठक में नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी आशुतोष राय, भाजपा के ड़ लाल बाबू प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी के राहुल शर्मा, कांग्रेस के उपाध्यक्ष औसैदुर रहमान, जदयू के भरत पटेल, राजद के सुरेश सहनी, सीपीआई (मार्क्सवादी) के सत्येंद्र कुमार मिश्र, आम आदमी पार्टी के सुनील कुमार कुशवाह तथा लोजपा (रामविलास) के छटू कुमार पासवान सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

पूर्वी चंपारण में लक्ष्य से अधिक बने 17,893 नए राशन कार्ड, 10 लाभुकों को डीएम ने सौंपा कार्ड

राज्यस्तरीय कार्यक्रम का एनआईसी में हुआ सीधा प्रसारण, मुख्यमंत्री ने 23.75 लाख लाभुकों को राशन कार्ड और 1448 नई पीडीएस दुकानों की अनुज्ञप्ति का किया वितरण

मोतिहारी(एनएसबी)। पटना के ज्ञान भवन में गुरुवार को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य के 23 लाख 75 हजार नए लाभुकों को राशन कार्ड तथा जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की 1448 नई दुकानों के लिए अनुज्ञप्तियों का वितरण किया। कार्यक्रम का पूर्वी चंपारण सहित राज्य के सभी जिलों में सीधा प्रसारण किया गयास जिला स्तर पर समाहरणालय स्थित एनआईसी में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सदर



राशन कार्ड सौंपते डीएम।

प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में राशन कार्ड के लाभुक उपस्थित रहे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के प्रसारण के बाद डीएम ने प्रतीकात्मक रूप से 10 लाभुकों को राशन कार्ड प्रदान किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्वी चंपारण में पिछले तीन माह के दौरान पंचायत स्तर पर लगाए गए शिविरों और सहयोग शिविर के माध्यम से नए राशन कार्ड के लिए आवेदन प्राप्त किए गए। जिले में नए राशन कार्ड बनाने का निर्धारित लक्ष्य 12,600 था, जिसके विरुद्ध अब तक 17,893 नए राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस प्रकार जिला निर्धारित लक्ष्य से काफी आगे निकल चुका हैस उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली की नई दुकानों की अनुज्ञप्ति निर्गत करने की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है। राशन कार्ड वितरण का मुख्य उद्देश्य पात्र परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़कर खाद्य सुरक्षा का लाभ उपलब्ध कराना है। नए राशन कार्ड मिलने से पात्र परिवारों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त करने में सुविधा होगी।

संक्षिप्त खबरें

तुरकौलिया चौक के पास लगा है कचरे का अंबार, लोगों ने की सफाई की मांग

तुरकौलिया(एनएसबी)। कोटवा जाने वाली सड़क पर तुरकौलिया चौक के पास गी का अंबार लगा हुआ है। छठ महापर्व के अवसर पर भी सफाई नही कराने से छठ वतियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि तुरकौलिया मुख्य चौक के पास कचरे का पहाड़ बना हुआ है। लेकिन हैरत कि बात है कि जनप्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन इससे अनजान बने हुए हैं। इसी सड़क से बसवरिया टोला, कवलपुर नहर, शर्मा टोला सहित अनेकों गांव के छठवती होकर गांधी छठघाट जाते हैं। मुंह पर कपड़ा रखकर यहां से गुजरना पड़ता है। संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है। बदबू के कारण आसपास के घर वाले को खिड़की और दरवाजे बंद रखना पड़ता है। थोड़ा सा पानी होने पर नारकीय स्थिति हो जाता है। सड़क पर गीला कचरा फैलने से राहगीरों का चलना दूभर हो जाता है। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तुंरत कचरा हटाने की मांग की है। लोगों का यह भी कहना था कि त्योहार के अवसर पर यह हाल है, बाकी दिनों का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

दो बाइकों के टक्कर में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

चौथम (एनएसबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-107 पर करुआ मोड़ पेट्रोल पंप के समीप दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाइक पर सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। हादसे में महिलाओं के सिर में गंभीर चोटें आने की जानकारी मिली है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार महिलाएं गंगा ान कर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान करुआ मोड़ पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पर सवार महिलाएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद में जुट गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से दोनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), चौथम पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों की देखरेख में दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाओं के सिर में चोटें आई हैं। इधर, घटना की सूचना मिलते ही चौथम थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी सहयोग किया। इस संबंध में चौथम थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

17 नवंबर को किसानों का होगा महापंचायत

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के चर्चित दुर्गा मंदिर परिसर में आगामी 17 नवंबर को किसानों की एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पूर्व मुखिया राजेंद्र सिंह, पूर्व समिति सदस्य रोहिन सिंह, उप सरपंच प्रतिनिधि अंशु भारती, पैक्स अध्यक्ष अध्यानंद सिंह, ड़ पोरस सिंह, संजय सिंह, नरेश सिंह और ड़ नंदकिशोर सिंह ने जानकारी दी है कि इस महापंचायत में खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा तथा परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य सहित क्षेत्र के अन्य विधायक भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस महापंचायत का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को अपनी षि संबंधी गंभीर समस्याओं पर खुलकर चर्चा करने और उनके समाधान के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है। किसानों का सबसे बड़ा दर्द हर साल चौर और बहियार क्षेत्रों में होने वाला जलभराव है, जिसके कारण हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि बेकार पड़ी रहती है। समय पर जल निकासी न होने से सही समय पर बुआई नहीं हो पाती है और किसानों को फसलों का भारी नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों की प्रमुख मांग है कि इस विकट समस्या के स्थायी निदान के लिए इलाके में एक पक्के नहर की उचित व्यवस्था की जाए ताकि खेतों तक समय पर पानी पहुंच सके और सिंचाई सुगम हो सके। इसके अलावा, वर्ष 2015 से सरकार द्वारा उस जमीन पर लगाई गई खरीद-बिक्री तथा मालगुजारी रसीद कटाने की रोक के मुद्दे पर भी विशेष चर्चा की जाएगी। किसानों की इन समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उचित स्तर पर उठाया जाएगा ताकि सांसद और विधायकों द्वारा इस मामले को शासन-प्रशासन के उच्च स्तर तक भेजकर ठोस और स्थायी समाधान निकाला जा सके।

पत्नी के हत्यारा पति गिरफ्तार

खगड़िया। जिले के अलौली थाना क्षेत्र के संझोती में पति ने पत्नी को कुदाल से वार कर हत्या किये जाने के मामले में पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी षैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम संझौती, वार्ड न 07 निवासी गजेन्द्र राम पे स्व मिश्री राम के द्वारा कुदाल से वार कर अपनी पत्नी उषा देवी हत्या कर दी है। प्राप्त सूचना के सत्यापनोपरांत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -02, खगड़िया के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका के शव को कब्जा में लेकर मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर अन्त्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल, भेजा गया। छापामारी टीम के द्वारा मृतिका के पति गजेन्द्र राम पे स्व मिश्री राम को गिरफ्तार कर लिया गया। घटनास्थल के निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन हेतु एफएसएल टीम को सूचित किया गया। एफएसएल टीम के द्वारा भी घटनास्थल के निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य किया गया है। छापामारी टीम के द्वारा घटना कारित करने में प्रयुक्त कुदाल को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया है। घटना का कारण के संबंध में जब वादी से पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा बताया गया है कि अभियुक्त गजेन्द्र राम पिछले कुछ दिनों से बीमार थे जिनका चिकित्सक के यहां ईलाज चल रहा था, जबकि गजेन्द्र राम झाड़-फूंक करवाना चाहते थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच तनाव उत्पन्न हो गया था। जिसके कारण यह घटना घटी। इस घटना के संबंध मृतिका के पुत्र विकास कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर अलौली थाना कांड सं 484ध्26 दर्ज की गई है।

'ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के खुलेंगे हजारों अवसर : मंत्री'

पटना (एनएसबी)। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए नालंदा जिले में गुरुवार को दो नई फैक्ट्रियां शुरू की गई। इनका उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्री श्रवण कुमार ने किया। उन्होंने नूरसराय प्रखंड के ग्राम परमानंद बिगहा में श्री फौजी इंटरप्राइजेज नाम से नमकीन मि र तैयार करने वाली फैक्ट्री और बेन प्रखंड के ग्राम बेन में खुशबू पेपर प्लेट मैन्युफै रिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड सह पत्तल निर्माण फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इस तरह के उद्योगों खासकर लघु उद्योगों की शुरुआत होना औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने में एक सशक्त पहल है। इस तरह के उद्योगों की मदद से स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों अवसर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खुलेंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार की तलाश करने के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा, उन्हें अपने ही गांव-प्रखंड में रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे और लघु उद्योगों को लगातार बढ़ावा दे रही है। इसे लेकर कई खास तरह की नीतियां तैयार की गई हैं।

संक्षिप्त खबरें

छठ घाटों की सफाई के लिए चला अभियान, अक्षय सिंह के नेतृत्व में जेसीबी से हुई सफाई



जागरूकता अभियान में शामिल मंच के कार्यकर्ता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के कड़ी में आजाद युवा विचार मंच द्वारा एक दिवसीय बालक एवं बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया गया। मंच के संयोजक मृत्युंजय झा की अध्यक्षता एवं खेल प्रकोष्ठ प्रभारी नीतीश मिश्रा के संचालन में आयोजित नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान खेल कार्यक्रम में उपस्थित शैलेश कुमार झा ने नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया।आयोजित खेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मृत्युंजय कुमार झा ने उपस्थित युवाओं से नशा के दुष्प्रभाव, उससे होने वाले शारीरिक, सामाजिक एवं परिवारिक क्षति पर युवाओं से चर्चा करते हुए इस नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा अभियान में अपनी भागीदारी देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रेमसागर कुमार, राष्ट्रीय हांकी खिलाड़ी रश्मि सोरेन ने भी सभी खिलाड़ियों को इस नशा मुक्ति एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक जुड़ने का आग्रह किया। नीतीश मिश्रा ने ग्रामीण स्तर पर नशामुक्ति एवं सड़क सुरक्षा को लेकर खेल आयोजन के माध्यम से जागरुकता अभियान को व्यापक रूप से किये जाने कि बात कही। कार्यक्रम में अमित कुमार हेम्ब्रम, विकास गिरी, सुरज कुमार, कोमल कुमारी, अन्नु कुमारी, मोनी कुमारी, स्वाति कुमारी, राहुल कुमार साह, सतीश कुमार, अंकित कुमार, अमन कुमार, राणा कुमार पासवान आदि खिलाड़ी उपस्थित थे।

छठ महापर्व को लेकर विद्युत विभाग अलर्ट, विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. अमित कुमार ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते विद्युत कार्यपालक अभियंता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। छठ महापर्व के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सहरसा ई. अमित कुमार ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर वहां की विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठ घाटों एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में बिजली के खंभों, विद्युत तारों, ट्रांसफॉर्मरों तथा अन्य विद्युत उपकरणों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही घाटों तक पहुंचने वाले मार्गों एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही वाले स्थानों पर विद्युत सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि छठ घाटों के आसपास लटकते या क्षतिग्रस्त विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त किया जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां विद्युत उपकरणों की सुरक्षा एवं उचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसी भी संभावित विद्युत दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने तथा सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया। विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. अमित कुमार ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों के किनारे अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। ऐसे में विद्युत सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग का प्रयास है कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी छठ घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मियों को पर्व के दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहने, विद्युत संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की ओर से श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि छठ घाटों पर बिजली के खंभों, तारों एवं ट्रांसफॉर्मरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। विद्युत खंभों या तारों के आसपास कपड़े, सजावटी सामग्री अथवा अन्य वस्तुएं न बांधें। किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या या संभावित खतरे की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विद्युत विभाग छठ महापर्व को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जेसीबी से विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई



साफ-सफाई में जुटे स्थानीय मुखिया व अन्य।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अतलखा पंचायत के ननौती गांव में महापर्व छठ पूजा को लेकर विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। गुरुवार को गांव के वार्ड संख्या 13, 14 और 15 स्थित छठ घाटों की जेसीबी मशीन से सफाई कराई गई। इस दौरान पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी अक्षय सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मिलकर घाटों की साफ-सफाई कराई, ताकि छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। और अतिसंवेदनशील घाटों को चिन्हित कर बेरिकेडिंग कराई गई। इस मौके पर मिथिलेश झा, आशीष झा, मिठू झा, निखिल झा, दिलखुश मिश्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

101 वर्षीय सुखदेव मंडल पहलवान का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर निधन की सूचना पर मुखिया धीरेन्द्र महतो ने पहुंचकर परिजनों को बंधाया ढांढस



पहलवान को प्रणाम करते मुखिया।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। जम्हरा पंचायत स्थित चिनाही वार्ड संख्या 11 निवासी सुखदेव मंडल पहलवान का 101 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मस्तान मंडल के पिता थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुखदेव मंडल सामाजिक विचारधारा के व्यक्ति थे। वे अपने सरल स्वभाव और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे। निधन की सूचना मिलने पर जम्हरा पंचायत के मुखिया धीरेन्द्र महतो उनके आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनके निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

छठ घाटों की तैयारियों का पूर्व मंत्री डॉ. आलोक व जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

सहरसा शहर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के मद्देनजर पूर्व मंत्री बिहार सरकार सह निवर्तमान विधायक सहरसा डॉ. आलोक रंजन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने अनुमंडल पदाधिकारी तथा नगर निगम के स्वच्छता पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ सहरसा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित छठ घाटों का भ्रमण कर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई, जल की स्थिति, घाटों तक पहुंचने के रास्ते, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घाटों तक जाने वाले रास्तों को दुरुस्त किया जाए तथा पर्याप्त रोशनी, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं।डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि छठ महापर्व सहरसा सहित पूरे बिहार की आस्था, श्रद्धा और लोक संस्कृति से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इस महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। ऐसे में छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना प्रशासन एवं नगर निगम की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए छठ पूजा से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने भी नगर निगम के अधिकारियों को घाटों की नियमित साफ-सफाई, कचरे का उठाव, जल एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री भैरवानंद झा, अखिलेश सिंह, संजय कुमार, ससी सोनी, नरेश पासवान, सुमन सांडिल्य सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



जायजा लेते पूर्व मंत्री, जिलाध्यक्ष व एसडीओ।

नाबालिग लड़की का अपहरण कर पांच लाख रुपये फिरौती मांगने का आरोप

■ पहाड़पुर बाजार में काली पूजा का मेला देखने गई थी किशोरी, मां के आवेदन पर एक नामजद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज; पुलिस ने शुरू की छानबीन

सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा) (एनएसबी)। बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। अपहृत किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक पर गलत नीयत से उसकी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं, स्वजनों को फोन कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगे जाने की बात भी आवेदन में कही गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बख्तियारपुर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, किशोरी की मां ने बताया कि मंगलवार को उनकी नाबालिग पुत्री पहाड़पुर बाजार में काली पूजा के अवसर पर आयोजित मेले में घूमने गई थी। काफी देर तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो स्वजनों को चिंता होने लगी। इसके बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के ही एक गांव का युवक उनकी पुत्री को गलत नीयत से अगवा कर ले गया है। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि किशोरी का मोबाइल फोन बंद आ रहा है। वहीं, एक अन्य मोबाइल नंबर से उसके रिश्तेदार के मोबाइल पर फोन कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी जा रही है। इस घटना के बाद से परिजन काफी परेशान हैं और किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं। इधर, मामले को लेकर बख्तियारपुर थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि किशोरी की मां के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने जल्द ही अपहृत लड़की को सकुशल बरामद करने की बात कही है।

नव प्राथमिक विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर हजारों रुपये के बर्तन चोरी

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय ईटहरी सोनलाल मंडल टोला में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर हजारों रुपये के बर्तन एवं अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया। इस संबंध में विद्यालय के प्रधान शिक्षक मनोज कुमार चैधरी ने बनमा ईटहरी थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, बीते 10 नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोईघर का ताला तोड़कर दो टोपिया, तीन कठौत, दो स्टील बाल्टी, 55 प्लेट, एक स्टील छोलनी, दो स्टील डब्बू एवं एक लोहे का सामान चोरी कर लिया। प्रधान शिक्षक ने बताया कि 11 नवंबर को सुबह करीब 11 बजे ग्रामीणों के माध्यम से दूरभाष पर सूचना मिली कि विद्यालय के रसोईघर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद विद्यालय पहुंचकर जांच की गई तो रसोईघर से उपरोक्त सामान गायब पाया गया। इसके बाद विद्यालय के अध्यक्ष, सचिव एवं आसपास के ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी गई। प्रधान शिक्षक ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा चोरी की घटना में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके। इस दौरान थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने कहा मामले की जानकारी मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



आवेदन दिखाते प्रधान शिक्षक।

अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची का होगा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण

12 नवंबर को प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन, 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावा व आपत्ति दर्ज कराने की अवधि

सहरसा शहर (एनएसबी)। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई। पुनरीक्षण का उद्देश्य निर्वाचक सूची को स्वच्छ, शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे तथा अपात्र अथवा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का नियमानुसार निराकरण किया जा सके। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया गया है।

प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन 12 नवंबर दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक। पुनरीक्षण कार्यक्रम का समय सारणी विशेष अभियान 21 एवं 22 नवंबर तथा 05 एवं 06 दिसंबर दावा एवं आपत्तियों का निपटान 28 दिसंबर निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 बैठक में बताया गया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान अर्हता प्राप्त कोई भी व्यक्ति निर्वाचक सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त, निर्वाचक सूची में दर्ज किसी भी प्रकार की गलत प्रविष्टि के विरुद्ध नियमानुसार आपत्ति भी दर्ज कराई जा सकती है। चार अर्हता तिथि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के साथ-साथ आगामी तीन अर्हक तिथियों अर्थात 01 अप्रैल 2027, 01 जुलाई 2027 एवं 01 अक्टूबर 2027 के आधार पर भी निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके लिए विभिन्न प्रकार के आवेदन प्रपत्र निर्धारित किए गए हैं। प्रपत्र-6 अथवा 6क के माध्यम से निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने, प्रपत्र-7 के माध्यम से मौजूदा निर्वाचक सूची से नाम हटाने तथा प्रपत्र-8 के माध्यम से निवास स्थान परिवर्तन, निर्वाचक सूची की प्रविष्टियों में सुधार, ईपिक प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन के रूप में चिह्नित करने हेतु आवेदन दिया जा सकता है। बैठक में स्पष्ट किया गया कि प्रपत्र-7 के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक आपत्ति के संदर्भ में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से नोटिस जारी किया जाएगा तथा संबंधित व्यक्ति को नोटिस का तामिला सुनिश्चित किया जाएगा। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा नोटिस निर्गत करने तथा समुचित आदेश पारित करने के बाद ही प्रारूप निर्वाचक सूची से किसी नाम को हटाया जा सकेगा। इस प्रक्रिया में निर्धारित कानूनी प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।राजनीतिक दलों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकताओं को मतदाताओं से भरे हुए आवेदन प्रपत्र एकत्र करने एवं प्रतिदिन प्रति बीएलए अधिकतम 10 आवेदन (प्रपत्र-6, 7 एवं 8) जमा करने की अनुमति दी गई है। बीएलओ द्वारा आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप दावाकर्ता अथवा आपत्तिकर्ता के पते पर जाकर प्रत्येक आवेदन में अंकित तथ्यों की जांच एवं सत्यापन किया जाएगा। यदि कोई बीएलए दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की पूरी अवधि के दौरान 30 से अधिक आवेदन प्रस्तुत करता है, तो ऐसे आवेदनों का पुनः सत्यापन स्वयं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अथवा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके तहत निम्नलिखित प्रपत्रों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। प्रपत्र-9, प्रपत्र-6 के माध्यम से प्राप्त नाम जोड़ने संबंधी आवेदनों की सूची। प्रपत्र-10, प्रपत्र-7 के माध्यम से प्राप्त नाम विलोपन संबंधी आवेदनों की सूची। प्रपत्र-11, प्रपत्र-8 के माध्यम से प्राप्त प्रविष्टियों में सुधार, ईपिक प्रतिस्थापन एवं दिव्यांगजन के रूप में चिह्नित करने संबंधी आवेदनों की सूची। इसके अतिरिक्त, प्रपत्र-9, 10, 11, 11क एवं 11ख की एक प्रति निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिहार की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी। इससे आम नागरिक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूची का अवलोकन कर सकेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ स्तरीय अभिकताओं की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, बूथ स्तरीय अभिकताओं, बीएलओ एवं आम नागरिकों के समन्वित सहयोग से ही त्रुटिरहित एवं अद्यतन निर्वाचक सूची तैयार की जा सकती है।



बैठक में डीएम, जनप्रतिनिधि व अन्य।

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर सोनवर्षाराज थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक नव पदस्थापित थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में बीडीओ अमित आनंद व राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह भी उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के विभिन्न स्थल नदी किनारे या फिर तालाब सहित अन्य जगहों पर बनने वाले छठ घाट कि जानकारी प्राप्त करते हुए लोगों से सावधानियां बरतने की अपील कि गई।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आर ओ सैयद बादशाह ने कहा कि नदी और तालाब किनारे छठ पर्व मनाने वाले श्रद्धालुओं को ऐतिहात बरतने की जरूरत है। गहरे पानी में जाने से बचे और बच्चों को गहरे पानी में जाने से रोकें। वहीं थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा कि भीड जुटने वाले छठ घाट पर पुलिस बल के साथ साथ चैकीदार कि तैनाती किया जाएगा। साथ ही दोनों समय सभी गश्ती दल भी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर गश्त करेगें। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें किसी भी तरह की कोई सूचना अविलंब थाना पुलिस को देने की अपील लोगों से किया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से छठ घाटों पर रौशनी का प्रबंध करते हुए महिलाओं के सुरक्षा की व्यवस्था करने की भी बात कहा। बच्चों को नदी या तालाब में स्नान के दौरान ऐतिहात बरतने की अपील किया। जिससे किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न घटे। बैठक में मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह, नगर पंचायत सोनवर्षा के चेयरमैन मनीष कुमार, दिनेश कुमार सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र नारायण सिंह, पूर्व उपप्रमुख कुमार मौलेश सिंह, अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रुद्र नारायण ठाकुर, जदयू नेता इन्द्रदेव साह, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के राजीव कुमार सिंह मुन्ना, अरुण कुमार सिंह, अंसार आलम, निर्भय कुमार सिंह, असफाक, राजद नेता सुधीर कुमार सिंह, इब्राहिम, उपेन्द्र यादव, पूर्व मुखिया ललन यादव, पूर्व मुखिया अंसार आलम, सुनील सम्राट, वार्ड पार्षद मोहन कामत, वार्ड पार्षद हरिमोहन यादव उर्फ गुड्डू, राजद नेता सुधीर यादव, अरविंद झा, सोनू कुमार, शहनवाज, गोपाल कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



बैठक में बीडीओ, थानाध्यक्ष व जनप्रतिनिधि।

संक्षिप्त खबरें

ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाओं सहित कई यात्री घायल

खगड़िया (एनएसबी)। जिले के मोरकाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बछौता मिडिल स्कूल गोला गाछी के पास सवारियों से लदी एक ई-रिक्शा पलटने से दो महिलाओं सहित कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार छठ पूजा का सामान खरीदने के लिए लोग दहमा से खगड़िया बाजार आने के क्रम में उक्त घटना घटी। घायलों में अलौली थाना अंतर्गत दहमा निवासी संजय सदा की पुत्री अमृता कुमारी, संदीप सदा की पत्नी संजना कुमारी समेत मंटु सदा का पुत्र रविन कुमार की स्थिति काफी गंभीर बताई गई है। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

जीआरपी पुलिस ने बाल सुधार गृह भेजा दिव्यांग बालक को

खगड़िया (एनएसबी)। मानसी रेलवे स्टेशन पर जी आर पी पुलिस को गुरुवार की सुबह प्लेटफार्म नंबर 03 पर एक अज्ञात दिव्यांग बच्चा लावारिस अवस्था मे मिला। जिसकी उम्र 10 वर्ष के करीब बताई गई। काफी पूछताछ के बावजूद उसके परिजनों का कोई पता नहीं चल सका। मानसी जीआरपी द्वारा खगड़िया बाल सुधार गृह से संपर्क कर पुलिसकर्मी के साथ मेडिकल जांच के लिए उसे सदर अस्पताल लाया गया । सदर अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए साथ आए पुलिसकर्मी ने बताया कि गुरूबार की सुबह सूचना मिली कि एक दिव्यांग बच्चा काफी देर से प्लेटफार्म नंबर 03 पर पड़ा हुआ है। तत्काल पुलिस द्वारा बाल सुधार गृह के अधिकारी को सौंप दिया गया। मानसी जी आर पी द्वारा मामले की जांच कर रही है। फिलहाल सीसीटीवी फूटेज को खंगाला जा रहा है।

टीबी मरीजों के बीच किया पोषण सहायता किट का वितरण

गोगरी (एनएसबी)। अनुमंडलीय अस्पताल, गोगरी के अंतर्गत मंगलवार को निक्षय मित्र के सौजन्य से 25 टीबी मरीजों के बीच पोषण सहायता किट का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना और इलाज के दौरान उन्हें पोषण संबंधी सहायता प्रदान करना है। इस मौके पर ड अभिषेक द्वारा मरीजों को नियमित रूप से दवा का सेवन करने, पौष्टिक भोजन लेने तथा चिकित्सकों द्वारा दिए गए परामर्श का पालन करने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए समाज के सक्षम लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की मदद करने की अपील की गई ।बताया गया कि टीबी मरीजों को समय पर उपचार के साथ पौष्टिक आहार मिलना उनके शीघ्र स्वस्थ होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। निक्षय मित्रों की यह पहल टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने में सहायक साबित हो रही है।इस मौके पर कई मरीज मौजूद रहे।

समान की खरीददारी को लेकर बाजार में लोगों की उमड़ी भीड़

बेलदौर (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत नहाय खाय के साथ षुक्रवार से हो जायेगी। पर्व के पहले दिन वतियों और उनके परिजनों ने शुद्धता के साथ प्रसाद बनाने के लिए आवश्यक सामग्री, विशेषकर लौकी की जमकर खरीदारी की। इस दौरान बेलदौर नगर पंचायत के मुख्य बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके कारण बेलदौर बाजार में भीषण ट्रैफिक जाम लग गया। जाम की इस विकट स्थिति के कारण मुख्य सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम राहगीरों तथा वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। त्योहारी सीजन और बाजार में उमड़े जनसैलाब के चलते स्थिति को नियंत्रित करना एक बड़ी चुनौती बन गया था।हालाँकि, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए बाजार के हर चौक-चौराहों पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार यातायात को सुचारू कराने के प्रयास किए जाते रहे, जिससे धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हुई और लोगों ने राहत की सांस ली। प्रशासन की इस सक्रियता से बाजारों में सुरक्षा और व्यवस्था का माहौल बना रहा।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

बच्चों ने छठ महापर्व की झांकी प्रस्तुत कर जाना लोक आस्था का महत्व

खगड़िया (एनएसबी)। बचपन प्ले स्कूल, खगड़िया में गुरुवार को बाल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने बाल दिवस के अवसर पर केक भी काटा और खुशियां साझा कीं।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी बच्चों को कलर बुक, रंग भरने के लिए क्रेयन, चकलेट एवं बिस्कुट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लोक आस्था के महापर्व छठ की भव्य झांकी रही। इसके माध्यम से बच्चों को छठ महापर्व की विभिन्न धार्मिक एवं पारंपरिक विधियों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराया गया। बच्चों को नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य (पहला अर्घ्य) एवं प्रातःकालीन अर्घ्य (दूसरा अर्घ्य) की पूरी प्रक्रिया क्रमबद्ध तरीके से समझाई गई। इसके साथ ही छठ पूजा में उपयोग होने वाली सामग्री, सूप सजाने की विधि, प्रसाद तैयार करने तथा अर्घ्य देने की परंपरा का भी जीवंत प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की प्रबंध निदेशक पुष्पा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बेहद ह करते थे और उनका मानना था कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके अनुसार बच्चों को अच्छी शिक्षा, संस्कार और सही मार्गदर्शन देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। छठ महापर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि छठ पूजा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि प्रति, सूर्य और जल के प्रति तज्ञता व्यक्त करने का महान पर्व है। यह पर्व हमें स्वच्छता, अनुशासन, पवित्रता, संयम और परिवार एवं समाज के प्रति समर्पण का संदेश देता है। बच्चों को अपनी सांस्तिक विरासत और परंपराओं से बचपन से ही परिचित कराना आवश्यक है। विद्यालय के निदेशक प्रद्युम्न कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को अपनी संस्ति, सभ्यता और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना भी है। छठ महापर्व बिहार की विशिष्ट पहचान और लोक आस्था का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चे अपनी परंपराओं को करीब से समझते हैं और उनमें सम्मान एवं संस्कार की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और जिज्ञासा के साथ भाग लिया। छठ पूजा की बारीकियों को बच्चों ने बड़े ध्यान से देखा और समझा। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ भारतीय संस्ति और परंपराओं का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं।



कार्यक्रम में बच्चें।

छठ महापर्व को लेकरघाट की साफ-सफाई शुरू

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विशेष इंतजाम

खगड़िया (एनएसबी)। लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर परिषद खगड़िया क्षेत्र के वार्ड संख्या-30 स्थित योगीराज ड़ रामनाथ अघोरी बाबा छठ घाट की साफ-सफाई का कार्य शुरू करवा दिया गया है। वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति की सदस्य रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार ने बताया कि छठवतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट और वहां तक पहुंचने वाले रास्ते की साफ-सफाई एवं समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एमज़ी मार्ग मुख्य सड़क से अघोरी स्थान छठ घाट तक जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई कर उसे समतल करवा दिया गया है, ताकि दंड प्रणाम करते हुए घाट तक पहुंचने वाले छठवतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। घाट की साफ-सफाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद के सफाईकर्मियों के माध्यम से घाट पर फैली गी को काफी हद तक साफ करवाया जा चुका है। अघोरी स्थान छठ घाट पर प्रत्येक वर्ष गंडक नदी में बाढ़ आने के कारण सीढ़ियों पर मिट्टी एवं गी जमा हो जाती है। इस बार सीढ़ियों पर जमी मिट्टी हटाने के लिए अतिरिक्तमजदूरों को भी लगाया गया है। पूर्व वार्ड पार्षद रणवीर कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा के विसर्जन से पहले ही घाट की सात सीढ़ियों से मिट्टी एवं कचरे को हटवा दिया गया था। अब नदी का जलस्तर घटने के कारण पानी से कुछ और सीढ़ियां बाहर आ गई हैं। उन सीढ़ियों पर जमी मिट्टी एवं गी को भी मजदूरों के माध्यम से हटवाया जा रहा है, ताकि छठ पूजा से पहले घाट को पूरी तरह स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि योगीराज ड़ रामनाथ अघोरी बाबा छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। इसके तहत घाट पर पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा की ष्टि से सीसीटीवी कैमरे, महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम, छठवतियों एवं श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए नदी के अंदर बैरिकेडिंग तथा सहायता शिविर की व्यवस्था की जाएगी। रूबी कुमारी एवं रणवीर कुमार ने कहा कि छठ महापर्व लोकआस्था, पवित्रता एवं सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि छठवतियों एवं श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी लोग सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सकें।

छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

पसराहा (एनएसबी)। छठी मैया और सूर्य देव की असीम पा से छठ महापर्व का अनुष्ठान अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। इसी आस्था के साथ पसराहा पंचायत के वार्ड नंबर 10 में गुरुवार को एक सराहनीय पहल देखने को मिली। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार वर्मा, कविता देवी, सावित्री देवी और इंद्रा देवी ने संयुक्त रूप से 15 जरूरतमंद छठ वतियों को सूप, नारियल, साड़ी, चना दाल,सिंदूर, अगरबत्ती,कद्दू और तीन सौ रुपये नकद श्रद्धापूर्वक दान किए। वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि उनके बड़े भाई अरुण कुमार वर्मा और भाभी कविता कुमारी द्वारा पिछले छह वर्षों से प्रत्येक वर्ष अपने आवास पर छठ वतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्व के अवसर पर जरूरतमंदों की सहायता करना है। सामग्री प्राप्त करने वाली वतियों में ममता देवी, वीणा देवी, पिंकी देवी, सिया देवी, शकुनि देवी, श्यामपरी देवी, सुधा देवी, राजो देवी, रूना देवी, भूलिया देवी, उषा देवी, अंजनी देवी, जीरा देवी, रामपरी देवी और चंदा देवी शामिल रहीं। वतियों ने इस सहयोग के लिए आयोजकों का आभार जताया। इस अवसर पर निगम वर्मा, पंचायत समिति सदस्य जयचंद्र कुमार, शिक्षक विश्वेश्वर सिंह, अजय कुमार सिंह, पप्पू सिंह, शंभू सिंह, सुनील सिंह, अजित सिंह, संजय वर्मा, राजीव रंजन और विनीत वर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस नेक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सेवा, सहयोग और आपसी सद्भाव की भावना मजबूत होती है।



पूजन समाग्री वितरण करते अरूण कुमार व अन्य।

ऑपरेशन मुस्कान के 51 मोबाईल को किया गया सुपुर्द

खगड़िया (एनएसबी)। अपरेषन मुस्कान के तहत 51 मोबाईल बरामी कर उसके वास्तविक धारकों को मोबाईल फोन देकर उनके चेहरे का मुस्कान लौटाया गया। बरामद सभी मोबाईल की अनुमानित कीमत तकनीकी टीम द्वारा करीब दस लाख आकलित की गयी है। एसपी षैलेन्द्र सिंह ने कहा कि अपरेषन मुस्कान के तहत लगातार कार्वाई की जा रही है। उन्होने कहा कि यह अभियान आगे भी जार रहेगी। उन्होने कहा कि खगड़िया थाना समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों से किन्ही न किन्ही कारणों से जिनके मोबाईल खोये थे और उनके द्वारा षिकायत के बाद यह कार्वाई की गयी।



जानकारी देते एसपी।

24,261 नए राशन कार्ड का निर्माण

खगड़िया (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तत्वावधान में आयोजित नव निर्मित राशन कार्ड वितरण एवं नई अनुज्ञप्ति वितरण समारोह का वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खगड़िया जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी विक्रम विरकर, उप विकास आयुक्त श्रेया श्री, सदर अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी विवेक सुगंध, सहायक आपूर्ति पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार खगड़िया जिले में पात्र परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष महा अभियान के तहत कुल 24,261 नए राशन कार्ड का निर्माण किया गया है। जिले में इस विशेष अभियान के अंतर्गत 33,801 नए राशन कार्ड निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभुकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस अभियान का उद्देश्य पात्र परिवारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न एवं अन्य निर्धारित सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन द्वारा राशन कार्ड निर्माण एवं वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी विक्रम विरकर द्वारा सांकेतिक रूप से कुल पांच लाभुकों को नव निर्मित राशन कार्ड प्रदान किए गए। इनमें डली कुमारी, ललिता देवी, रमाकांत कुमार, अमरजीत कुमार एवं मुकुंद्री कुमारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्तउप विकास आयुक्त श्रेया श्री, जिला आपूर्ति पदाधिकारी विवेक सुगंध एवं सहायक आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा भी लाभुकों के बीच नव निर्मित राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस क्रम में नूतन कुमारी, भारती कुमारी, क्रांति कुमारी, रुचि कुमारी, हीरा देवी, लवली कुमारी, किरण देवी, प्रभात कुमार, किरण कुमारी, ममता देवी, गुड़िया कुमारी एवं पूनम देवी को नव निर्मित राशन कार्ड प्रदान किए गए।

क्षमता विस्तार एवं दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की प्रगति की समीक्षा

खगड़िया (एनएसबी)। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने संसारपुर स्थित सुधा दुग्ध शीतक केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। नीति आयोग के सहयोग से इस केंद्र का क्षमता विस्तार करते हुए इसे एक आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त श्रेया श्री, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुगंध, जिला योजना पदाधिकारी बबन कुमार, सहायक योजना पदाधिकारी नित्यानंद किशोर सहित विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा बरौनी डेयरी (सुधा) के प्रबंध निदेशक उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा परियोजना की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। बताया गया कि क्षमता विस्तार का कार्य पूर्ण होने के उपरांत इस दुग्ध शीतकरण केंद्र की क्षमता बढ़कर 2 लाख लीटर प्रतिदिन हो जाएगी। दुग्ध प्रसंस्करण हेतु आवश्यक मशीनरी की खरीद पहले ही की जा चुकी है, जबकि परियोजना से जुड़ा लगभग 70 प्रतिशत सिविल निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्यो को तेजी से पूरा करते हुए संयंत्र को शीघ्र क्रियाशील करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने परियोजना की समीक्षा करते हुए इसे खगड़िया जिले के औद्योगिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का लाभ न केवल खगड़िया जिले तक सीमित रहेगा, बल्कि यह संपूर्ण उत्तर बिहार के दुग्ध उत्पादकों और पशुपालकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। शीतकरण क्षमता में वृद्धि और प्रसंस्करण सुविधाओं के विकसित होने से दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की व्यवस्था और अधिक सुढ़ होगी। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इस परियोजना के तहत प्रस्तावित आइसक्रीम प्लांट उत्तर बिहार में अपनी तरह का पहला संयंत्र होगा। इसके संचालन से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाएं खुलेंगी और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल दुग्ध आधारित उद्योगों के विकास, पशुपालकों की आय में वृद्धि और जिले की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसी को कड़े निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्यो को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। साथ ही, आवश्यक मशीनरी और अन्य व्यवस्थाओं का उचित समन्वय सुनिश्चित करते हुए संयंत्र का संचालन यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के सहयोग से क्रियान्वित यह महत्वाकांक्षी परियोजना स्थानीय संसाधनों के कुशल उपयोग, रोजगार के नए अवसरों के सृजन और समावेशी विकास की दिशा में एक दूरदर्शी कदम साबित होगी।



समीक्षा बैठक में डीएम व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

कोलवारा में राज्य स्तरीय 5 किमी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन छपरा के राजन महतो ने मारी बाजी

परबत्ता। प्रखंड अंतर्गत कोलवारा स्थित चामालाल मंडल उच्च विद्यालय के खेल मैदान में राज्य स्तरीय 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ बिहार से बाहर के कई राज्यों से आए धावकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, दमखम और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर पंचायत परबत्ता के चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व सैनिक रंजीत कुमार साह ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ के लिए रवाना किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छपरा के राजन महतो ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं सिवान के आलोक यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि बनारस के विशाल पाल तृतीय स्थान पर रहे। तीनों विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ ट्रफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5,000 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2,500 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि एवं पूर्व सैनिक रंजीत कुमार साह ने कहा कि खेल केवल शारीरिक व्यायाम का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी है। आज के युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि कोलवारा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में राज्य स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन होना बेहद सराहनीय पहल है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से स्थानीय युवाओं को दूसरे जिलों एवं राज्यों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उनसे सीखने का अवसर मिलता है। इससे क्षेत्र में खेल संस्ति को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच प्राप्त होगा। रंजीत कुमार साह ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस राज्य स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सुनील बाबा फिजिकल एकेडमी की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में नगर पंचायत परबत्ता के वार्ड पार्षद आदित्य कुमार, वार्ड पार्षद पिंटू कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि महेश कुमार, समाजसेवी मणिकांत साह, ट्रेनर सुनील कुमार, सैनिक गोपाली मंडल, ब्रजेश कुमार, भास्कर कुमार, रंजेश कुमार, शिक्षक प्रीतम कुमार, गिरीश कुमार, सौरव कुमार, सदय कुमार, चार्ली आर्या, नीतीश कुमार, मुकुंद शर्मा, सोनू तिवारी, राहुल कुमार, गोल्डन सहित अन्य गणमान्य लोग, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेल के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने आयोजकों की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और बड़े स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

सूचकांकों में सुधार को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सूचकांकों की संतृप्ति सुनिश्चित करने तथा जिले के समग्र प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, षि तथा आधारभूत संरचना से संबंधित सूचकांकों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा विशेष रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सूचकांकों पर विशेष ध्यान देने तथा इनमें अपेक्षित सुधार के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को उनके अधीन आने वाले सूचकांकों के अनुरूप स्पष्ट विभागीय एवं पदाधिकारी वार जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सूचकांक के अंतर्गत वर्तमान उपलब्धि, निर्धारित लक्ष्य एवं शेष अंतराल का आकलन करते हुए जमीनी स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाए तथा उसका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता में सुधार के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन एवं गांधी फेलो को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का क्षेत्रीय निरीक्षण करने, स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं की स्थिति का आकलन करने तथा सुधार हेतु आवश्यक सुझावों सहित तथ्यपरक प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत केवल आंकड़ों में सुधार पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक निर्धारित सूचकांक में वास्तविक प्रगति सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को विभागवार ग्राउंड लेवल कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित अनुश्रवण तथा अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से सभी सूचकांकों की संतृप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मिशन मोड में कार्य करें, ताकि आगामी नीति आयोग रैंकिंग में खगड़िया जिले का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंच सके तथा जिले को प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में ठोस एवं परिणामोन्मुखी प्रयास किए जा सकें। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रेया श्री, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए , जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

छठ घाट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

चौथम (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर चौथम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। इसी कड़ी में गुरुवार को भी अधिकारियों की संयुक्त टीम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान करीब 15 से 20 घाटों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में आठ घाटों को संवेदनशील तथा सात घाटों को अति संवेदनशील श्रेणी में चिति किया गया है। इन घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण टीम में अंचलाधिकारी रवि राज, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार, चौथम थाना पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार, पुलिस बल एवं गोताखोर शामिल थे। अधिकारियों ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर पानी की गहराई, घाटों की स्थिति, आवागमन के रास्ते तथा सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। अंचलाधिकारी रवि राज ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सात घाटों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनमें पूर्वी बोरने सोनबरसा घाट, चौथम डीह घाट, चौथम नवादा पुल के पास स्थित घाट, मालपा घाट, लगमा घाट, भरपुरा घाट, कंकर कुड़िया घाट एवं मालपा आदि घाटों को चिति किया गया है। इन घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यहां चौकीदार, मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति पहले से ही की जाएगी, ताकि छठ पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। वहीं, आठ घाटों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनमें तेगाछी घाट, बोरने स्थान, जयप्रभा नगर घाट, लगमा घाट, धमहारा घाट, सोहरवा घाट, भरपुर घाट, अग्रहण घाट एवं घनक्षर घाट आदि शामिल हैं। इन घाटों पर प्रशासन की निगरानी में छठ पूजा संपन्न कराई जा सकती है। अधिकारियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से इन घाटों पर बांस की कटिंग एवं बैरिकेडिंग कराने में सहयोग करने की अपील की है, ताकि श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षित सीमा के भीतर ही अर्घ्य अर्पित कर सकें। प्रशासन की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूजा समितियों एवं ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, रोशनी तथा अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा कर लें। विशेष रूप से गहरे पानी वाले स्थानों पर श्रद्धालुओं को जाने से रोकने और बच्चों पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

छठ पूजा एवं कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान के मद्देनजर मंडल रेल प्रबंधक ने सोनपुर एवं हाजीपुर स्टेशनों का किया व्यापक निरीक्षण

सोनपुर (एन एसबी) आगामी छठ पूजा एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा ान के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए आज दिनांक 12 नवंबर, 2026 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन ने सोनपुर एवं हाजीपुर रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने दोनों स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ के सुव्यवस्थित प्रबंधन के उद्देश्य से निर्माणाधीन होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्टेशन परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होने देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, यात्रियों की सुगम आवाजाही एवं बेहतर प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व एवं धार्मिक अवसरों के दौरान यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करें। उक्त निरीक्षण के दौरान मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी एवं हाजीपुर स्टेशन के स्टेशन मास्टर सहित संबंधित रेलकर्मी उपस्थित रहे। सोनपुर मंडल पर्व-त्योहारों के अवसर पर यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम रेल यात्रा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।



मंडल रेल प्रबंधक ने व्यापक निरीक्षण की।

संक्षिप्त खबरें

मोकामा के बरहपुर में कुएं से मिले दो बच्चों के शव, दो अब भी लापता, इलाके में सनसनी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा के बरहपुर में चार बच्चों के कुएं में डूबने अथवा हत्या की आशंका से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना में दो बच्चों के शव बरामद होने की सूचना है, जबकि दो अन्य बच्चों की तलाश जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक बच्चे के सिर पर चाकू से वार के निशान मिलने की बात सामने आ रही है, जिससे चाकूबाजी के बाद हत्या की आशंका गहरा गई है। सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी और एसडीपीओ मोकामा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

छठ वतियों के बीच राजीव सिंह ने बांटी साड़ी और नारियल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। सादिकपुर, बाढ़ में राजीव सिंह ने अपने आवास पर छठ वतियों के बीच साड़ी एवं नारियल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए वतियों के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। इस पहल को सामाजिक सरोकार और लोकआस्था से जुड़ी सेवा के रूप में देखा जा रहा है।

सीआरपी.एफ क़े रिटायर्ड जवान की पिटाई

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला थाना क्षेत्र के करजान में सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त एएसआई के साथ मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में ही कुछ लोगों ने उनके कपड़े फाड़कर बेरहमी से पिटाई की, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। घटना ने पुलिस की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

छठ महापर्व को लेकर एक्शन मोड में एसडीएम

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने को लेकर एसडीएम ष्णा जोशी लगातार घाटों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अथमलगोला क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का जायजा लेकर साफ-सफाई, सुरक्षा, रोशनी, बैरिकेडिंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। प्रशासन की सक्रियता से छठ घाटों पर व्यवस्था दुरुस्त करने की कवायद तेज हो गई है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे बिहार के रोहित और सलोनी

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के दूरदर्शी नेतृत्व में बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे है। इन प्रयासों का प्रत्यक्ष प्रमाण बिहार के दो युवा रग्बी खिलाड़ियों रोहित कुमार और सलोनी कुमारी का भारतीय अंडर-20 टीम में चयन है। दोनों खिलाड़ी एशियन रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवन्स चौंपियनशिप 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भुवनेश्वर में 14 और 15 नवंबर को होगी प्रतियोगिता

एशियन रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवन्स चौंपियनशिप का आयोजन 14 और 15 नवंबर 2026 को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 10 देशों और महिला वर्ग में सात देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। भारत के अलावा हांगकांग चीन, श्रीलंका, मलेशिया, उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, सिंगापुर, चीनी ताइपे, नेपाल और जर्डन की टीमें प्रतियोगिता में अपनी चुनौती पेश करेंगी।

रोहित और सलोनी ने अंडर-18 स्तर पर भी दिखाई है प्रतिभा

रग्बी इंडिया की ओर से घोषित 12 सदस्यीय भारतीय पुरुष एवं महिला अंडर-20 टीम में बिहार के रोहित कुमार और सलोनी कुमारी को जगह मिली है। पटना के रहने वाले रोहित कुमार पुरुष टीम का हिस्सा होंगे, जबकि पटना के बाढ़ क्षेत्र की रहने वाली सलोनी कुमारी महिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। दोनों खिलाड़ी इससे पहले सितंबर 2026 में चीन के किंगदाओ में आयोजित एशिया रग्बी अंडर-18 सेवन्स चौंपियनशिप में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उस प्रतियोगिता में दोनों को भारतीय टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी। सलोनी ने जूनियर नेशनल अंडर-18 रग्बी सेवन्स प्रतियोगिता में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने छह मैचों में आठ ट्राई और दो कन्वर्जन की मदद से कुल 44 अंक अर्जित किए थे।

उदेरास्थान परियोजना से बदलेगी 3-4 जिलों की सिंचाई सुविधा

पटना (एनएसबी)। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 में शामिल षषि में प्रगति, प्रदेश की समृद्धि के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत उदेरास्थान सिंचाई परियोजना के पुनर्स्थापन एवं विस्तार पर 53 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। जल संसाधन विभाग ने इस योजना के लिए 53 करोड़ 59 लाख 6 हजार 871 रुपये का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसकी स्वीति मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बीते मंगलवार को आयोजित कैबिनेट की बैठक में प्रदान कर दी गई। इस परियोजना के तहत महमुदा मुख्य नहर का दो किलोमीटर तक विस्तारीकरण, महमुदा शाखा नहर का पुनर्स्थापन तथा भारथु शाखा नहर में एक फल का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा जलवार नदी से गाद निकालने और आवश्यक संरचनाओं के निर्माण का भी कार्य होगा। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जलवार नदी में गाद जमा होने और पानी की कमी के कारण निश्चलगंज वीयर सिंचाई योजना की सिंचाई क्षमता प्रभावित हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए उदेरास्थान बराज से निकलने वाली 375 किलोमीटर लंबी महमुदा मुख्य नहर के दो किलोमीटर हिस्से का विस्तार किया जाएगा। इसके माध्यम से फल्गु नदी के जल को जलवार नदी से जोड़ा जाएगा। वहीं, जलवार नदी के 0 से 1680 किलोमीटर तक गाद की निकासी कर सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

नहरों और बराज तक पहुंच पथ का भी होगा सुधार'

योजना के तहत उदेरास्थान बराज के दाहिने मुख्य सड़क से लगभग 1200 मीटर लंबे पहुंच पथ का पुनर्स्थापन एवं मरम्मत कराया जाएगा। बरसात के दिनों में आवागमन बाधित होने की समस्या को दूर करने के लिए यह कार्य महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्तभारथु शाखा नहर के 1550 किलोमीटर पर एक फल का निर्माण तथा महमुदा शाखा नहर के विभिन्न हिस्सों में बाएं तटबंध को मजबूत किया जाएगा।

'6410 हेक्टेयर भूमि को मिलेगी नई सिंचाई सुविधा'

इस परियोजना के पूरा होने पर 6410 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की नई सुविधा विकसित होगी, जबकि 200 हेक्टेयर भूमि में पहले से उपलब्ध सिंचाई सुविधा पुनर्स्थापित की जा सकेगी। इससे जहानाबाद, गया और नालंदा जिले के हुलासगंज, खिजरसराय, इस्लामपुर, बेन एवं परवलपुर प्रखंड के किसानों को लाभ मिलेगा। जलवार नदी में पर्याप्त जलश्राव उपलब्ध होने से नदी के आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भ जलस्तर में भी सुधार होने की उम्मीद है। साथ ही नदी से जुड़ी पईनों एवं आहरों के माध्यम से भी सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा।

संक्षिप्त खबरें

21 नम्बर प्रधानमंत्री आगमन को लेकर तैयारी को बैठक

सोनपुर (एनएसबी) प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 21नवम्बर को बिहार दौरे को लेकर विधायक कार्यालय सोनपुर में भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु की अध्यक्षता एवं संचालन मे एनडीए कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए तैयारियां तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह ने बताया कि 21 नवंबर को सुबह 11रू00 बजे प्रधानमंत्री जी का आगमन वैशाली जिला के राजापाकर में होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जी को दुनिया का सबसे बड़े जननेता,का विकास पुरुष,और गरीबों के मसीहा के रूप में पूरा देश देखता है। राजापाकर की धरती पर उनके आगमन को लेकर हम पुरे सोनपुरवासी काफी खुश है। भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी अभय कुमार सिंह ने कहा प्रधानमंत्री जी करोड़ो रुपए के विकास योजना का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।कार्यक्रम में सोनपुर से हजारों की संख्या में शामिल होने की उम्मीद है।जदयू के प्रदेश नेता शंकर मालाकार एवं आनंद किशोर सिंह एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष ष्णा राम ने भी अपना सुझाव दिया।धन्यवाद ज्ञापन दक्षिणी मण्डल महामंत्री मंगल प्रसाद यादव जी ने किया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो, भाजपा दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा, विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी श्रीनिवास सिंह, अरुण कुमार सिंह, राजेश पटेल, परमानन्द शर्मा, नरेश सिंह, धनंजय सिंह, शशिभूषण कुमार सिंह, ष्णन्दन दास, पवन सिंह गगन, उमेश कुमार सिंह, विजय रंजन सिंह, राहुल पासवान सहित शामिल हुए।

केवाईपी डिजिटल मित्र योजना डिजिटल मित्र योजना के तहत आवेदन करने का मौका

680 केंद्र संचालकों ने किया आवेदन, शेष संचालकों के लिए 25 नवंबर तक की गई तिथि विस्तार

पटना (एनएसबी)। सूबे की सम्राट सरकार युवाओं को दक्ष बनाने के साथ ही उन्हें उनके कौशल के आधार पर समुचित रोजगार मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में बिहार में कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) के संचालन को लेकर विभाग ने केंद्र संचालकों को एमओयू कराने की समयसीमा बढ़ा दी है। ताकि अधिक से अधिक संख्या में संस्थान इससे जुड़ सकें। राज्य में चयनित 871 केंद्र संचालकों में से अभी तक 680 ने ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) की प्रक्रिया पूरी की है, जबकि 191 केंद्र संचालक अभी तक एमओयू कराने के लिए नहीं पहुंच पाए हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम संसाधन विभाग के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद के दिशा निर्देश के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक ने आदेश जारी कर शेष केंद्र संचालकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर एमओयू कराने का निर्देश दिया है। मंत्री ने स्पष्ट किया है कि केंद्र संचालकों को पूर्व में जारी पत्र में निर्धारित दिशा- निर्देशों एवं शर्तो का पालन करते हुए एमओयू की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हालांकि विभाग की ओर से इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफर्म और आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से भी दी गई है, ताकि कोई भी पात्र केंद्र संचालक जानकारी के अभाव में इस अवसर से वंचित न रह जाए। निर्धारित अवधि में आवेदन नहीं कर पाने वाले केंद्र संचालकों के अनुरोध पर विभाग ने उन्हें अतिरिक्तअवसर देने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब 10 नवंबर से 25 नवंबर 2026 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब हो कि इस संबंध में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 12 अगस्त 2026 को मंत्रिपरिषद से मिली स्वीति के आलोक में कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) के संचालन के लिए सात निश्चय- 2 अवधि के केंद्रों को 871 केंद्र संचालकों की सूची में शामिल किया गया था। इसके लिए पहले आवेदन की अवधि 6 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई थी।

महापर्व छठ को लेकर बदली रहेगी पटना शहर में ट्रैफिक व्यवस्था

15.11 को दोपहर 12: 00 बजे अपराहन से संध्या 19:00 बजे तक , 16.11 को सुबह 02 : 00 बजे से 08 :00 बजे पूर्वाहन तक / यातायात सामान्य होने तक प्रतिबंधित रहेगा वाहन आवागमन

पटना (एसएनबी)। छठ पूजा के अवसर पर छठवतियों ६ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए -15. को दोपहर 12रू00 बजे अपरा से संध्या 19रू00 बजे तक ध्यातायात सामान्य होने तक एवं -16ा1 को सुबह 02रू00 बजे से 08रू00 बजे पूर्वा तक ६ यातायात सामान्य होने तक (अगिशामक, एम्बुलेन्स एवं मरीज ६शव वाहनोंध्छठवतियों के वाहनों को छोड़कर) पटना शहर की यातायात व्यवस्था में फेर बदल रहेगा । ट्रौफिकएसपी सागर कुमार के मुताबिक कारगिल चौक से पूरब दीदारगंज तक किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा। (आपातकालीन एवं प्रशासनिक वाहनों को छोडकर). अशोक राजपथ के सभी इन्ट्री प्वाईंट बन्द रहेगा। सिर्फ खजांची रोड से पटना कलेज ध्सायंस कलेज, परिसर में वाहनों की पार्किंग हेतु मात्र छठवतियों के वाहनों का परिचालन होगा। कारगिल चौक से पश्चिम शाहपुर तक छठवतियों के सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन होगा।

1ा11 को 02रू00 बजे अपरा से संध्या 06रू30 बजे तक एवं -16 को 03रू00 बजे पूर्वा से 06रू00 बजे पूर्वाहन तक की अवधि में दीघा मोड़ से आशियाना मोड की तरफ (उत्तर से दक्षिण की ओर) वाहनों का परिचालन नहीं होगा। उक्त अवधि में ये सभी वाहन रामजीचक मोड़ से नहर रोड होते हुए (बेली रोड) जा सकेंगी। कंगन घाटध्चौक थाना मोड़ जाने वाले छठवती वाहनों को सिटी स्कुल के पास रोककर सिटी स्कुल परिसर (चौक) एवं मंगल तालाब परिसर में पार्क कराया जायेगा एवं वहाँ से छठवती पैदल घाट तक जायेंगे।

छठवती वाहन पुरानी बाईपास अथवा न्यू बाईपास से सीधे धनकी मोड़, शीतला माता मंदिर अथवा बिस्कोमान गोलम्बर से गायघाट की ओर जा सकेंगे और नजदीक के निर्धारित पार्किंग स्थल (जैसे हथिया बागान, लोहा गोदाम, मेडाज हस्पीटल के सामने आदि) में पार्क करेंगे। जेपी गंगा पथ का उपयोग वर्जित रहेगा।

चौक शिकारपुर आरओबी से पूरब मोर्चा रोडध्पूरब दरवाजा की ओर जाने वाले छठवतियों के वाहनों को गुरू गोविन्द सिंह आरओबी के नीचे एवं पटना साहिब स्टेशन के पास पार्क कराया जायेगा तथा वहां से छठवती एवं श्रद्धालु पैदल घाट तक जायेंगे।

दीदारगंज से अशोक राजपथ में सिर्फ छठवती के वाहन प्रवेश करेंगे और उन्हे कटरा बाजार समिति के प्रांगण में पार्क कराया जायेगा, वहां से छठवती एवं श्रद्धालु पैदल घाट तक जायेंगे।

मारूफगंज, मंसुरगंज, करमली चक, जल्ला, मालसलामी के स्थानीय छठवती जो अदराघाट, नूरूउद्दीन घाट, ननेला घाट, पानी टंकी घाट एवं नया टोला घाटों पर जो छठवती अर्घ्य देने जल्ला, मालसलामी के स्थानीय छठवती जो अदराघाट, नूरूउद्दीन घाट, ननेला घाट, पानी टंकी घाट एवं नया टोला घाटों पर जो छठवती अर्घ्य देने जायेंगे। उनके वाहनों की पार्किंग मालसलामी टीओपीध्ओपी साह के पास जेपी गंगा पथ के एप्रोच रोड के सिंगल लेन में पार्किंग कराया जायेगा, वहाँ से छठवती ६ श्रद्धालुगण पैदल घाट तक जायेंगे।

-1ा11 को दोपहर 12रू00 बजे से 16ा1 को 10रू00 बजे पूर्वा तक की अवधि में गायघाट पुल नीचे तक टेम्पू एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों के आने पर रोक रहेगी। उक्त अवधि में अगमकुआँ आरओबी से गायघाट आने वाली व्यावसायिक वाहन एनएमसीएच तक आयेगी तथा धनकी गोड़ ६बिस्कोमान गोलम्बर से गायघाट आने वाली व्यावसायिक वाहन डंका ईमली चौक तक आयेगी। ये वाहन पुरानी बाईपास होते हुए गांधी मैदान एवं अन्य जगहों पर आवागमन कर सकेंगे।

गांधी मैदान की ओर से गायघाट ६ अशोक राजपथ में जाने वाली वाहन, एक्जीविशन रोड होते हुए राजेन्द्रनगर पुल से बहादुरपुर गुमटी होते हुए बाईपास, अगमकुआं से बाईपास थाना तक जायेंगी। साथ ही उक्त अवधि में सुदर्शन पथ में व्यावसायिक वाहनों का परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।

व्यवसायिक वाहनों का बाईपास थाना मोड़ से चौक शिकारपुर आरओबी में प्रवेश वर्जित रहेगा।

दीदारगंज से अशोक राजपथ में सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन (तीन पहिया वाहन सहित) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

जेपी सेतु पर -1ा11 को 14रू00 बजे से 19रू30 बजे तक सोनपुर ध्छपरा से पटना की ओर यातायात का परिचालन नहीं होगा।

जेपी सेतु पर-16ा11. को 03रू00 बजे पूर्वा से 06रू00 बजे पूर्वा तक सोनपुरध्छपरा से पटना की ओर यातायात का परिचालन नहीं होगा।

भारी वाहनों यथा, बस, ट्रक, हाईवा, जेसीबी इत्यादि का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

जेपी सेतु से पटना की ओर आने वाले वाहनों को गंगा पथ पर नीचे नहीं आने दिया जायेगा। ये सभी वाहन सीधे जेपी सेतु के एप्रोच्च पथ से अशोक राजपथ पर जा सकेंगे।

आमजनों से अनुरोध है कि जेपी सेतु होकर सोनपुर ६ छपरा ६ हाजीपुर जाने के लिए उक्त अवधि में महात्मा गांधी सेतु का अधिक-से-अधिक प्रयोग किया जाय।

रामजीचक आरओबी उपर से मात्र छठवतियों के वाहनों को जेपी सेतु आने की अनुमति होगी और इन वाहनों की पार्किंग रामजीचक आरओबी उपर (जेपी सेतु छोर) करायी जायेगी।

रूपसपुर नहर रोड से जेपी सेतु आने वाले सामान्य वाहन रामजीचक आरओबी उपर न चढ़कर नीचे से जेपी सेतु जा सकेंगे।

दीघा (रामजीचक) अशोक राजपथ से जेपी सेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पाटली पथ उत्तरी छोर के पास से यू-टर्न कराकर पाटली पथ उपर पार्क कराया जायेगा।

अटल पथः -1ा11 को 11रू00 बजे पूर्वा से 20रू00 बजे तक एवं 16 11. को सुबह 02रू00 बजे से 09रू00 बजे पूर्वाहन तक की अवधि में अटल पथ से जेपी सेतुध्सोनपुर की ओर सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में जिन आकस्मिक वाहनों को सोनपुरध्छपरा ६ हाजीपुर जाना हो वे अशोक राजपथ व रूपसपुर नहर रोड से रामजीचक आरओबी नीचे से जेपी सेतु होते हुए सोनपुर की ओर जा सकते हैं। आवश्यकतानुसार घाट पर आने वाले वाहनों की पार्किंग अटल पथ के दोनों फ्लैंक के सिंगल लेन की जायेगी एवं वहाँ सें छठवती घाट पर पैदल जायेंगे।

पाटीपुल घाटध्दीघा घाटधशिवा घाटध्मीनार घाट (दीघा)रू- इन सभी घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओंध्छठवतियों के वाहन संबंधित घाट के निर्धारित पार्किंग स्थल (जैसे पाटली पथ के उपर दोनों फ्लैंक, रामजीचक आरओबी के उपर) में अपना वाहन पार्क करेंगे और वहां से श्रद्धालु पैदल उक्त घाटों पर जायेंगे। इन घाटों पर वाहनों का प्रवेशधनिकास जेपी सेतु के एप्रोच पथ से रूपसपुर नहर रोड से होगा।

इसी प्रकार अशोक राजपथ से अटल पथ नीचे एवं दीघा पोस्ट अफिस रोड से आने वाले छठवती ६ श्रद्धालुगण के वाहन सूर्य मंदीर चौहट्टा से पश्चिम खाली जगह में पाटीपुल अंडरपास तक रेलवे ब्रिज के नीचे खाली जगह में पार्क करायी जायेगी एवं वहां से पैदल घाट तक जायेंगे। इसके अलावे सूर्य मंदीर (चौहट्टा) से पूर्व खाली जगह में पार्क करायी जायेंगी।

गेट नं0-93 (दीघा) इस घाट पर आने वाले छठवतियों ६ श्रद्धालुओं के सभी बड़ीध्छोटी वाहन गेट नं0-93 से प्रवेश ६ निकास होगा। इन वाहनों की पार्किंग गंगा पथ से सटे उत्तर एवं दक्षिण रास्ते के दोनों तरफ (पूरब एवं पश्चिम) निर्धारित स्थल में होगा।

गेट नं0-88 एवं 83 घाट इन घाटों पर जाने वाले वाहन अशोक राजपथ से सीधे प्रवेश कर गंगा पथ के अंडर पास से जा सकते हैं और इन वाहनों की पार्किंग गंगापथ के उत्तर एवं दक्षिण चिन्हित स्थलों पर की जायेगी।

जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) जेपी गंगा पथ पर दीघा गोलम्बर से दीदारगंज तक दोनों फ्लैंक में सभी वाहनों का परिचालन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगा एवं जेपी गंगा पथ पर वाहनों की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। कोई भी वाहन जेपी गंगा पथ (दीघा) गोलम्बर को घमकर य-टर्न नहीं लेंगे। वे निकासी के समय सभी वाहन जो टीघा आयेगें वे एलसीटी

में डायवर्ट कर दिया जायेगा। ये वाहन किसी भी पाशस्थति में अशोक राजपथ होते हुए सीधे गांधी मैदान की ओर नहीं आयेंगी।

15. के 10रू00 बजे पूर्वाहन से दिनांक-16ा11 को 10रू00 बजे पूर्वा तक की अवधि में पूरब (बाढ़ ६ मोकामा) से पटना आने वाले भारी वाहनों (ट्रको) का परिचालन फतुहाँ में पूरब ओवरब्रीज से 02 किमी पश्चिम से यू-टर्न लेकर एनएच-30 होते हुए बिहटा-सरमेरा पथ से परिचालन होगा।

बिहटा से पूरब आने वाले भारी वाहनों (ट्रकों) का परिचालन बिहटा से कन्हौली मोड़ से बिहटा-सरमेरा पथ होते हुए न्यू बाईपास में फतुहा ओवरब्रीज के पास आयेंगे।

नगर बस सेवाः पटना जंक्शन, जीपीओ होते हुए बेली रोड से दानापुर या खगौल जाने वाली बस कारगिल चौक पर नहीं आकर गांधी मैदान गेट नं0-10ध्जीपीओ मल्टी मडल हब के अन्दर पार्क की जायेगी।

प्रारंभ में आने वाले वाहन सीधे घाट के नजदीक तक निर्धारित स्थान पर पार्किंग में जायेंगे।

घाट से वाहन के निकलने के समय उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ६ मजिस्ट्रेट वाहन को घाट की ओर अंदर नहीं जाने देंगे। आपातकालीन सेवा यथा, अगिशामक, एम्बुलेन्स एवं मरीज के वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

आम नागरिकों (श्रद्धालुओं) से अपील है कि उपरोक्तविभिन्न घाट पर अथवा निर्धारित पार्किंग स्थल में ही अपना वाहन कतारबद्ध तरीके से पार्क करेंगे, यत्र-तत्रध्मार्ग पर वाहन को पार्क नहीं करेंगे और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ६ कर्मियोंध्छठ पूजा समिति के सदस्यों को अपेक्षिक सहयोग करें। संबंधित वाहन चालक अपना मोबाईल नं वाहन के आगे शीशा पर चिपकायेंगे।

पटना में चल रहे निर्माण कार्य से जुड़े वाहनों का परिचालन -1ा11. को 10रू00 बजे पूर्वा से द9-16ा11. को दोपहर 12रू00 बजे तक की अवधि में वर्जित रहेगा। पटना जिले में बड़ी वाहनों (मालवाहक) का प्रवेश 1ा11. के पूर्वा 10रू00 बजे से-16ा11. के पूर्वा 10रू00 बजे तक वर्जित रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

महादलित किशोर की पीट-पीटकर हत्या मामले में दो पर प्राथमिकी दर्ज

मजदूरी के बकाया रुपये मांगने पर हत्या का आरोप, मृतक की मां ने दर्ज कराई एफआईआर; गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव के चौर से बुधवार को बरामद महादलित किशोर के शव मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की मां सुनीता देवी के आवेदन पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपितों की पहचान बढ़ौना गांव निवासी रविशंकर ईसर एवं विकास ईसर के रूप में की गई है। मृतक की मां ने दोनों पर मजदूरी के बकाया रुपये मांगने पर अपने पुत्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, मृतक की पहचान वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के चमरहरा गांव निवासी राजेश मांझी के 16 वर्षीय पुत्र राजू मांझी के रूप में हुई है। सुनीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र मंगलवार की रात बढ़ौना स्थित मोहनपुर घाट पर नाटक देखने गया था। आरोप है कि रविशंकर ईसर के खेत में राजू मजदूरी करता था। मजदूरी के बकाया रुपये मांगने पर उसका मोबाइल छीन लिया गया, जिसके बाद वह घर लौट आया। आवेदन में बताया गया है कि बुधवार की सुबह मोबाइल लौटाने के बहाने दोनों आरोपित राजू को बुलाकर ले गए। वहां राजू ने फिर से मजदूरी के रुपये मांगे तो आरोपितों ने रुपये देने से इनकार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मां का आरोप है कि जब वह अपने पुत्र को बचाने पहुंचीं तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की की गई। इसके बाद आरोपित उनके पुत्र को खींचकर ले गए और पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। सुनीता देवी ने यह भी आरोप लगाया है कि हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को रेलवे लाइन पर रख दिया गया, ताकि घटना को रेल दुर्घटना का रूप दिया जा सके। हालांकि, घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण शव को रेलवे लाइन से हटाकर शशिधर झा की गाछी में ले आए। इस संबंध में थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई थी। मृतक की मां के आवेदन पर दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के गहरे निशान पाए गए हैं। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

डीएम रोशन कुशवाहा की उपस्थिति में धान फसल कटनी प्रयोग संपन्न, प्रति हेक्टेयर 71 क्विंटल उपज का आकलन

किसान शुभम कुमार के खेत में 50 वर्गमीटर क्षेत्र में की गई फसल कटनी, अधिकारियों ने लिया उत्पादन का जायजा

विद्यापतिनगर एनएसबी। धान की फसल की वास्तविक उत्पादकता का आकलन करने को लेकर गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत में किसान शुभम कुमार के खेत में फसल कटनी प्रयोग किया गया। जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की गरिमामयी उपस्थिति में 105 मीटर यानी 50 वर्गमीटर क्षेत्र में धान की फसल की कटनी कर उत्पादन का आकलन किया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी सुमित सुमन, एसडीओ किशन कुमार, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, डीएओ रामबाबू सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कृषि कर्मी उपस्थित रहे। फसल कटनी के दौरान निर्धारित 50 वर्गमीटर क्षेत्र से कुल 35.500 किलोग्राम धान का उत्पादन प्राप्त हुआ। इसके आधार पर प्रति हेक्टेयर 71 क्विंटल धान की उपज दर्ज की गई। डीएम रोशन कुशवाहा ने फसल कटनी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से उत्पादन आकलन की जानकारी ली। डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि फसल कटनी प्रयोग कृषि उत्पादन का वास्तविक आकलन करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए किसानों के खेतों में उत्पादित फसलों की उपज का वैज्ञानिक तरीके से आंकड़ा जुटाया जाता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फसल कटनी की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराने का निर्देश दिया, ताकि कृषि उत्पादन के सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में इसका उपयोग किया जा सके। इस प्रयोग के माध्यम से धान की उत्पादकता का वास्तविक आंकड़ा प्राप्त करने के साथ कृषि उत्पादन संबंधी सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया पूरी की गई। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, एटीएम एवं किसान सलाहकार भी मौजूद रहे।

छठ पूजा को लेकर प्रभुजी घाट की दीवारों पर उकेरी जा रही बनारस घाट की खूबसूरत छवि

दलसिंहसराय एनएसबी। छठ पूजा को लेकर नगर परिषद् दलसिंहसराय के वार्ड संख्या-05 स्थित प्रभुजी घाट पर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस पहल के तहत विजुअल आर्ट फाउंडेशन के द्वारा घाट की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई जा रही है। वरिष्ठ चित्रकार मो. सुलेमान के दिशा-निर्देशन में कलाकारों की टीम घाट की दीवारों को अपनी कलाकारी से सजा रही है। पेंटिंग में मुख्य रूप से बनारस के प्रसिद्ध घाटों की खूबसूरत छवि, धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिवेश को दर्शाया जा रहा है। इसका उद्देश्य छठ पूजा से पूर्व घाट को आकर्षक और सुंदर स्वरूप प्रदान करना है। इस रचनात्मक कार्य में मो. सुलेमान, रत्नेश कुमार, अमित श्रीवास्तव, नेहा प्रियदर्शी, सुदर्शन कुमार, आर्या राज एवं कनिष्क कश्यप अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विजुअल आर्ट फाउंडेशन की यह पहल छठ पूजा के अवसर पर घाटों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का सराहनीय प्रयास है।

बमौरा घाट बाया नदी में नाव डूबने से लापता युवक का दूसरे दिन भी नहीं चला पता

विद्यापतिनगर एनएसबी। थाना के बाजिदपुर पंचायत स्थित बमौरा घाट के समीप बुधवार को बाया नदी में नाव डूबने से लापता एक युवक का दूसरे दिन भी पता नहीं चला है। लापता युवक की तलाश में स्थानीय गोताखोरों और नाविकों को लगाया गया है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया की उसके साथ अन्य युवक जो पानी से तैरकर निकला और फरार हो गया है। उसकी भी तलाश की जा रही है की आखिर नाव पर कितने लोग सवार थे। कितने लोग बाहर निकले या सभी निकल गए थे। उन्होंने बताया कि नदी में भी तलाश किया जा रहा है। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर खोज किया जाएगा कि युवक का सही पता चल सके कि वह डूबा है या डर के मारे फरार हो गया है। ज्ञात हो की खनुआं गांव के चार युवक एक छोटी लोहे की नाव पर सवार होकर नदी में घूमने और सेल्फी ले रहे थे। इसी दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते नाव नदी में समा गई। नाव डूबते ही युवकों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, तीन युवक तैरकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे, जबकि चौथा युवक गहरे पानी में लापता हो जाने की बात बताया जाता है। लापता युवक की पहचान खनुआं गांव के वार्ड संख्या-12 निवासी चंद्रशेखर महतो के 19 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में कहा जा रहा है।

पूसा विश्वविद्यालय में बायोगैस प्लांट का भूमि पूजन, सभी हॉस्टलों में होगी कुकिंग गैस की सप्लाई



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के पशु प्रक्षेत्र, एपीआरआई परिसर में बुधवार को बायोगैस प्लांट की स्थापना हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर प्लांट की आधारशिला रखी गई। इस परियोजना के तहत पशु प्रक्षेत्र में प्रतिदिन निकलने वाले गोबर और पशु अपशिष्ट को बायोगैस में परिवर्तित किया जाएगा। इस प्लांट की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इससे उत्पादित बायोगैस से विश्वविद्यालय के सभी छात्रावासों में कुकिंग गैस की सप्लाई की जाएगी। इससे हॉस्टलों में एलपीजी सिलेंडर पर होने वाले लाखों रुपये के खर्च में बचत होगी और छात्र-छात्राओं को निर्बाध स्वच्छ ईंधन मिलेगा। साथ ही प्लांट से निकलने वाले डाइजेस्टेट का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद के रूप में विश्वविद्यालय के प्रक्षेत्रों में किया जाएगा। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी यह महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

जातीय राजनीति के शिकार बिहार के दधीचि डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा : डॉ. मिथिलेश कुमार

द बिहार टाइम्स के माध्यम से उन्होंने छेड़ा था अलग बिहार के लिए बौद्धिक अभियान। जयंती पर उन्हें सादर नमन

समस्तीपुर एनएसबी। बिहार के सृजन में डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा की वही भूमिका है जो बंगाल के नवजागरण में राजाराम मोहन राय की। द बिहार टाइम्स के माध्यम से उन्होंने अलग बिहार के लिए बौद्धिक अभियान छेड़ा था।

बक्सर (तब के शाहाबाद) जिले के डुमरांव अनुमंडल अंतर्गत मुरार गांव में 10 नवंबर 1871 को जन्मे डा. सच्चिदानंद सिन्हा से 1893 में पूछा गया था कि वह कौन हैं तो उन्होंने खुद को बिहारी बताया था। प्रारंभिक शिक्षा पटना और कोलकाता में पूर्ण करने के बाद उन्होंने इंग्लैंड जाकर कानून की पढ़ाई की। बैरिस्टर बनकर भारत लौटने के बाद उन्होंने वकालत के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाई।

डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा का नाम बिहार और भारत के इतिहास में अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्हें आधुनिक बिहार के प्रमुख निमार्ताओं में गिना जाता है। उन्होंने बिहार को बंगाल से अलग एक स्वतंत्र प्रांत का स्वरूप दिलाने के आंदोलन का नेतृत्व किया और उनके अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप 22 मार्च 1912 को बिहार और उड़ीसा प्रांत का गठन हुआ। इसीलिए उन्हें ह्लबिहार निमार्ताह्व कहा जाता है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में बिहार, बंगाल प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। सच्चिदानंद सिन्हा ने बिहार की अलग पहचान और प्रशासनिक स्वायत्तता के लिए व्यापक जनमत तैयार किया। उनके साथ महेश नारायण और अन्य नेताओं ने भी इस अभियान को आगे बढ़ाया। अंततः 1912 में बिहार-उड़ीसा प्रांत का गठन हुआ, जो बिहार के इतिहास की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। डॉ. सिन्हा केवल राजनेता और विधिवेत्ता ही नहीं, बल्कि एक शिक्षाविद् और पत्रकार भी थे। वे पटना विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े रहे, इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के सदस्य बने और केंद्रीय विधान सभा के प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। उनकी विद्वता, प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रभक्ति ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई। डॉ. सिन्हा केवल बिहार के निमार्ता ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के भी प्रमुख शिल्पियों में थे। उन्होंने बिहार को उसकी अलग पहचान दिलाई, शिक्षा और पत्रकारिता को नई दिशा दी तथा संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, दूरदृष्टि और जनसमर्पण का अद्वितीय उदाहरण है।



09 दिसंबर 1946 को भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक बिहार के सच्चिदानंद सिन्हा जी की अध्यक्षता में नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन हॉल, जो अब पुरानी संसद भवन का संविधान सदन कहलाता है, में हुई थी। वह संविधान बनाने वाली समिति के पहले कार्यकारी अध्यक्ष थे। दो दिन बाद 11 दिसंबर 1946 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का स्थायी अध्यक्ष चुना गया था। इस प्रकार अगले लगभग 3 वर्षों की संविधान सभा की यात्रा प्रारंभ हुई। इस बैठक से हमारे महान मनिषियों ने एक ऐसी यात्रा प्रारंभ की जिसकी परिणति 2 वर्ष, 11 महीना 18 दिन के बाद संविधान निर्माण के रूप में हुआ। जब संविधान की मूल प्रति तैयार हुई तब वे पटना में बीमार पड़ गए। ऐसे में उनके हस्ताक्षर के लिए संविधान की मूल प्रति विशेष विमान से पटना उनके आवास पर लाई गई थी।

आज 75 साल और 106 संशोधनों के बाद वही संविधान देश के सर्वोच्च विधान के रूप में हम सब का मार्गदर्शन कर रहा है। सनद रहे कि यह संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान था। न सिर्फ बिहार विधान सभा भवन और बिहार विधान परिषद केलिए जमीन डॉक्टर सच्चिदानंद सिन्हा ने सरकार को दान दिया बल्कि, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का विशाल भव्य भवन जो उनका आवास हुआ करता था और सिन्हा लाइब्रेरी उनका व्यक्तिगत वकालत दफ्तर हुआ करता था, उसे भी दान में दिया था। इतना ही नहीं पटना एयरपोर्ट के लिए भी उन्होंने अपनी सत्तर बीघा खेती वाली जमीन भी 1944 में दान दिया था। बाद में उसी जमीन पर 1954 में पटना हवाई अड्डा (जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डा) का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसके साथ ही बंगाल विभाजन के बाद अंग्रेजों से कानूनी लड़ाई लड़ कर उन्होंने पटना को राजधानी बनवाया। अंग्रेज रांची को राजधानी बनाने के पक्ष में थे। पटना शहर का पहला नक्शा भी अंग्रेजो को बना कर डॉ. सिन्हा ने ही दिया था। उस जमाने में पटना अगम कुआं से गुलजारबाग और पटना सिटी वाले इलाके तक ही सिमटा था। आज जो पटना हम देख रहे हैं जिसमें सगुना मोड़ से कंकड़बाग शामिल हैं, इसका नक्शा भी उन्होंने ही तैयार किया था।

मजे की बात यह है कि, उनके द्वारा स्थापित श्रीमती राधिका सिन्हा इंस्टीट्यूट एवं उनके द्वारा दान की गई लगभग 50,000 दुर्लभ पुस्तकों समेत कुल 1.8 लाख से अधिक पुस्तकों का विशाल संग्रह सच्चिदानंद सिन्हा लाइब्रेरी (सिन्हा लाइब्रेरी) को छोड़ दें तो, जिस पटना शहर को बसाने में जिस इंसान ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, जिसका नक्शा तक बनाया, उस व्यक्ति का पूरे शहर में कही नामों निशान तक नहीं है।

कम से कम सच्चिदानंद सिन्हा की आदम कद प्रतिमा लगाकर आने वाली पीढ़ी को बिहार निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान सहित उनके जीवन की जानकारी तो दी ही जा सकती थी। मगर यह दुर्भाग्यपूर्ण विडम्बना है कि, आज तक जाति आधारित राजनीति के कारण किसी बड़े दल या सरकार ने इस दिशा में कदम उठाना तो दूर चर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा। हालांकि कुछ संस्थाओं द्वारा उनके नाम पर एक पार्क और आदम कद प्रतिमा लगाने की मांग उठाई जाती रही है मगर सरकार की अनिच्छा के कारण वह नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह जाती है।

छठ घाटों का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं को लेकर दिए निर्देश

कहा- छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



विद्यापतिनगर एनएसबी। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने विद्यापतिनगर प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा की सहायक बाया नदी के कष्टहरणी घाट, मऊ अखाड़ा घाट, शेरपुर घाट, मड़वा घाट सहित दर्जनों छठ घाटों का निरीक्षण किया। डीएम ने घाटों की स्थिति, नदी की गहराई, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के आवागमन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों पर छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने घाटों की समुचित साफ-सफाई, खतरनाक एवं गहरे पानी वाले स्थानों को चिह्नित कर बैरिकेडिंग कराने, पर्याप्त रोशनी, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार नाव एवं गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों को दुरुस्त रखने और भीड़ नियंत्रण के लिए जरूरी इंतजाम करने को कहा। डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था और श्रद्धा का पर्व है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी एवं तालाबों के घाटों पर पहुंचते हैं। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। खतरनाक घाटों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। मौके पर एसडीओ किशन कुमार, डीसीएलआर पंकज कुमार झा, रवि कुमार, बीडीओ महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, आरओ अरुण कुमार शर्मा, मुखिया दिनेश प्रसाद सिंह सहित श्रीजेय कुमार, राहुल झा एवं अन्य संबंधित अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

सूर्योपासना का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू, बाजारों में बढ़ी रौनक



चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर घरों से लेकर घाटों तक तैयारी तेज, छठ गीतों से भक्तिमय हुआ माहौल

समस्तीपुर कार्यालय/एनएसबी। लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर पूरे जिले में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। सुबह से ही छठ व्रतियों ने पवित्र स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना की और विधि-विधान से नहाय-खाय का प्रसाद तैयार किया। इसके साथ ही घरों में छठ पूजा की पारंपरिक तैयारियां शुरू हो गई हैं।

नहाय-खाय के दिन व्रती अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद चार दिनों तक चलने वाले इस कठिन व्रत की शुरूआत होती है। शनिवार को खरना होगा। इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम में गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा।

इधर, छठ पर्व को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। फल, नारियल, सूप, दउरा, बांस के सामान, मिट्टी के चूल्हे और पूजा सामग्री की दुकानों पर खरीदारी शुरू हो गई है। बाजारों में छठ से जुड़े पारंपरिक सामानों की मांग बढ़ने लगी है। वहीं, घरों में साफ-सफाई और पूजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दूसरी ओर, छठ घाटों की साफ-सफाई, मरम्मत और रास्तों को दुरुस्त करने का काम भी तेज कर दिया गया है। प्रशासनिक अधिकारी घाटों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। छठ गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। लोक आस्था के इस महापर्व में जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर लोग एक-दूसरे की मदद करते हैं। सूर्यदेव और छठी मइया के प्रति अटूट श्रद्धा का यह पर्व सामाजिक समरसता, स्वच्छता, अनुशासन और प्रकृति के प्रति आभार का संदेश देता है।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का आगाज, बाजारों में उमड़ी भीड़

कद्दू, सूप-दउरा और पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में दिखी रौनक, सुरक्षा को लेकर चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात।

दलसिंहसराय नगर एनएसबी। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ गुरुवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इसी के साथ पूरे इलाके में छठी मइया की भक्ति और आस्था का माहौल बनने लगा है। सुबह से ही व्रतियों ने गंगा सहित विभिन्न नदियों और स्थानीय जलाशयों में स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना की। इसके बाद घरों में पूरी शुद्धता और पारंपरिक विधि-विधान से अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी तैयार की गई। व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर छठ व्रत का संकल्प लिया। छठ महापर्व को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सुबह से ही पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। खासकर कद्दू, बांस के सूप, दउरा, नारियल, मिट्टी के चूल्हे, आम की लकड़ी और मौसमी फलों की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। नहाय-खाय के दिन कद्दू की मांग सबसे अधिक रही। पर्व को लेकर बाजार में खरीदारी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। महंगाई के बावजूद लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इधर, छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी अलर्ट है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों जैसे महावीर चौक, गुदरी रोड, स्टेशन रोड, सरदारगंज रोड और भीड़भाड़ वाले बाजारों में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

14वां विद्यापति राजकीय महोत्सव होगा ऐतिहासिक : डीएम

विद्यापतिधाम पहुंचकर डीएम ने तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश; देशभर के नामचीन कलाकारों को किया जाएगा आमंत्रित



विद्यापतिनगर एनएसबी। मिथिलांचल की सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक महाकवि विद्यापति की महाप्रयाण स्थली विद्यापतिधाम में आगामी 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 14वें विद्यापति राजकीय महोत्सव को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने की तैयारी तेज हो गई है। महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने उगना महादेव मंदिर परिसर एवं रेलवे मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाकवि विद्यापति केवल मिथिलांचल ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश की अमूल्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक धरोहर हैं। उनकी महाप्रयाण स्थली पर आयोजित होने वाला राजकीय महोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस वर्ष महोत्सव को ऐसा भव्य स्वरूप दिया जाएगा, जिससे महाकवि विद्यापति की साहित्यिक विरासत और मैथिली संस्कृति की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त हो। उन्होंने कहा कि आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं आम लोगों की सहभागिता भी अहम होगी। डीएम ने समारोह स्थल पर भव्य पंडाल, आकर्षक तोरण द्वार, बेहतर साउंड सिस्टम, अतिथियों के आवासन, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया। साथ ही महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समाचार पत्रों एवं अन्य संचार माध्यमों का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली और आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन से जुड़े लोगों ने महोत्सव की गरिमा के अनुरूप देशभर में ख्याति प्राप्त कलाकारों को आमंत्रित करने का सुझाव दिया। साथ ही भव्य कवि सम्मेलन आयोजित करने तथा मैथिली भाषा, साहित्य, लोकगीत एवं पारंपरिक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों को विशेष प्राथमिकता देने की बात कही गई। लोगों का कहना था कि नामचीन कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से महोत्सव की लोकप्रियता बढ़ेगी और दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे।जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूली बच्चों के बीच रंगोली, क्विज, भाषण सहित विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इससे नई पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा और महोत्सव में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में प्रसिद्ध कलाकारों के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति मंत्री, जिले के सभी सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, जिला परिषद अध्यक्ष सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम किशन कुमार, बीडीओ मोहम्मद महताब अंसारी, सीओ कुमार हर्ष, आरओ अरुण शर्मा, एसआई संजय कुमार सिंह, जदयू प्रदेश महासचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, विद्यापति परिषद के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया गणेश गिरी कवि, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, श्री बालेश्वर स्थान विद्यापतिधाम न्यास समिति के उपाध्यक्ष मणिकांत सिंह, सचिव नवीन कुमार गिरी, कोषाध्यक्ष रत्न शंकर भारद्वाज, सदस्य हरिओम गिरि, प्रवीण कुमार गिरी, धर्मराज सिंह, कैलाश पासवान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष एवं सचिव के साथ डीएम ने की बैठक

अरवल (एनएसबी)। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अहंता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्वाचक सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक निर्वाचक सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित न हो। इस अवसर पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की निर्धारित समय-सारणी की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन 12 नवम्बर, 2026 को किया गया है। दावा एवं आपत्ति दाखिल करने की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर, 2026 तक निर्धारित है। प्राप्त दायों एवं आपत्तियों का निष्पादन 28 दिसम्बर, 2026 तक तथा निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी, 2027 को किया जाएगा।



बैठक करते डीएम।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जहां आवश्यक हो, वहां बीएलए की नियुक्ति कर उनकी सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। साथ ही, सभी दलों से प्रारूप निर्वाचक सूची का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करने तथा पात्र मतदाताओं का नाम छूटने अथवा अपात्र व्यक्तियों का नाम सम्मिलित होने की स्थिति में निर्धारित प्रपत्र 6 एवं प्रपत्र 7 के माध्यम से दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की अपील की गई। उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य वंचित वर्गों के पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक सूची में शामिल कराने हेतु जागरूकता अभियान चलाने तथा मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं से संबंधित सही जानकारी उपलब्ध कराने में सहयोग देने का आग्रह किया। इस क्रम में विशेष अभियान दिवस दिनांक 21 एवं 22 नवम्बर तथा 05 एवं 06 दिसम्बर, 2026 को बीएलए के माध्यम से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में बीएलए द्वारा आवेदन-पत्र जमा करने के संबंध में भी दिशा-निर्देश साझा किए गए। इसके तहत एक बीएलए द्वारा प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन-पत्र बीएलओ को जमा किए जा सकेंगे। दावा एवं आपत्ति की पूरी अवधि में 30 से अधिक आवेदन जमा किए जाने की स्थिति में संबंधित आवेदनों का पुनः सत्यापन द्वारा किया जाएगा। बीएलए को आवेदन-पत्रों के सत्यापन से संबंधित घोषणा-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, प्रपत्र-6 के माध्यम से नाम सम्मिलित कराने, प्रपत्र 7 के माध्यम से नाम विलोपित कराने तथा प्रपत्र-8 के माध्यम से निर्वाचक सूची में संशोधन, स्थानांतरण प्रतिस्थापन आदि की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। आम नागरिक बीएलओ के माध्यम से अथवा पोर्टल के जरिए भी आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचक निबंधन नियमावली, 1960 के नियम-16 के अनुसार प्राप्त दावों एवं आपत्तियों की सूचियां संबंधित कार्यालयों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएंगी तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएंगी, ताकि आम नागरिक उनका अवलोकन कर सकें। विधानसभा क्षेत्रवार मासिक निर्वाचक सूची संबंधी आकड़े एवं दावे-आपत्तियों की सूचियां भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगी। निर्वाचक सूची में पंजीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान से संबंधित शिकायतों के लिए राज्य स्तर पर टोल फ्री नंबर 18003451950 तथा जिला स्तर पर 1950 की मतदाता सहायता केंद्र सुविधा उपलब्ध होने की जानकारी भी दी गई। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचक सूची का पुनरीक्षण एक सहभागी प्रक्रिया है, जिसमें जिला प्रशासन, निर्वाचन तंत्र, राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से इस अभियान में पूर्ण सहयोग करने की अपील की, ताकि निर्वाचक सूची को शुद्ध, समावेशी एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

छठ पर्व को लेकर एसपी ने किया रात्रि में थाना और ओपी का औचक निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि में विभिन्न थानों एवं टी.ओ.पी. का किया गया औचक निरीक्षण। आगामी छठ पूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर अरवल पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय, अरवल द्वारा रात्रि के समय जिले के विभिन्न थानों एवं टी.ओ.पी. का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान रात्रि गश्ती व्यवस्था, पुलिस बल की सक्रियता, संवेदनशील स्थलों पर निगरानी तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की स्थिति का जायजा लिया गया।छठ घाटों, प्रमुख मार्गों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सभी थानाध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारियों को नियमित गश्ती, प्रभावी वाहन जांच तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही, किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिलने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में पूर्ण मुस्तैदी बनाए रखने का निर्देश दिया। अरवल पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि छठ महापर्व को शांति, श्रद्धा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



निरीक्षण करते एसपी।

स्वर्ण व्यवसायी के हत्यारों को मिले कड़ी से कड़ी सजा : सत्येन्द्र रंजन

शहरतेलपा (एसएनबी)। जिले के कुर्था थाना क्षेत्र अंतर्गत कुर्था बाजार निवासी स्वर्णकार मनोज कुमार को अपने व्यवसायिक दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में ढोंढरा मोड़ के पास अपराधियों के द्वारा गोली मारकर हत्या किये जाने की घटना पर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा किया जाय वह कम होगा । सभ्य समाज मे हिंसा का कोई स्थान नहीं है । उन्होंने पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव से उक्त हत्याकांड घटना की निष्पक्ष जांच करने के साथ - साथ इस हत्याकांड घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को अविलम्ब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिये स्पीडी ट्रायल करवाकर सजा दिलायी जाये , साथ ही बिहार सरकार के द्वारा पीड़ित परिवार को पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक मुआवजा एवं एक परिवार को सरकारी नौकरी दिया जाय , ताकि पीड़ित परिजनों को किसी भी प्रकार का समस्या उत्पन्न नहीं हो ।

स्मैक के धंधे पर पुलिस की नजर 4.39 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

मेहंदिया (एनएसबी)। मेहंदिया थाना पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बलिदाद गांव स्थित एक खंडहरनुमा मकान से सोनू आलम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 439 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद किया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशे के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बलिदाद गांव के एक खंडहरनुमा मकान में स्मैक का अवैध कारोबार किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर सोनू आलम को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 4.39 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। बताया जाता है कि बलिदाद इलाके से ही कुछ दिन पूर्व भी दो तीन युवको को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से इस क्षेत्र में लगातार स्मैक की खरीद-बिक्री किए जाने की सूचनाएं पुलिस को मिल रही थीं। इसे देखते हुए पुलिस की नजर कुछ संदिग्ध चेहरों पर लगातार बनी हुई है।

बेलसार सूर्य मंदिर में छठ पर उमड़ेगी हजारो श्रद्धालुओं की भीड़, नहर में अर्घ्य के दौरान सुरक्षा बड़ी चुनौती

मेहंदिया (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ होने वाला है। पर्व को लेकर जिले के प्रमुख छठ स्थलों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में बेलसार स्थित सूर्य मंदिर में भी छठ व्रत करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ष करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के यहां आने की संभावना जताई जा रही है। अरवल जिले के विभिन्न गांवों के साथ-साथ औरंगाबाद जिले के कई गांवों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं। छठ पर्व के दौरान यहां आस्था का बड़ा जनसैलाब उमड़ता है। बेलसार स्थित सूर्य मंदिर का निर्माण वर्ष 1998 में पूरा हुआ था। इसके बाद से इस मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है। समय के साथ मंदिर की ख्याति आसपास के जिलों तक फैल चुकी है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष छठ पर्व के अवसर पर यहां बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु पहुंचते हैं। कुछ श्रद्धालु छठ पूजा से कुछ दिन पहले ही यहां आ जाते हैं और पूरे नियम-निष्ठा के साथ व्रत संपन्न करते हैं। वहीं, कई श्रद्धालु केवल अर्घ्य देने के लिए पहुंचते हैं। कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जो यहां रुककर पूरे विधि-विधान से छठ व्रत करते हैं। नहर में ही दिया जाता है भगवान सूर्य को अर्घ्य बेलसार सूर्य मंदिर की खासियत यह है कि यहां छठ व्रती मुख्य सोन नहर की खगौल-पटना शाखा में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मंदिर के ठीक बगल से नहर गुजरती है, जिसके किनारे छठ पूजा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देने के समय नहर में बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु मौजूद रहते हैं। ऐसे में नहर में पानी की गहराई और तेज बहाव वाले स्थानों को लेकर सुरक्षा की चिंता बनी रहती है। खासकर छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। स्थानीय स्वयंसेवकों के भरोसे रहती है पूरी व्यवस्था बेलसार सूर्य मंदिर में छठ पर्व के दौरान व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य रूप से स्थानीय स्वयंसेवकों और पूजा समिति के सदस्यों के हाथों में रहती है। इनके द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाती हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रत्येक वर्ष पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का प्रयास किया जाता है। हालांकि, श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए इस बार सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत महसूस की जा रही है।

नहर के दोनों तटबंधों पर बैरिकेडिंग की जरूरत : मंदिर के आसपास नहर के दोनों तटबंधों पर करीब 500 मीटर तक छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। पूजा के दौरान नहर के किनारे और पानी में भी काफी भीड़ एकत्रित हो जाती है। हालांकि, पूजा समिति की ओर से मंदिर के आसपास और कुछ स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाती है, लेकिन करीब 20 हजार श्रद्धालुओं के संभावित आगमन को देखते हुए यह व्यवस्था पर्याप्त नहीं दिखती। नहर के दोनों तरफ कई जगहों पर खुला स्थान रहने के कारण भीड़ के अनियंत्रित होने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छठ पर्व के दौरान अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ नहर में उतरते हैं। ऐसे में नहर के किनारे मजबूत बैरिकेडिंग के साथ-साथ पानी में उतरने और बाहर निकलने के लिए सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था होनी चाहिए। विशेषकर अर्घ्य के समय बच्चों और बुजुर्गों पर नजर रखने के लिए पर्याप्त स्वयंसेवकों और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती जरूरी है।

प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग : स्थानीय लोगों की मांग है कि बेलसार सूर्य मंदिर में छठ पर्व के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन और संबंधित नहर विभाग समय रहते सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लें। नहर के दोनों तटबंधों पर कम से कम 500 मीटर तक मजबूत बैरिकेडिंग कराई जाए। इसके अलावा खतरनाक स्थानों को चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी रखी जाए। जरूरत के अनुसार गोताखोर, नाव, रोशनी और आपातकालीन सहायता की व्यवस्था भी होनी चाहिए, ताकि किसी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके।

छठ महापर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़



खरीदारी करते लोग।

कुर्था (एनएसबी)। लोक आस्था पवित्रता और सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिल रहा है। पर्व की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कुर्था, मानिकपुर एवं मोतीपुर बाजारों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल बनी रही, वहीं दिन चढ़ने के साथ ही फल, पूजा-पाठ की सामग्री, सूप, दउरा एवं अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ती चली गई। छठ व्रत करने वाले श्रद्धालु परिवार के साथ बाजार पहुंचकर पर्व से जुड़ी आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी करते नजर आए। बाजारों में नारियल, केला, सेब, संतरा, अनार, मौसमी सहित विभिन्न प्रकार के फलों की दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। वहीं छठ पूजा में विशेष महत्व रखने वाले बांस से बने सूप, दउरा, डलिया एवं अन्य पारंपरिक सामग्रियों की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ लगी रही। महिलाएं अपनी जरूरत के अनुसार पूजन सामग्री की खरीदारी करती दिखीं। इसके अलावा पूजा में इस्तेमाल होने वाली अगरबत्ती, धूप, दीप, कपूर, सिंदूर, घी, गुड़, चावल, ठेकुआ बनाने की सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानों पर भी लोगों की आवाजाही बनी रही। छठ महापर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। दुकानदारों का कहना था कि छठ पूजा बिहार का प्रमुख लोक आस्था का पर्व है। इस दौरान फलों और पूजन सामग्रियों की मांग काफी बढ़ जाती है। पर्व नजदीक आते ही बाजारों में खरीदारी का सिलसिला तेज हो गया है। खासकर सूप, दउरा और फलों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। वहीं बाजारों में खरीदारी करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि छठ पर्व को लेकर घरों में साफ-सफाई और अन्य तैयारियां पहले से ही शुरू कर दी गई हैं। अब पूजन सामग्री और फलों की खरीदारी की जा रही है, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और लोक संस्कृति को एक सूत्र में बांधने वाला महापर्व भी है। छठ महापर्व को लेकर कुर्था, मानिकपुर एवं मोतीपुर बाजारों में गुरुवार को उमड़ी भीड़ से पूरे क्षेत्र में पर्व का उत्सवी माहौल देखने को मिला। बाजारों की रौनक और श्रद्धालुओं की आस्था ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोक आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में कितना उत्साह और विश्वास है।

फल-सूप और पूजा सामग्री की दुकानों पर बढ़ी रौनक

राशन कार्ड एवं अनुज्ञप्ति वितरण समारोह का किया गया आयोजन

अरवल (एनएसबी)। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तत्वावधान में नए राशन कार्ड एवं जन वितरण प्रणाली दुकानों की नई अनुज्ञप्ति वितरण समारोह का आयोजन खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में नए राशन कार्डों एवं जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की नई अनुज्ञप्ति वितरण समारोह का आयोजन समाहरणालय परिसर, अरवल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार श्री सम्राट चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में तथा माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार श्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, उप विकास आयुक्त श्री शैलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गोविंद कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं लाभुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नए राशन कार्डों एवं जन वितरण प्रणाली की दुकानों की नई अनुज्ञप्तियों के वितरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पहुंचाना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। नए राशन कार्ड के माध्यम से पात्र लाभुकों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने में सहायता मिलेगी। वहीं, जन वितरण प्रणाली की नई दुकानों की अनुज्ञप्ति जारी होने से खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की पहुंच और बेहतर होगी तथा लाभुकों को स्थानीय स्तर पर सुविधाजनक तरीके से राशन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीमती अमृषा बैंस ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के महत्व पर बल दिया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई पात्र लाभुकों को बीच नवनिर्मित राशन कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना, पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना तथा जन वितरण प्रणाली के माध्यम से आम जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है।



राशन कार्ड प्राप्त करते लाभार्थी।

दिपावली व गोवर्धन पूजा महोत्सव के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

कुर्था (एनएसबी)। दिपावली व गोवर्धन पूजा महोत्सव के अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के धमौल और गहरपुर गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य रंजन कुमार यादव ने किया। उद्घाटन के दौरान उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्व-त्योहार केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि समाज को जोड़ने, आपसी प्रेम, भाईचारा, समानता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। वही उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक उत्सव तभी सार्थक होगा, जब शिक्षा, समानता, सम्मान, वैज्ञानिक सोच और सामाजिक न्याय की भावना समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगी। हमें महापुरुषों के विचारों, तथागत गौतम बुद्ध के करुणा एवं मैत्री के संदेश तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के समतामूलक समाज के संकल्प को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में धमौल पंचायत के मुखिया कामता प्रसाद यादव, रोहाई पंचायत के मुखिया अभिषेक रंजन, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता रविन्द्र कनौजिया, रंजीत यादव, अमरेश कुमार, मुस्तकीम अंसारी, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वही दुगोला संगीत कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार गुड्डू हलचल एवं मनीषा राज ने अपनी शानदार संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दोनों कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे और कार्यक्रम का आनंद लेते रहें।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

जिला अमीन संघ का हुआ गठन सियाराम चौधरी बने अध्यक्ष तो अजय को मिली सचिव की जिम्मेदारी

मेहंदिया (एनएसबी)। जिले में अमीनों के संगठन को मजबूत बनाने एवं उनके हितों की रक्षा के उद्देश्य से जिला अमीन संघ का गठन किया गया है। संघ के गठन के साथ ही विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसमें कलेर प्रखंड के सियाराम चौधरी को जिला अमीन संघ का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि करपी के ओम प्रकाश कुमार को उपाध्यक्ष एवं अजय कुमार को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं, अरवल के सिद्धनाथ सिंह को उपसचिव, करपी के अन्तेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा दिलीप कुमार शर्मा को प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा संघ में सदस्य के रूप में सादिक अंसारी, सकल देव, रामेश्वर सिंह, बंकटेश शर्मा, सुरेंद्र पासवान एवं विवेक कुमार को शामिल किया गया है। संघ के प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने बताया कि जिला अमीन संघ का उद्देश्य जिले के अमीनों को एकजुट करना, उनकी समस्याओं को उचित मंच पर उठाना तथा उनके अधिकारों एवं हितों के लिए सामूहिक रूप से आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी सदस्यों को आपसी समन्वय और एकता के साथ कार्य करना होगा। संगठन के गठन से जिले के अमीनों में नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल है।

मधुश्रवा छठ घाट का डीडीसी ने किया निरीक्षण

मेहंदिया (एनएसबी)। छठ महापर्व को लेकर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार ने मधुश्रवा छठ घाट का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिजली, पेयजल, महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश बीडीओ को दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने तालाब एवं घाटों पर कराई गई साफ-सफाई का भी जायजा लिया। साफ-सफाई और तैयारियों को देखकर उन्होंने संतोष जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आवागमन तथा अन्य प्रशासनिक तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके अलावे उन्होंने पिने की पानी के लिए टैंकर की पर्याप्त व्यवस्था करने की बात कही।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश

संक्षिप्त खबरें

06

कामरेड विशेश्वर प्रसाद यादव की श्रद्धांजलि सभा मनाई गई

हाजीपुर/एनएसबी। कामरेड विशेश्वर प्रसाद यादव की श्रद्धांजलि सभा उनके पैतृक गांव रन्दाहा में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कामरेड मनोज पांडे ने किया।जिला सचिव योगेन्द्र राय, कार्यकारी जिला सचिव कामरेड गोपाल पासवान,



कामरेड राम बाबू भगत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कामरेड विशेश्वर प्रसाद यादव के द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से बताएं और उनके द्वारा किसान, मजदूर, भूमिहीन, गैर बराबरी लोगों के लिए संघर्ष को तेज करने का संकल्प लियाम उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। वैशाली जिला कमेटी सदस्य रामनिवास प्रसाद यादव, कामरेड सुमन कुमार, कामरेड रामबाबू पासवान, कामरेड खलिल जी, कामरेड ज्वाला जी, कामरेड मजेन्द्र शाह,कामरेड अरविंद ठाकुर, कामरेड अर्जुन दास, कामरेड रामनंदन राय, रविंद्र सिंह, हरि नारायण राय, जय मंगल राय, सुरेश प्रसाद सिंह अधिवक्ता, कुमार राकेश वरिय, अधिवक्ता, बिजेंद्र कुमार अधिवक्ता, कपेलेश्वर दास शिक्षक, राजेश्वर सिंह, रविंद्र कुमार, डॉक्टर गौरी शंकर राय, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

छठ का संकल्प व्रत आज, घाटों पर तैयारी

पटना सिटी/एनएसबी। सूर्योपासना पर्व छठ का अनुष्ठान शुक्रवार को संकल्प व्रत से आरंभ हो जायेगा. इसको लेकर त्योहार के नियमित उपयोग आने वाली सामग्री की खरीदारी होती रही. वहीं प्रशासन की ओर से छठ व्रतियों के लिए गंगा घाटों पर तैयारी की जा रही है. छठ व्रतियों की सुविधा के लिए एसडीओ कशिश बक्शी ने गंगा घाटों का निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के सदस्यों से वहां की जानकारी ली. प्रशासन की ओर से भी गंगा घाटों को संबारने का कार्य किया जा रहा है. इस दौरान अधिकांश गंगा घाटों को छठ के अनुकूल प्रशासनिक तैयारी की गयी है.इस दौरान व्रतियों की सुविधा के लिए गंगा घाट पर व्रतियों की सुविधा के लिए , चेंजिंग रूप , वॉच टॉवर , शौचालय , पानी का टैंकर, लाइट की व्यवस्था करने के साथ साफ सफाई व एप्रोच सड़कों की स्थिति को दुरुस्त कराया गया है. कुछ कमियों को दूर करने को कहा गया है.

घाटों पर व्रतियों की सुविधा के लिए सुरक्षा,प्रकाश व भीड़ प्रबंधन पर हो कार्य

छठ व्रतियों के लिए गंगा घाटों पर हो रही तैयारियों का विधायक व अधिकारियों ने लिया जायजा

पटना सिटी/एनएसबी। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए गंगा घाटों पर सुरक्षा,प्रकाश व भीड़ प्रबंधन पर कार्य हो,इसके लिए विधायक रतनेश कुमार ने गुरुवार को गंगा घाटों का निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया. निरीक्षण में साथ रहे निगम के अधिकारियों को मिरचाई घाट, केशव राय घाट, किला घाट, बुंदेल टोली घाट एवं टेढ़ी घाट पर रैंप निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने और घाटों पर पर्याप्त बालू की व्यवस्था रखने को कहा. इस दौरान भद्र घाट से दमराही घाट तक गंगा का निरीक्षण किया. निरीक्षण में रही एसडीओ कशिश बक्शी ने गंगा घाटों पर होने वाली प्रशासनिक तैयारियों पर भी चर्चा की. निरीक्षण में निगम अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी श्रेया कश्यप,सिटी अंचल के ईओ आशुतोष कुमार,महापौर प्रतिनिधि शिशिर कुमार,प्रभाकर मिश्र,राजेश साह,प्रदीप काश,पंकज कुमार गुप्ता, राजू कर्ण, जितेन्द्र कुमार, जीतू, राहुल राज, मोहन निषाद, नितीश कुमार, अमित कानोडिया,प्रदीप शर्मा, राजू गुप्ता, लड्डू चन्द्रवंशी, मनोरंजन सिंह समेत अन्य थे. इस दौरान विधायक ने कहा कि छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं को सुरिक्षत, स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा. इसके लिए प्रशासनिक स्तर व संगठनों के सहयोग से तैयारी की गयी है. ताकि छठव्रतियों को स्नान करने व अर्घ्य अर्पित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो.

सामुहिक छठ करने वाली 51 महिलाओं का अभिनंदन

पटना सिटी/एनएसबी। नयी दिशा परिवार की ओर से 51 छठ व्रती महिलाएं सामुहिक अनुष्ठान बेलवरगंज स्थित गिरिराज उत्सव पैलेस में करेगी. इसको लेकर व्रत का संकल्प ली महिलाओं का अभिनंदन व महिलाओं के पैर का छाप भी कपड़ा पर उकेरा गया. आयोजन में बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ,नितिन कुमार रिंकु, समाजसेवी राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव,कमल नयन श्रीवास्तव, सचिव राजेश राज,केतन थिरानी,शशि शेखर रस्तोगी,शिव प्रसाद मोदी व विजय यादव समेत अन्य उपस्थित थे. इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति में दिव्यांका श्री, वासु सिंह, उजाला राज ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मुग्ध कर दिया. कार्यक्रम संचालन में रितू राज, मोहित कुमार, परितोष समेत अन्य सक्रिय थे.

व्रतियों में बांटी पूजन सामग्री

पटना सिटी/एनएसबी। गायघाट गौरीशंकर मंदिर के समीप में एमएस फाउंडेशन की ओर से 351 व्रतियो के बीच सूप,नारियल,व पूजन सामग्री का वितरण संयोजक बाबू भाई व मनोज शर्मा की अध्यक्षता में विधायक रतनेश कुमार व संजय गुप्ता,किरण ऑटो मोबाइल्स के निदेशक नितिन कुमार रिंकू ने साम्रगी बांटी. इस मौके पर मंदिर सचिव विश्वनाथ चौधरी,पार्षद गायत्री गुप्ता,पूर्व पार्षद बलराम चौधरी व विनोद कुमार,डॉ प्रवीण साहू,गंगाधर गिरि, गणोश कुमार,मुकेश ठाकुर,शाहिद अंसारी,संजय मालाकार,मुन्ना सरकार,राजू कर्ण,रोहित,कृष्णा,सत्य नारायण,राहुल और बमबम समेत अन्य प्रमुख शामिल थे. वहीं सशस्त्र सीमा बल के सब इंस्पेक्टर सह मुन्नू एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक मनीष कुमार पटेल ने 200 छठ व्रतियों के बीच में साड़ी फल व पूजन सामग्री का वितरण करते हुए पर्यावरण रक्षा के लिए पौधा भेंट किया.

आरती उतार विसर्जित हुई भगवान चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमा

पटना सिटी/एनएसबी। दीवान मुहल्ला स्थित आदि चित्रगुप्त मंदिर परिसर में गुरुवार को विसर्जन को पहुंची कलम जीवियों के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमाओं का सामूहिक आरती की गयी. पूजा अर्चना व आरती के उपरांत पटना शहर में स्थापित चित्रगुप्त महाराज की प्रतिमाओं का विसर्जन मंदिर परिसर में बने कृत्रिम तालाब में किया गया. पूजा अर्चना आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चर से की. इसके बाद सामूहिक महाआरती के उपरांत विसर्जन किया गया. आयोजन में उपाध्यक्ष सह संयोजक संजय कुमार सिन्हा, प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा, सुजीत वर्मा, पूजन समिति के अध्यक्ष लाला प्रकाश,उपाध्यक्ष प्रभात बहादुर माथुर,धर्मेंद्र प्रसाद मुन्ना,नवीन कुमार सिन्हा, अजय कुमार मंटू,सन्नी सिन्हा,उपेंद्र सिन्हा, अनूप कुमार सिन्ळा,अजय कुमार बबलू,प्रो चंद्रमोहन राय सक्सेना,चंद्रभानु सिन्हा समेत अन्य शामिल थे. इधर भूतनाथ रोड स्थित बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, चंद्रा वैन्क्वेट हॉल में कायस्थ चित्रगुप्त सेना की ओर से स्थापित ड्राई फ्रूट्स से बनी भगवान की प्रतिमा का विसर्जन भद्र घाट पर किया गया. आयोजन में सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, समीर परिमल,संजीव कर्ण, सुशील सिन्हा मुरारी , संजय सिन्हा, रघुनाथ प्रसाद, धीरज सिन्हा, कृष्णा, डॉ. सिद्धार्थ, लक्ष्मीकांत सहाय, आकांक्षा चौधरी, शशि भूषण प्रसाद, रौशन प्रियदर्शी, राजेश कुमार चौधरी, रामदेव सिन्हा, राजीव रंजन सिन्हा, अनिकेत, संतोष, आलोक सिन्हा समेत अन्य शामिल थे.

फायरिंग में युवक को गोली लगी

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना के बड़ी पहाड़ी मुहल्ला निवासी रामजीवन महतो के पुत्र 25 वर्षीय विकेस कुमार को स्कूटी सवार बदमाश की ओर से की गयी फायरिंग में हाथ में गोली लगने से जख्मी हो गया है. जख्मी को परिजनों ने उपचार के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया है. जख्मी ने पुलिस को बताया कि घर के समीप में निचली बैठका पंचायत भवन के पास लक्ष्मी जी की प्रतिमा स्थापित हुई है.प्रतिमा से कुछ दूरी पर बैठा था. उसी समय स्कूटी से एक अज्ञात युवक आया और फायरिंग किया. जिससे वो जख्मी हो गया. पुलिस ने बताया कि जख्मी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले में छानबीन की जा रही है.

महुआ-ताजपुर नई रेल लाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे को मिली हरी झंडी



रेलवे बोर्ड ने ₹1.47 करोड़ किए स्वीकृत

हाजीपुर/एनएसबी। वैशाली और समस्तीपुर जिले के लाखों लोगों की वर्षों पुरानी प्रतीक्षा अब समाप्त होने जा रही है। भगवानपुरझसमस्तीपुर वाया महुआझताजपुर (49 किलोमीटर) नई रेल लाइन परियोजना के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा अंतिम लोकेशन सर्वेक्षण की आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस सर्वेक्षण कार्य को पूरा करने के लिए रेलवे बोर्ड ने ₹1.47 करोड़ की राशि भी स्वीकृत की है। विदित हो कि इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना के निर्माण कार्य को गति देने के उद्देश्य से बीते दिनों बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री सह महुआ विधायक श्री संजय सिंह ने नई दिल्ली में माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी से विशेष मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरान मंत्री श्री संजय सिंह ने महुआ एवं आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और व्यापारिक सुगमता के लिए इस नई रेल लाइन की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसके सर्वेक्षण कार्य को शीघ्र शुरू कराने का आग्रह प्रमुखता से रखा था। रेलवे बोर्ड द्वारा आज इस सर्वेक्षण को मंजूरी मिलना न केवल महुआ विधानसभा क्षेत्र, बल्कि वैशाली और समस्तीपुर जिलों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस रेल लाइन के बन जाने से क्षेत्र में यातायात सुगम होगा तथा कृषि और स्थानीय व्यापार को नया आयाम मिलेगा।

पीएचईडी मंत्री सह महुआ विधायक संजय सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से विशेष मुलाकात कर मांग की थी

इस जनहितैषी और ऐतिहासिक निर्णय के लिए पीएचईडी मंत्री श्री संजय सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी एवं केंद्रीय मंत्री व हमारे नेता श्री चिराग पासवान जी के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया है। मंत्री श्री संजय सिंह कहा कि महुआ की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना और क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उक्त जानकारी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के युवा प्रदेश महासचिव संतोष शर्मा ने दी।

जिला पदाधिकारी की पहल पर हाजीपुर केंद्रीय कारागार में छठव्रती बंदियों के लिए विशेष व्यवस्था

महिला एवं पुरुष बंदियों के लिए अलग-अलग घाट तैयार



हाजीपुर/एनएसबी। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में हाजीपुर केंद्रीय कारागार में छठव्रती बंदियों के लिए आवश्यक सुविधाओं एवं पूजन सामग्री की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

कारागार में छठ व्रत करने वाले महिला एवं पुरुष बंदियों की सुविधा एवं धार्मिक आस्था को ध्यान में रखते हुए दोनों के लिए अलग-अलग घाटों की व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों को अर्घ्य अर्पित करने एवं पूजा-अर्चना करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। जेल प्रशासन द्वारा महिला बंदियों एवं उनके बच्चों के लिए विशेष संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी 44 महिला बंदियों एवं उनके बच्चों को छठ महापर्व के अवसर पर नए वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही छठ व्रत के अनुष्ठान को श्रद्धा एवं गरिमा के साथ संपन्न कराने के लिए आवश्यक सामग्री एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि छठ महापर्व आस्था, पवित्रता, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। कारागार में निरुद्ध बंदियों को भी अपनी धार्मिक आस्था एवं परंपराओं के अनुरूप पर्व मनाने का अवसर मिलना चाहिए। जिला प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति पर्व की खुशियों और श्रद्धा से वंचित न रहे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि छठव्रती बंदियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं तथा पर्व के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वैशाली आगमन को लेकर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



हाजीपुर/एनएसबी। भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने आज वैशाली जिले के जंदाहा प्रखंड अंतर्गत बहसी पंचायत में आगामी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रस्तावित आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का वैशाली की ऐतिहासिक धरती पर प्रस्तावित आगमन एक महत्वपूर्ण अवसर है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान विधायक हाजीपुर अवधेश सिंह, जिलाधिकारी वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह, एसएसपी श्री शुभांक मिश्रा सहित जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हुए मंत्री चिराग पासवान

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर के दिग्घीकला पूर्वी निवासी स्वर्गीय सुधीर कुमार सिंह के सुपुत्र प्रिय रंजन कुमार जी का बीमारी के कारण असामयिक निधन हो गया था। आज लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री चिराग पासवान जी उनके परिजनों से मिलने पहुंचे और इस अपार दुःख की घड़ी में परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना एवं शोक व्यक्त किया। आदरणीय चिराग पासवान जी का इस कठिन समय में पीड़ित परिवार के बीच पहुंचना उनके संवेदनशील व्यक्तित्व, आत्मीयता और मानवीय मूल्यों को दर्शाता है। इनके साथ बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान, विधान परिषद सदस्य जनाब अशरफ अंसारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक पूर्व सांसद प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह प्रदेश



महासचिव राजकुमार पासवान चन्द्र भूषण कुमार मनोज कुमार अशोक कुमार श्रीकांत पासवान शंकर सिंघानिया मो नौसाद खां सहित अन्य थे।

जिला पदाधिकारी के निर्देशन में छठ पर्व से पूर्व शराबबंदी कानून के प्रभावी अनुपालन को लेकर बड़ी कार्रवाई

विभिन्न थाना, उत्पाद विभाग एवं जीआरपी में जब्त 29,913.325 लीटर शराब का किया गया विनष्टीकरण

हाजीपुर/एनएसबी। बिहार में लागू मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्रभावी अनुपालन तथा शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू रखने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश एवं निर्देशन में छठ पर्व से पूर्व जिले में जब्त शराब के विनष्टीकरण की कार्रवाई की गई। इस क्रम मे जिले के विभिन्न पुलिस थानों, उत्पाद विभाग तथा राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) के स्तर पर जब्त कुल 29,913.325 लीटर शराब का निर्धारित प्रक्रिया के तहत विनष्टीकरण किया गया।

जिला पदाधिकारी के आदेश के आलोक में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य जब्त अवैध शराब का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करना तथा मद्यनिषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को और सुदृढ़ करना है। विभिन्न पुलिस थानों, उत्पाद विभाग एवं जीआरपी द्वारा अलग-अलग मामलों में जब्त शराब के विनष्टीकरण की कार्रवाई निर्धारित प्रशासनिक एवं कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। छठ पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन



द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध शराब के कारोबार, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोकने के लिए संबंधित विभागों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

नशा पिला उड़ाया मोबाइल व एटीएम,चोरी गयी मोबाइल से निकासी

पटना सिटी/एनएसबी। अगमकुआं थाना में क्षेत्र मे दो को शिकार बनाते हुए बदमाशों ने एक का नशा पिला मोबाइल,एटीएम व सोने का चेन उड़ा लिया,तब चोरी गये मोबाइल से 15 हजार की निकासी कर लिया है. समस्तीपुर के शाहपुर निवासी श्रीराम कुमार ने दर्ज कराये मामले में पुलिस को बताया है कि जीरो माइल के पास समस्तीपुर लौटने के लिए खड़ा था. इसी बीच दो युवकों ने बातचीत करते हुए पानी पिलाया.जिससे वो बेहोश हो गया. इसके बाद एटीएम,मोबाइल व गले से सोने का चेन उड़ा लिया. अगमकुआं थाना में ही गयाजी जिला के खिजरसराय निवासी धीरेंद्र कुमार ने छोटी पहाड़ी के समीप से मोबाइल चोरी होने और चोरी गये मोबाइल 15 हजार रुपये निकासी होने की शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस ने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर मामले में छानबीन की जा रही है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैशाली आगमन को तैयारियों को लेकर हुई अहम बैठक



गोरौल/एनएसबी। आगामी 21 नवंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित वैशाली आगमन को लेकर राजग के कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने तथा इसमें अधिक से अधिक कार्यकताओं एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वैशाली विधानसभा क्षेत्र के राजग घटक दलों की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई।यह बैठक विधानसभा क्षेत्र के अफजलपुर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह वैशाली लोकसभा संयोजक अभिषेक राज उर्फ राजा भैया के आवास पर हुई।बैठक में भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा एवं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेताओं और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता जदयू के पटेढ़ी बेलसर प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार निषाद ने की, जबकि मंच संचालन भाजपा वैशाली उत्तरी के प्रवक्ता महेश शाह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक राज,वैशाली जिला प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, लोजपा (रामविलास) के रजनीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दिनेश कुशवाहा तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा की पूनम कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैशाली की ऐतिहासिक धरती पर आगमन जिले ही नहीं,बल्कि पूरे बिहार के लिए गौरव और उत्साह का विषय है। प्रधानमंत्री के इस दौरे से बिहार के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण सौगात मिलने की उम्मीद है।यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं,बल्कि बिहार के विकास की नई संभावनाओं और उपलब्धियों से जुड़ा महत्वपूर्ण अवसर है।नेताओं ने राजग के सभी घटक दलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ कार्यक्रम की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन की जानकारी पहुंचाई जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को 21 नवंबर को वैशाली के जाफर पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाए।इस अवसर पर वैशाली विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों एवं मंडलों से राजग के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हजरत फातिमा जहरा का जीवन पर संगोष्ठी

पटना सिटी/एनएसबी। हजरत फातिमा के स्मृति में हजरत फातिमा जहराः एक अनुकरणीय चरित्र पर राष्ट्रीय संगोष्ठी व मुशायरा सह कवि सम्मेलन सुल्तानगंज स्थित खानकाह हजरत दीवान शाह अरजान में हुई. दो चरणों में हुए संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मौलाना सैयद मुराद रजा व अतिथियों का स्वागत सज्जादा नशीं प्रोफेसर डॉ. सैयद शाह हसीन अहमद ने की. इसकी शुरूआत हाफिज जिगर आलम ने तेलावत कुरान से की. वहीं बजील अहमद अशरफी ने नात-ए-पाक पढ़ी. गोष्ठी का संचालन डॉ. मुहम्मद मिन्हाजुद्दीन ने की. गोष्ठी में प्रो इशाक रजा जैदी,संपादक एस.एम. अशरफ फरीद, प्रो हसन अब्बास ने विचार रखे. द्वितीय सत्र संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. कासिम फरीदी व शमीम कासमी ने की. आयोजन में प्रो हसन अब्बास,डॉ. नूरु ल इस्लाम नदवी, डॉ. मुबीन कुरेशी, डॉ आसिफ अख्तर, डॉ सैयद हुमायूँ अख्तर,सरदार गुरु चरण सिंह, प्रो मणि भूषण कुमार, अनवारु ल हसन वस्तवी, सुल्तान आजाद, डॉ. कैसर जाहिदी, डॉ. अशरफ-उन-नबी कैसर,

संक्षिप्त खबरें

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बिट्टू साह की पत्नी को मिला चार लाख का चेक

अंचल अधिकारी ने अनुग्रह अनुदान योजना के तहत सौंपी सहायता राशि

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के भठवां मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले बिट्टू साह के परिजनों को प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।गुरुवार को अंचल अधिकारी मनोरंजन शुक्ला ने मृतक की पत्नी डेजी देवी को अनुग्रह अनुदान योजना के तहत चार लाख रुपये का चेक सौंपा।प्रशासन की इस पहल से हादसे में पति को खोने वाले परिवार को



आर्थिक संबल मिलने की उम्मीद है।गौरतलब है कि मंगलवार की देर शाम भठवां मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार बिट्टू साह की मौत हो गई थी।वह भठवां मोड़ पर मोबाइल की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।पति की मौत के बाद पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।ऐसे कठिन समय में प्रशासन की ओर से अनुग्रह अनुदान की राशि उपलब्ध कराए जाने से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद मिलेगी।चेक सौंपने के दौरान राजस्व अधिकारी मनन शुक्ला, लोजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा तथा उप प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र चैबे मौजूद रहे।

योग्य लाभुकों को मिला नया राशन कार्ड

गरीबों और वंचितों के कल्याण के प्रति संवेदनशील बिहार सरकार
जिला पदाधिकारी ने लाभुकों को सौंपे नवसृजित राशन कार्ड

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गरीब एवं वंचित परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की बिहार सरकार की प्रतिबद्धता के तहत गुरूवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने 12 चयनित लाभुकों के बीच नवसृजित राशन कार्ड



का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवसृजित राशन कार्ड एवं उचित मूल्य की दुकानों की अनुज्ञप्ति वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था। इसी क्रम में जिला स्तर पर भी राशन कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने लाभुकों को राशन कार्ड सौंपते हुए जनवितरण प्रणाली के माध्यम से निर्धारित खाद्यान्न एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। बिहार सरकार गरीबों, जरूरतमंदों एवं वंचित परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जमीन की रजिस्ट्री में बढ़ी हुई कीमत और रकबा दिखाकर की धोखाधड़ी

धोखाधड़ी की जानकारी होने पर रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री किया निरस्त
थाने के तिलक डूमर गांव का है मामला, प्राथमिकी दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाने के इजरा गांव के निवासी सिविल कोर्ट गोपालगंज के अधिवक्ता से जमीन की रजिस्ट्री कराने के दौरान दस्तावेज में कूट रचना करके अधिक कीमत तथा रकबा दर्ज कर दिया गया है।मामले को लेकर पीड़ित अधिवक्ता रवींद्र कुमार पांडेय ने तिलक डूमर गांव के कल्लू उर्फ कमलेश श्रीवास्तव तथा अन्य अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।कहा है कि खेती की जमीन के बदले सड़क किनारे की जमीन का विवरण दर्ज कराने के साथ ही कीमत और रकबा भी बढ़ा दिया गया। मामले का खुलासा होने पर मीरगंज रजिस्ट्री कार्यालय के रजिस्ट्रार ने संबंधित रजिस्ट्री निरस्त कर दी है।बताया जाता है कि रवींद्र कुमार पांडेय को तिलक डूमर गांव स्थित अपनी जमीन बेचनी थी। इसके लिए कल्लू ने दस धुर जमीन का सौदा 1.30 लाख रुपये में तय किया था। बाद में उसने दूसरी जमीन को बाजार मूल्य से चार लाख रुपए अधिक में बिकवाने का भरोसा देकर 1.85 लाख रुपये अग्रिम भी दिए।आरोप है कि रजिस्ट्री कार्यालय में विक्रय पत्र पर हस्ताक्षर कराने के बाद कल्लू और उसके सहयोगियों ने साजिश के तहत दस्तावेज में हेराफेरी कर दी। इसमें तीन लाख रुपये की कीमत को 30 लाख और 1.86 डिसमिल रकबे को बढ़ाकर 15.996 डिसमिल दर्ज कर दिया गया। साथ ही खेती की जमीन के स्थान पर सड़क किनारे की जमीन का विवरण अंकित कर दिया गया। गड़बड़ी की जानकारी मिलने पर रजिस्ट्रार ने रजिस्ट्री निरस्त कर दी।

मुखिया प्रतिनिधि से ढाई लाख की रंगदारी मांगने में भाजपा नेता पर प्राथमिकी

भोरे (दैनिक नवसंदेश) थाने के गोपालपुर पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप के निर्माण कार्य को लेकर मुखिया प्रतिनिधि से ढाई लाख रूपए की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भाजपा नेता पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।हीरा पाकड़ गांव के निवासी मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार पंडित ने भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष और बनकटा गांव के निवासी संतोष कुशवाहा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, छह अक्टूबर को सुबह वह मलचैर जा रहे थे। इसी दौरान बनकटा शिव मंदिर के पास आरोपित ने दो अज्ञात लोगों के साथ उनकी बाइक रोककर गाली-गलौज करते हुए योजना की राशि का पांच प्रतिशत यानी ढाई लाख रुपए रंगदारी मांगी। रुपए नहीं देने पर काम बंद कराने और मंत्री से शिकायत करने की धमकी भी दी गई। मुखिया प्रतिनिधि ने ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर से मंत्री को आवेदन भेजने का भी आरोप लगाया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

टीकाकरण वार्ड में ताला लटकने के मामले में स्वास्थ्य विभाग सख्त, 24 घंटे में मांगा जवाब

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय रेफरल अस्पताल के टीकाकरण वार्ड में दोपहर 12 बजे तक ताला लटके रहने और मासूम बच्चों सहित परिजनों के घंटों परेशान होने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। मीडिया में खबर प्रमुखता से आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इस घोर लापरवाही को अत्यंत गंभीरता से लिया है। मामले को बड़ा मसला मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है और अस्पताल प्रशासन से 24 घंटे के भीतर विस्तृत जवाब तलब किया है। स्वास्थ्य विभाग की इस सख्ती के बाद स्थानीय स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। विभाग ने बच्चों के नियमित टीकाकरण जैसी संवेदनशील और प्राथमिक सेवा में इस तरह की मनमानी व देरी को बेहद गंभीर माना है।

रोशनी से जगमगाया बलथरी चेकपोस्ट, छठी मइया के गीतों से गूंज रही बिहार की सीमा





बिहार लौट रहे प्रवासियों और श्रद्धालुओं का पारंपरिक अंदाज में हो रहा स्वागत

(चेक पोस्ट पर बना स्वागत द्वार)

(लाईट से सजा चेकपोस्ट)

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर बिहार सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से बिहार-उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित बलथरी चेकपोस्ट को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता चेकपोस्ट और भव्य स्वागत द्वार बिहार की सांस्कृतिक परंपरा एवं आतिथ्य सत्कार की अनूठी छवि प्रस्तुत कर रहा है।छठ महापर्व पर देश के विभिन्न राज्यों से अपने घर लौट रहे प्रवासियों और श्रद्धालुओं का बिहार की धरती पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है।चेकपोस्ट पर पहुंचते ही छठी मइया के मधुर और भक्तिमय गीतों की गूंज यात्रियों को पर्व के आध्यात्मिक माहौल से जोड़ रही है।इससे पूरे परिसर का वातावरण भक्तिमय और छठमय हो गया है।बलथरी चेकपोस्ट पर की गई आकर्षक सजावट और स्वागत की विशेष व्यवस्था लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।बिहार की सीमा में प्रवेश करते ही यात्रियों को अपनेपन और आत्मीयता का एहसास कराया जा रहा है। रोशनी से सजा स्वागत द्वार, छठी मइया के गीत और पारंपरिक स्वागत का यह अनूठा संगम बाहर से आने वाले लोगों को सुखद अनुभूति दे रहा है।छठ के अवसर पर बलथरी चेकपोस्ट की यह सजावट केवल स्वागत की व्यवस्था नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध संस्कृति, लोक आस्था, परंपरा और अतिथि सत्कार की भावना का भी संदेश दे रही है।

छठ घाटों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, साफ-सफाई व जलस्तर का लिया जायजा

व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को फुलवरिया प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान बैरागी टोला, बथुआ बाजार, लाढ़पुर, फुलवरिया और माड़ीपुर सहित विभिन्न गांवों के छठ घाटों का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव, अंचल पदाधिकारी बीरबल वरुण कुमार, फुलवरिया थानाध्यक्ष कुंदन कुमार और श्रीपुर थानाध्यक्ष सिंपी कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने घाटों पर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही तालाबों में पानी के जलस्तर की भी जांच की। साथ ही



(छठ घाट का निरीक्षण करते अधिकारी)

घाटों तक पहुंचने वाले रास्तों, व्रतियों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने घाटों पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को साफ-सफाई दुरुस्त रखने, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित पूर्व प्रखंड प्रमुख दिनेश साहू,स्थानीय, समाजसेवी डब्लू आलम के साथ-साथ मुखिया रामचंद्र राम, दिलीप बैठा सहित अन्य को पर्व के दौरान सहयोग की अपील की। पदाधिकारियों ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया गया।

नहीं रहे जेपी सेनानी पृथ्वीनाथ तिवारी

लंबी बीमारी के बाद 95 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस
गुरुवार को गांव के श्मशान घाट पर पंचतत्व में हुए विलीन

हथुआ (दैनिक नवसंदेश) लोकनायक जयप्रकाश नारायण के निकटतम सहयोगी, पूर्व पत्रकार एवं प्रखर समाजवादी विचारधारा के वाहक जेपी सेनानी पृथ्वीनाथ तिवारी का लंबी बीमारी के बाद बुधवार की शाम 95 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे हथुआ प्रखंड के बड़का गांव के निवासी थे। गुरुवार की दोपहर गांव स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनकी अंतिम यात्रा में आम से लेकर खास तक बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्वर्गीय तिवारी का जीवन संघर्ष, त्याग और सामाजिक प्रतिबद्धता की मिसाल रहा। उन्होंने अपनी पत्रकारिता की शुरूआत नवभारत टाइम्स से की थी। वर्ष 1974 के ऐतिहासिक छात्र आंदोलन में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई। इससे पूर्व वे डॉ. राममनोहर लोहिया एवं जननायक कपूर्री ठाकुर के साथ मिलकर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने में सक्रिय रहे। उनके योगदान को देखते हुए बिहार सरकार ने उन्हें जेपी सेनानी पेंशन के लिए चयनित किया था। उनके निधन पर



पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश ने पौधा अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। हथुआ के पूर्व विधायक राजेश सिंह कुशवाहा ने भी पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके पुत्रों राजेश तिवारी, अवधेश तिवारी एवं ओमप्रकाश तिवारी सहित शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। उनके निधन पर डॉ. सीपी सिंह, डॉ राम विष्णु प्रसाद, विंदेश्वरी ठाकुर, नागेंद्र तिवारी, अली मियां, ज्ञान प्रकाश, जयप्रकाश नारायण, डॉ. राकेश रंजन, नीपू पांडेय, प्रेम प्रकाश, संजय पांडेय, रिंकू सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पृथ्वीनाथ तिवारी का संघर्षशील जीवन और समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

सरकारी कार्यों में लापरवाही पर तीन राजस्व कर्मियों पर कार्रवाई

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने राजस्व कार्यों में गंभीर अनियमितता, सरकारी भूमि के संरक्षण में लापरवाही तथा दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन करने के आरोप में तीन राजस्व कर्मियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत संबंधित कर्मियों की दो से तीन वर्ष तक वेतनवृद्धि पर संचयी प्रभाव के बिना रोक लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि बब्लू कुमार पासवान, तत्कालीन राजस्व कर्मचारी, कुचायकोट द्वारा गंडक नहर की सरकारी भूमि को रैयती भूमि बताकर दाखिल-खारिज की संस्तुति किए जाने को गंभीर अनियमितता मानते हुए तीन वर्ष तक वेतनवृद्धि पर संचयी प्रभाव के बिना रोक लगाई गई है। इसी मामले में कुचायकोट तत्कालीन प्रभारी अंचल निरीक्षक विनोद राय द्वारा बिना स्वतंत्र जांच किए सरकारी भूमि के दाखिल-खारिज की संस्तुति देने के मामले में तीन वर्ष तक वेतनवृद्धि पर संचयी प्रभाव के बिना रोक लगाई गई है। साथ ही मो० शाहिद हुसैन, तत्कालीन राजस्व कर्मचारी, नगर परिषद गोपालगंज (वर्तमान में निलंबित, विजयीपुर) के विरूद्ध दाखिल-खारिज वादों में अनियमितता बरतने पर दो वर्ष तथा 18 वादों में 251 बार रैज़्ज़्प्ब्क्व्क्ष कर थ्थ्ब्ब (थ्थतेज प्द, थ्थतेज व्नज) नियम का उल्लंघन करने पर तीन वर्ष तक वेतनवृद्धि पर संचयी प्रभाव के बिना रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि सरकारी भूमि के संरक्षण, दाखिल-खारिज मामलों के निष्पक्ष एवं पारदर्शी निष्पादन तथा निर्धारित कार्यप्रणाली का अनुपालन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकारी भूमि को गलत तरीके से रैयती दशार्ना, बिना समुचित जांच के संस्तुति देना तथा फीफो नियमों का उल्लंघन करना गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। जिला पदाधिकारी ने सभी राजस्व पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के साथ करें। दाखिल-खारिज सहित सभी राजस्व मामलों में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें।

नीट की तैयारी का खर्च अब नहीं बनेगा बाधा, बिहार बोर्ड देगा मुफ्त कोचिंग

पटना में रहना-खाना और पढ़ाई सब मुफ्त

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) इंजीनियर और डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बड़ी पहल शुरू की है। अब जेइइ और नीट जैसी महंगी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को कोटा, दिल्ली या दूसरे शहरों में जाकर मोटी फीस खर्च करने की जरूरत नहीं होगी। बिहार बोर्ड पटना में मुफ्त आवासीय अनुशिक्षण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायेगा। इसमें पढ़ाई से लेकर रहने, खाने और स्वास्थ्य सुविधाओं तक की व्यवस्था पूरी तरह मुफ्त रहेगी। योजना का लाभ गोपालगंज जिले के विद्यार्थी भी उठा सकेंगे। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से शैक्षणिक सत्र 2027-29 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसके लिए छह नवंबर से ऑनलाइन आवेदन लिये जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 19 नवंबर निर्धारित की गयी है। योजना के तहत कुल 200 विद्यार्थियों का चयन होगा। इनमें जेइइ की तैयारी के लिए 100 और नीट के लिए 100 सीटें रखी गयी हैं। दोनों पाठ्यक्रमों में 50 छात्र और 50 छात्राओं को मौका मिलेगा। इस योजना की खासियत यह है कि विद्यार्थियों को कोटा, हैदराबाद, दिल्ली और कोलकाता के प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी शिक्षकों से पढ़ने का अवसर मिलेगा। स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई होगी। प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न पर हर महीने दो बार ओएमआर अथवा कंप्यूटर आधारित टेस्ट लिया जायेगा। इसके साथ ही विशेष कोर्स की अध्ययन सामग्री भी मुफ्त उपलब्ध करायी जायेगी। चयनित विद्यार्थियों के लिए पटना में मुफ्त आवास और भोजन की व्यवस्था होगी।ल। छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास बनाये गये हैं। सरकारी विद्यालय में नामांकन की सुविधा के साथ हर विद्यार्थी को प्रतिमाह 400 रुपये प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी। स्वास्थ्य जांच के लिए पुरुष और महिला डॉक्टर तथा प्राथमिक उपचार के लिए पूर्णकालिक नर्स उपलब्ध रहेंगी। बिहार बोर्ड, सीबीएसइ और आइसीएसइ सहित मान्यता प्राप्त बोर्ड से वर्ष 2027 में दसवीं की परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा। योजना में चयनित विद्यार्थियों को दसवीं पास करने के बाद बिहार बोर्ड से विज्ञान संकाय में इंटर की पढ़ाई करनी होगी। डीइओ अमरेंद्र कुमार पांडेय ने सभी विद्यालयों के माध्यम से योजना का प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया है। हाई स्कूल के प्रधानाध्यापकों को विद्यार्थियों तक इसकी जानकारी पहुंचाने और विद्यालय के सूचना पट्ट पर विवरण प्रदर्शित करने को कहा गया है, ताकि जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थी इस अवसर से वंचित नहीं रहें।

फेस रिकॉग्निशन और आइरिस स्कैन से बनेगी शिक्षकों की हाजिरी

करीब 15711 शिक्षकों पर लागू होगी नयी व्यवस्था
गड़बड़ी रोकने के लिए शिक्षा विभाग बदलने जा रहा उपस्थिति की व्यवस्था

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज जिले के सभी प्राथमिक, मध्य और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत करीब पंद्रह हजार सात सौ ग्यारह शिक्षकों की हाजिरी बनाने की व्यवस्था बदलने जा रही है। अब शिक्षक केवल मोबाइल से फोटो खींचकर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सकेंगे। स्कूल आने और जाने, दोनों समय फेस रिकॉग्निशन और आइरिस स्कैन के जरिये उनकी पहचान सुनिश्चित की जायेगी। फोटो के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी बनाने में गड़बड़ी की शिकायतों के बाद शिक्षा विभाग नयी तकनीक अपनाने की तैयारी में है। जिले के सभी सरकारी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू होने पर शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति की निगरानी आसान होगी। इसके तहत चेहरे और आंखों की पुतली का मिलान पहले से पंजीकृत डाटा से किया जायेगा। साथ ही मोबाइल लोकेशन से यह भी जांच होगी कि शिक्षक संबंधित विद्यालय परिसर में मौजूद हैं या नहीं।प्रस्तावित व्यवस्था के तहत शिक्षकों को अपने मोबाइल में शिक्षा विभाग का अटेंडेंस एप खोलना होगा। इसके बाद इ-केवाइसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उपस्थिति दर्ज करने के लिए एप में कैप्चर अटेंडेंस बटन पर क्लिक करना होगा। इस दौरान मोबाइल का फ्रंट कैमरा चालू रहेगा और शिक्षक को कैमरे के सामने अपना चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाना होगा। इसके बाद सिस्टम चेहरे की पहचान का मिलान पहले से पंजीकृत डाटा से करेगा।



हाजिरी की पूरी प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) तकनीक की मदद ली जायेगी। इसके जरिये शिक्षक के चेहरे और आंखों की पुतली से जुड़े आंकड़ों का पहले से दर्ज डाटा से मिलान किया जायेगा। सत्यापन के दौरान चेहरा स्पष्ट दिखना जरूरी होगा। इसके लिए चश्मा और मास्क हटाने जैसी शर्तें भी रखी जा सकती हैं। इससे किसी दूसरे की फोटो के जरिये हाजिरी बनाने जैसी गड़बड़ियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। नयी व्यवस्था में शिक्षकों को स्कूल पहुंचने और वहां से निकलने, दोनों समय हाजिरी बनानी होगी। इसके लिए इन और आउट अटेंडेंस की व्यवस्था रहेगी। सुबह विद्यालय पहुंचने पर पहली और स्कूल से निकलते समय दूसरी बार उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इससे शिक्षक के स्कूल पहुंचने और वहां से जाने का समय विभाग के डिजिटल रिकॉर्ड में दर्ज रहेगा। चेहरे और आंखों की पहचान के साथ मोबाइल की लोकेशन भी जांची जायेगी। इससे पता लगाया जा सकेगा कि शिक्षक विद्यालय परिसर में मौजूद हैं या नहीं। शिक्षा विभाग का उद्देश्य फोटो आधारित हाजिरी में होने वाली गड़बड़ियों को रोकना और सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रंगदारी और मारपीट, मामला दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के फतुहापर में कोर्ट के आदेश को ताक पर रखकर जमीन पर जबरन कब्जा करने और रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित राधा कृष्ण भगत ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित की जमीन को लेकर अदालत में मुकदमा विचाराधीन है और माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था। आरोप है कि इस आदेश के बावजूद, 24 अक्टूबर की सुबह देवेंद्र सिंह, मुन्ना भगत, सोनू भगत, जयप्रकाश भगत, लक्ष्मीना देवी, मणीन्द्र सिंह और धनेसर भगत समेत अन्य लोग ट्रैक्टर, लाठी, फरसा और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे। आरोपियों ने टीना के शेड को तोड़कर उसमें रखा सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लाद लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ धक्का-मुक्की की, अभद्र गलिया दीं और जान से मारने की धमकी दी।